

08:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 095 epaper.rashtriyakhabar.com वैशाख, कृष्णपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

वयसः परिणामेऽपि यः खलः खल एव सः।

सुपक्वमपि माधुर्यं नोपयातीन्द्रवारुणम्॥

**भावार्थ** : जो व्यक्ति दुष्ट है, वह परिपक्व अवस्था का हो जाने पर भी दुष्ट ही बना रहता है, जैसे इन्द्रायण का फल पक जाने पर भी मीठा नहीं होता, कड़क ही बना रहता है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 34.00 °c | 21.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.06 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.34 बजे

## कोविड संक्रमित मामले 28 हजार से पार

**नयी दिल्ली** : देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के छह हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 28 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 6050 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 28303 हो गयी है और संक्रमण दर 3.39 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 3320 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.75 प्रतिशत है। इसी अवधि में 178533 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 2334 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.66 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

## तेलंगाना में अगले 24 घंटे में ओलावृष्टि के आसार

**हैदराबाद** : तेलंगाना के कई जिलों के अलग-अलग जगहों पर अगले 24 घंटों में वर्षा, ओलावृष्टि और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आंधी चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मनचेरियल, निर्मल, निजामाबाद, जगतियाल, राजन्ना सिरसिला और कामारेड्डी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों में वर्षा, ओलावृष्टि और 40-50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार के साथ हवाएं चलने के अनुमान हैं। मौसम एजेंसी के अनुसार, राज्य के कुछ और अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार और शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछार पड़ने के आसार हैं। तेलंगाना में नौ से 11 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहने के अनुमान हैं। राज्य के हैदराबाद, मेडचल मलकजगिरी, रंगारेड्डी और कामारेड्डी जिले के अलग-अलग स्थानों पर पिछले 24 घंटों में ओलावृष्टि हुई है और यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सहारनपुर में बन रहा है सबसे बड़ा ऊंचा वन्य जीव गलियारा

**सहारनपुर** : उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के शिवालिक वन क्षेत्र में जंगल के ऊपर मोहण्ड क्षेत्र में 12 किलोमीटर लंबा ऊंचा वन्य जीव गलियारा बनाया जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा गलियारा होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्चाधिकारी पंकज मौर्य ने शुक्रवार को बताया कि इस एलीवेटिड एनिमल कोरीडोर के निर्माण के लिए साढ़े पांच सौ पिलर बनाए गए हैं जिन्हें आपस में जोड़ने का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। इन पिलर पर मोबाइल नेटवर्क के लिए टावर भी लगाए जाएंगे जिससे इस डार्क जोन में यात्रियों को मोबाइल के नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध हो सके। इस गलियारे का निर्माण सहारनपुर के थाना बिहारीगढ़ के गांव गणेशपुर से उत्तराखंड-देहरादून जिले के आशा रोड़ी तक किया जा रहा है। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह के मुताबिक इस हिस्से को वन्य जीव खासतौर से हाथियों के विचरण के लिए ऊंचे गलियारे के रूप में विकसित किया गया है। इसके नीचे से वन्य जीव आसानी से और सुरक्षापूर्वक विचरण कर सकेंगे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**शुभारंभ** › कौशांबी महोत्सव के उदघाटन के मौके पर बोले केंद्रीय गृह मंत्री

# कांग्रेस करे मैदान तैयार, भाजपा दो-दो हाथ करने को तैयार : शाह

- कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया
- फिर से तीन सौ से अधिक सीट जीतेंगे
- देश की जनता नरेंद्र मोदी को ही चाहती है



राष्ट्रीय खबर

**कौशांबी** : उत्तर प्रदेश के कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ करने शुक्रवार को पहुंचे गृहमंत्री अमितशाह ने बजट सत्र नहीं चलने देने का आरोप विपक्ष और विशेष रूप से कांगेस पर लगाते हुए तीखे हमले किये और 2024 में फिर से मोदी सरकार बनने का दावा करते हुए चुनौती दी कि कांग्रेस जहां चाहे वहां मैदान तैयार कर ले भाजपा मुकाबले को तैयार है। यहां कड़ा धाम के फसइया मैदान में तीन दिवसीय कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। उन्होंने 612 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन किया साथ ही सांसद खेल प्रतियोगिता के विजेता 3124 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इसके बाद गृह मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि 2024 में भाजपा लोकसभा के 300 से ज्यादा सीटें जीत कर फिर से केंद्र में सरकार बनाएगी नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने 2014 में नरेंद्र मोदी का भरोसा कर उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का काम किया और सपा बसपा कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। इसी प्रकार 2017 में उत्तर प्रदेश में जनता ने 325 सीटें भाजपा की झोली में डाल दिया और योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। उन्हें 2019 फिर मौका मिला कांग्रेस सहित विपक्षियों को हराकर केंद्र में भाजपा की सरकार बनी, नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। इसके बाद 2022 में जनता ने फिर भाजपा पर भरोसा किया और उत्तर प्रदेश में दोबारा योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने। उन्होंने जनता से सवाल किया कि 2024 में यूपी क्या करेगा। जवाब में मोदी मोदी के नारे लगने लगे। इस पर उन्होंने कहा कि केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के कोने कोने से मोदी मोदी की आवाज आ रही है ।देश की जनता 2024 में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को चाहती है । उन्होंने राहुल गांधी को निशाने में लेते हुए कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलो ने मिलकर बजट सत्र में संसद नहीं चलने दिया ऐसा पहली बार हुआ है कि बजट सत्र के दौरान एक दिन भी चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने अयोग्य ठहराया है। उन्हें इसके लिए ऊंची अदालत में जाना चाहिए । सुप्रीम कोर्ट ने जो कानून बनाया था उस कानून का राहुल गांधी ने कुछ नेताओं को बचाने के लिए विरोध किया और लागू नहीं होने दिया । उन्होंने कहा कि अदालत ने कोई

›› पेज 2 भी देखें

**कांग्रेस ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी कहते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है। लोकतंत्र खतरे में तो नहीं है बल्कि राहुल का परिवारवाद खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण को हमेशा बढ़ावा दिया । समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी उसी राह पर चली भाजपा ने जातिवाद परिवारवाद ,तुष्टिकरण को समाप्त कर रही है । उन्होंने कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लगातार विकास की राह पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनाए जाने में कांग्रेस सपा बसपा हमेशा रोड़ा अटकाते रहे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया गया शीघ्र ही मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा राम अपने स्थान पर स्थापित हो जाएंगे ।

अडाणी मुद्दे पर निर्मला ने राहुल को दोहरा चरित्र बताया

# केरल और राजस्थान पर चुप्पी साध लेते हैं



राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरुः** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी को बार बार एक ही अपराध करने वाला व्यक्ति बता दिया। जाहिर है कि उनके इस बयान के बाद कर्नाटक के चुनावी माहौल में और गर्मी आयेगी। दरअसल निर्मला सीतारमण ने यह भी जानना चाहा कि राहुल गांधी ने केरल सरकार द्वारा अडानी को लाभ देने और राजस्थान में कंपनी को एक सौर ऊर्जा परियोजना के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई। निर्मला सीतारमण ने अडानी मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निराधार आरोप लगाने के लिए आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा और उन्हें इस तरह के आरोप लगाने में बार बार अपराध दोहराने वाला बताया। सीतारमण ने बेंगलुरु में राज्य भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा, अगर राहुल गांधी वास्तव में सोचते हैं कि अडानी को ये सब चीजें (अनुचित लाभ) दी गई हैं, तो यह सच नहीं है। मुझे यह भी कहना है कि वह अब प्रधान मंत्री के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने के मामले में बार-बार अपराधी बन रहे हैं। हमने देखा कि 2019 के चुनावों से पहले, अब वह इसे फिर से कर रहे हैं। वह इन सभी झूठे आरोपों से कोई सबक नहीं सीखते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वह प्रधानमंत्री के खिलाफ आरोप लगाना चाहते हैं। उन्होंने उल्टा सवाल किया कि राहुल गांधी ने केरल सरकार द्वारा अडानी को अनुचित पक्ष और राजस्थान में कंपनी को एक सौर ऊर्जा परियोजना के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई। यह (तत्कालीन) कांग्रेस सरकार (केरल में) थी, जिसने अडानी को विझिंजम पोर्ट थाली में सजाकर दिया था। यह किसी निविदा के आधार पर नहीं दिया गया था। अब वहां (कांग्रेस) सरकार नहीं है, बल्कि सीपीएम सरकार है। लेकिन उन्हें यह पूछने और मांग करने से किसने रोका कि केरल उस

›› पेज 2 भी देखें

संसद में जेपीसी पर हंगामे के बीच ही नया कानून लागू

# भ्रामक समाचारों को रोकने की अधिसूचना जारी



- अधिकारी तय करेंगे खबरों की सत्यता
- पत्रकारों पर भी लागू होंगे यह नियम
- कई संगठनों ने इसे नई चाल बताया

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने गुरुवार, 6 अप्रैल को उस कानून को प्रभावी कर दिया, जिसे फर्जी और भ्रामक खबरों को रोकने के लिए लाये जाने की बात कही गयी है। सरकार द्वारा अधिसूचित मानदंडों को मध्यस्थों पर अनिवार्य बना दिया गया है। सोशल मीडिया को भी मध्यस्थ के रूप में परिभाषित किया गया है। नकली, झूठे प्रकाशित, साझा या होस्ट नहीं करने के लिए या केंद्र सरकार के किसी भी व्यवसाय के संबंध में भ्रामक जानकारी की शर्त इसमें शामिल है। यानी सरकार के खिलाफ किसी भी खबर को इस कानून के तहत अपराध माना जा सकता है। इसके लिए सरकार की तथ्य-जांच इकाई नकली, झूठी या भ्रामक जानकारी की पहचान करेगी। सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 को संशोधित करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की गजट अधिसूचना गुरुवार को जारी की गई।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बताया कि सरकार ने एमईआईटीवाई के माध्यम से एक इकाई को अधिसूचित करने का फैसला किया है और वह संगठन ऑनलाइन सामग्री के सभी पहलुओं और केवल उन सामग्री के लिए

›› पेज 2 भी देखें

# गरमाने लगा है कर्नाटक में विधानसभा चुनाव का माहौल

**भाजपा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प**



**यादगीरः** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले यादगीर जिले में कांग्रेस और जनतादल (एस) कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की घटना के कुछ दिन बाद भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प का मामला सामने आया है। यह घटना गुरुवार को शोरापुर निर्वाचन क्षेत्र में हुई, जिसमें अनेक वाहनों को नुकसान पहुंचा और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प तब शुरू हुई जब कांग्रेस से टिकट की आशा रखने वाले राजा वेंकटप्पा नायक आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद एक मंदिर के मेले में शामिल होने पहुंचे। वहां पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री नायक के मंदिर मेले में शामिल होने का विरोध किया। इससे दोनों दलों के समर्थकों के बीच झड़प हो गई, पथराव किया गया और कारों तथा अन्य वाहनों में तोड़फोड़ किया गया। इस झड़प में 10 लोग घायल हो गए, पुलिस ने भाजपा और कांग्रेस नेताओं राजू गौड़ा एवं श्री नायक के खिलाफ मामला दर्ज किया साथ ही 18 लोगों को गिरफ्तार किया। घटना का संज्ञान लेते हुए यादगीर जिले के उपायुक्त ने शोरापुर निर्वाचन क्षेत्र में दो दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

राष्ट्रपति ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज उत्सव-2023 का उद्घाटन किया

# हाथियों के संरक्षण से पर्यावरण की चुनौतियों से लड़ पाएंगे : द्रौपदी मुर्मू

- प्रकृति और मानवता के बीच पवित्र संबंध
- पार्क की सफारी का आनंद भी लिया उन्होंने
- सूखोई विमान से उड़ान भरने का भी प्रोग्राम



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटीः** तीन दिवसीय दौरे पर असम पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू । आज मुर्मू ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज उत्सव-2023 का उद्घाटन किया।इस अवसर पर बोलते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति और मानवता के बीच एक बहुत ही पवित्र संबंध है। प्रकृति का सम्मान करने की संस्कृति हमारे देश की पहचान रही है। भारत में प्रकृति और संस्कृति को एक-दूसरे से जोड़ा गया है और एक-दूसरे से पोषण प्राप्त होता रहा है। हमारी परंपरा में हाथियों का सबसे ज्यादा सम्मान किया गया है। इसे समृद्धि का प्रतीक माना गया है। यह भारत का राष्ट्रीय विरासत पशु है। इसलिए हाथियों की रक्षा करना हमारी राष्ट्रीय विरासत को संरक्षित करने की हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुर्मू ने कहा है कि अगर गहराई से विचार किया जाए तो, यह स्पष्ट होता है कि जो कार्य प्रकृति और पशु-पक्षियों के लिए हितकारी है, वह मानवता के भी हित में है। धरती माता के हित में भी है। हाथियों के संरक्षण से सभी देशवासियों को लाभ होगा। साथ ही क्लाइमेंट की चुनौतियों का सामना करने में भी सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे प्रयासों में सरकार के साथ-साथ समाज की भी भागीदारी है। प्रकृति और मानवता के बीच एक बहुत पवित्र रिश्ता है। यह रिश्ता ग्रामीणों और आदिवासी समाज में आज भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित प्रोजेक्ट एलिफेंट के

›› पेज 2 भी देखें

**जानकारी** › वैश्विक गर्मी हमारे लिए दूसरा खतरा भी बढ़ाता जा रहा है

# खतरनाक विषाणु स्वरुप बदल रहे हैं

**बर्फ पिघलने से अनेक अज्ञात वायरस निकले**


राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** इस बात की जानकारी सबसे पहले चीन के कब्जे वाले तिब्बत के इलाके से हुई थी। वहां अत्यधिक गर्मी की वजह से जब बर्फ गल गये तो उसमें दबे पड़े अनेक विषाणु फिर से सक्रिय हो गये। इसके बाद अंटार्कटिका से भी ऐसा ही संकेत मिला। इससे पता चला कि अत्यधिक ठंड की वजह से ऐसे विषाणु बर्फ के नीचे निष्क्रिय पड़े हुए थे। सूरज की रोशनी मिलते ही वे फिर से सक्रिय हो उठे। अब इससे आगे के खतरे का पता चला है। यह पाया गया है कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, पैथोजन के म्यूटेशन बढ़ते जाते हैं, जिससे नए संक्रमित होने की चिंता पैदा होती है। हमारी दुनिया ऐसे सुक्ष्म जीवों से भरी पड़ी है। इनमें बैक्टेरिया और वायरस स्पष्ट रूप से खतरे हैं। हमलोगों ने अभी हाल ही में कोरोना महामारी से इसके खतरे को झेला भी है। लेकिन जिन रोगजनकों के बारे में हमें अभी तक नहीं सोचना पड़ा है, वे भी सक्रिय हो रहे हैं। ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के एक नए अध्ययन से पता चलता है कि

›› पेज 2 भी देखें

**8 गर्म मौसम में तेजी से बढ़ते भी हैं**

**इनमें से कई के बारे में जानकारी नहीं**



**पोस्टडॉक्टोरल शोधकर्ता आसिया गुसा पीएच.डी. ने कहा**

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज की कार्यवाही में 20 जनवरी को निष्कर्ष दिखाई दिए। पोस्टडॉक्टोरल शोधकर्ता आसिया गुसा पीएच.डी. ने कहा, ये चलंत तत्व पर्यावरण में और संक्रमण के दौरान अनुकूलन में योगदान दे सकते हैं। गुसा ने कहा, संचारी अर्थों में ये संक्रामक रोग नहीं हैं; हम एक-दूसरे को कवक नहीं पहुंचाते हैं। लेकिन यह सारे विषाणु हवा के संपर्क में आने के बाद क्या करेंगे, यह पता भी नहीं है। इस बारे में जो खास चेतावनी दी गयी है वह फंगल इंजेक्शनों के बारे में है। फंगल विषाणु आमतौर पर वायरस से बड़े होते हैं, इसलिए कोविड के खिलाफ फेस मास्क का आपका मौजूदा स्टॉक शायद उन्हें रोकने के लिए पर्याप्त होगा। वह, और आपके शरीर की गर्मी, अभी के लिए। गुसा ने कहा, फंगल रोग बढ़ रहे हैं, मुख्य रूप से उन लोगों की संख्या में वृद्धि के कारण जो प्रतिरक्षा प्रणाली या अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियों को कमजोर कर चुके हैं। लेकिन साथ ही, रोगजनक कवक भी गर्म तापमान के अनुकूल हो सकते हैं।

भीषण जलसंकट से जूझते इस अमेरिकी इलाका के जलागार भरे

# तूफान की तबाही भी कैलिफोर्निया के लिए वरदान साबित



राष्ट्रीय खबर

**फोलसोम** (कैलिफोर्नियाः कैलिफोर्निया में भीषण सूखा पड़ा हुआ था। इस दौरान प्रमुख जलाशयों में जल स्तर इतना नीचे गिर गया कि नावें सूखी, टूटी हुई भूमि पर बैठ गईं और कारों को फोलसम झील के केंद्र में ले जाया गया। अब पूरे कैलिफोर्निया में शक्तिशाली तूफानों की एक श्रृंखला के बाद रिकॉर्ड मात्रा में बारिश और हिमपात के बाद वे दृश्य नहीं हैं। जो इलाके पिछले तीन वर्षों से पानी की कमी को झेल रहे थे, वहां के सारे जलाशय लबालब भरे हुए हैं। अब, कैलिफोर्निया के 17 प्रमुख जलाशयों में से 12 वसंत की शुरूआत के लिए अपने ऐतिहासिक औसत से ऊपर भर गए हैं। इसमें

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### सरकार ने घोटालों में अपना नाम दर्ज किया : आशा

**रांची** :भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने अब तक ऐसा कोई कार्य नहीं किया जिससे इस राज्य का विकास हो सके। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की इस सरकार ने घोटालों में ही अपना नाम दर्ज किया है। मनरेगा, नल-जल योजना, मध्याह्न भोजन योजना, गरीबों का अनाज हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में दवाओं की खरीद, इन सभी योजनाओं की जांच की जाए तो घोटाला ही घोटाला नजर आएगा।उन्होंने कहा कि राजधानी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं को हेमंत सोरेन की सरकार अपनी उपलब्धि बता रही है। कांटाटोली फ्लाईओवर हो या रातू रोड का एलिवेटेड रोड, सिरमटोली से मेकॉन तक ब्रिज निर्माण की योजना हो या जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा पार्क, इसकी तैयारी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में ही की गई।

**खुलासा**

## ईडी को मिले सबूत, कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र

# सलाखों के पीछे से भी साहिबगंज में अवैध खनन करवा रहा है पंकज मिश्रा

▶▶ दो दिनों की जांच के दौरान ड्रोन कैमरे से फोटो और विडियो भी जुटाये गये हैं

राष्ट्रीय खबर






**रांची:** झारखंड में अवैध खनन की जांच कर रही ईडी ने नया खुलासा किया है। ईडी की जांच में पता चला है कि साहिबगंज के मंडरो अंचल स्थित सिवरिया मौजा के नीबू पहाड़ पर प्लाट नंबर 69पी, 70पी, 71पी और 73 पी में धड़ल्ले से अवैध खनन चल रहा है। बीते बुधवार और गुरुवार को लगातार दो दिन नये सिरे से ईडी की टीम ने इलाके में जांच की। जांच में ईडी के साथ मंडरो रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर जितेंद्र दुबे, माइनिंग ऑफिसर विभुति कुमार, मंडरो सीओ नरेश मुंडा, राजमहल सब रजिस्टार मनोज टुडू, झारखंड स्टेट पॉल्यूशन बोर्ड के रिजनल ऑफिसर कमलकांत पाठक सहित कई अधिकारी मौजूद थे। दो दिनों की जांच के दौरान ड्रोन कैमरे से फोटो और विडियो भी जुटाये गये हैं। जांच में पाया गया कि नीबू पहाड़ इलाके में अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है, अवैध माइनिंग स्थल से सड़क तक भारी वाहनों के चक्कों के निशान भी मिले हैं।

अवैध खनन रात को किया जाता था। पहाड़ की सबसे उंचाई वाले इलाके में अवैध खनन के सबूत मिले हैं।कई जगह ब्लास्ट कर पहाड़ को उडाये जाने के भी सबूत मिले हैं। अवैध खनन जेल में बंद सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और विष्णु यादव के संरक्षण में चल रहा था। ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि जेल में बंद पंकज मिश्रा अब भी अवैध खनन करा रहा है। पूरे मामले को लेकर ईडी साहिबगंज एसपी को पत्र लिखा है, जिसमें कार्रवाई के लिये कहा गया है।अवैध खनन की जांच कर रही ईडी साहिबगंज में लगातार दबिश दे रही है।

ईडी की टीम ने साहिबगंज में 25 जुलाई 2022 से 29 जुलाई 2022 तक अवैध खनन को लेकर सर्वे किया था। इसके बाद बैखोफ होकर दोबारा अवैध खनन शुरू कर दिया गया। करीब आठ महीने से नीबू पहाड़ वाले इलाके में योजनाबद्ध तरीके से अवैध खनन किया जा रहा था। दोबारा जांच यह भी सामने आया है कि अवैध खनन क्षेत्र का दायरा बढ़ा है। इलाके में कई जगह ताजा अवैध खनन पाया गया, कई जगह ब्लास्ट की तैयारी थी। पहाड़ को ब्लास्ट किये जाने के भी सबूत मिले हैं।

## जगरनाथ महतो गरीबों के मसीहा

### शोषितों के हित में बिना किसी दलीय पूर्वाग्रह के खड़े रहे: अन्नपूर्णा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि जगरनाथ महतो का असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक और झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। कहा कि जगरनाथ महतो के साथ झारखंड विधानसभा के सदस्य के तौर पर लम्बे अरसे तक काम करने का अवसर मिला और जनहित के कई मुद्दों पर हमने साथ-साथ संघर्ष किया था। हाल के दिनों में राज्य के शैक्षणिक विकास के लिए उनके साथ कई बार लम्बा विमर्श हुआ था, कुछ बिंदुओं पर हम मिलकर काम करना चाहते थे।अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जब भी गरीबों, वंचितों, शोषितों, पिछड़ों के हितों की बात आई, बगैर किसी दलीय पूर्वाग्रह के जगरनाथ महतो साथ खड़े हुए। राज्य में शिक्षा व्यवस्था में सुधार का प्रश्न हो, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नए विद्यालयों की स्थापना या शिक्षा जगत से जुड़ा कोई अन्य विषय हो, जगरनाथ जी सदैव मुखर रहे। झारखंड में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर लम्बे समय से उनके साथ विमर्श चल रहा था और उन्होंने इसके लिए राज्य में शैक्षणिक आधारभूत संरचना के विस्तार की प्रतिबद्धता भी प्रकट की थी। एक विधायक के तौर पर झारखंड विधानसभा में साथ-साथ काम करते हुए उनसे काफी कुछ सीखने को भी मिला था।

## नियोजन नीति की मांग को लेकर छात्रों ने 10 अप्रैल को बुलाया बंद

# युवा कांग्रेस ने आंदोलन का किया समर्थन

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड में नई नियोजन नीति और 60-40 क विरोध में झारखंड के विभिन्न छात्र संगठनों ने 10 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। भाजपा और खासकर भाजयुमो ने छात्रों के इस बंद का समर्थन किया है। वहीं, अब झारखंड यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने भी नियोजन नीति को लेकर छात्रों के प्रस्तावित झारखंड बंद का नैतिक समर्थन देने की बात कही है। छात्रों के झारखंड बंद को लेकर युवा कांग्रेस के रुख को लेकर पूछे गए सवाल पर झारखंड यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि वह उन युवाओं के साथ है और उनके मुद्दों का समर्थन करते हैं।झारखंड कांग्रेस के यूथ अध्यक्ष ने कहा कि अभी तक झारखंड बंद कराने वालों ने उनसे संपर्क नहीं किया है। अगर वे उनसे संपर्क करते हैं तो हर यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता उनके आंदोलन में सशरीर उपस्थित होगा। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि वे सिर्फ बोलकर समर्थन नहीं करते बल्कि नैतिक समर्थन भी करते हैं।झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में यूथ कांग्रेस की बैठक संपन्न हो हुई। इस बैठक में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद देश के 140 करोड़ जनता की आवाज बनकर सवाल पूछा तो केंद्र की भाजपा सरकार उन्हें प्रताड़ित करने लगी। यूथ कांग्रेस ने कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गांधी के उठाये सवाल को जोरदार ढंग से उठाते रहने का फैसला लिया गया है। महंगाई और बेरोजगारी के के खिलाफ युवा कांग्रेस ने हाल ही में सभी टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद अब आने वाले दिनों में भी युवा कांग्रेस राहुल गांधी के उठाये सवाल को जनता के बीच ले जाएगी।नियोजन नीति और 60-40 के विरोध में बुलाये गए झारखंड बंद को युवा कांग्रेस के सशर्त समर्थन वाला बयान इसलिए खास है क्योंकि राज्य में महागठबंधन की सरकार में कांग्रेस शामिल है। भाजपा तथा भाजयुमो ने भी छात्रों के आंदोलन को समर्थन देने की पहले से ही घोषणा कर रखी है। ऐसे में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का बयान चर्चा में है।

# होली टूरिस्ट कॉरिडोर से जुड़ेंगे पारसनाथ, रजरप्पा और देवघर



राष्ट्रीय खबर

रांची:औद्योगिक और पर्यटन विकास की गति तेज करने के लिए झारखंड में इंटरनेशनल स्तर की छह सड़कें बनेंगी। पारसनाथ, रजरप्पा और देवघर होली टूरिस्ट कॉरिडोर से जुड़ेंगे। इसकी सैद्धांतिक सहमति सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष में दे दी थी। सरकार अब इसके लिए डीपीआर बनाने का काम शुरू करने जा रही है। फिर इसे केंद्र सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजी जायेगी। केंद्र की मंजूरी मिलते ही इन सड़कों को निर्माण कार्य इसी साल शुरू हो जाएगा। यह केंद्र और राज्य संपोषित स्कीम होगी। इसके तहत राज्य के कई पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की यात्रा सुगम होगी तथा एक- दूसरे से जुड़ जाएंगे। इससे न केवल राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों को आने -जाने में सुविधा होगी, बल्कि पर्यटन से जुड़े व्यापार एवं अन्य औद्योगिक विकास होंगे। ये सड़कें फोरलेन कॉरिडोर होंगी, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की होंगी। इनके बन जाने से कम समय में अधिक दूरी तय की जा सकेगी।सरकार ने राज्य के दो बड़े पयर्टन एवं धार्मिक स्थल को आपस में जोड़ने का मन बनाया है। इसमें गिरिडीह का पारसपाथ और देवघर शामिल है। इसकी दूरी कम करने के साथ यहां पहुंचने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को लुभाने के लिए होली टूरिस्ट कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का प्लान बनाया है। इस प्रोजेक्ट में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रजरप्पा का छिन्नमस्तिके मंदिर भी जुड़ेगा, जहां पूरे देश से श्रद्धालु जुटते हैं। होली टूरिस्ट कॉरिडोर की दूरी करीब 170 किमी होगी, जो रांची से शुरू होकर ओरमांझी- गोला- रजरप्पा- डुमरी होते हुए गिरिडीह भाया देवघर तक तक जाएगी। इससे रांची से रजरप्पा, देवघर और गिरिडीह की पारसनाथ पहाड़ी की यात्रा सुगम हो जाएगी।सरकार ने टूरिस्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नेतरहाट और मैक्लुस्कीगंज को भी फोकस किया है। जहां पर हर दिन देश- विदेश के पर्यटक भारी संख्या में पहुंचते हैं। सरकार ने इसे ध्यान में रखते हए टूरिस्ट कॉरिडोर नाम से एक फोर लेने बनाने की योजना बनायी है। सरकार टूरिस्ट कॉरिडोर के नाम से करीब 270 किमी का फोर लेन बनाएगी, जो सिल्ली रंगामाटी रोड से सारजमडीह, तमाड़, लातेहार, हेरहंज, बालूमाथ, मैक्लुस्कीगंज भाया चामा मोड़ तक जाएगी।

## पर यूटर्न बयान के पीछे क्या समझौते हुए:दीपक प्रकाश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज कांग्रेस प्रदेश प्रभारी को उनके ही बयान को लेकर कटघरे में खड़ा किया। प्रकाश ने कहा कि दो दिन पहले राज्य सरकार में शामिल कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों को विफल बताने वाले कांग्रेस प्रभारी के बयान में यूटर्न क्यों आ गया।उन्होंने कहा कि आखिर दो दिनों में मंत्रियों ने राज्य हित में कौन से ऐतिहासिक कार्य कर दिए जिसके कारण प्रभारी जी की नजरों में वे योग्य और काबिल हो गए। और उनके नही बदले जाने की बात अविनाश पांडेय जी ने कर दी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी जी का आखिर मंत्रियों के साथ क्या आंतरिक समझौता हुआ यह उन्हें सार्वजनिक तौर पर बताना चाहिए। प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार की तानाशाही में राज्य सरकार के मंत्रियों के खिलाफ बयान देना कांग्रेस प्रभारी को महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार में सहभागी भी और समर्थन में आंदोलन भी करती है। इसलिए बयानो के द्वारा जनता की नजरों में अच्छा बनने की कोशिश कांग्रेस पार्टी को नही करना चाहिए।

**दबिश**

## शहर में पनाह लेने की कोशिश में नक्सली

# पुलिस डॉक्टर-हकीम तक पर रख रही नजर

▶▶ पुलिस की सक्रियता इसी से समझी जा सकती है

▶▶ इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोलियां लगी है,

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ चल रही निर्णायक लड़ाई के बीच हर दिन नक्सलियों को कोई ना कोई बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। कभी मुठभेड़ में उनके बड़े कमांडर मारे जा रहे हैं तो कभी गिरफ्तार कर लिया जा रहे हैं। आलम यह है कि पुलिस की कार्रवाई से घबराए कई छोटे और बड़े नक्सली शहरों में पनाह लेने की कोशिश कर रहे हैं। जो शहर में पनाह लेने की कोशिश कर रहे हैं उनमें से कुछ पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में घायल हुए हैं। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। पुलिस की सक्रियता इसी से समझी जा सकती है कि वे लोग गांव के वैद्य हकीम तक पर नजर रखे हुए हैं।झारखंड के चतरा जिले में पिछले सप्ताह पुलिस के साथ हुए जबरदस्त मुठभेड़ में एक साथ पांच इनामी नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोलियां लगी है, जबकि कई भागने के क्रम में चोटिल हुए है। ऐसे नक्सली कैडर शहरी इलाकों में पनाह लेने के लिए कोशिश कर रहे हैं। ताकि पुलिस सेवन की जान बच सके, चतरा मुठभेड़ से बचकर भागे एक नक्सली कमांडर को दो दिन पहले ही पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चुकी चतरा जिला का घोर नक्सल प्रभावित इलाका राजधानी रांची से भी सटा हुआ है ऐसे में अंदेशा जताया जा रहा है कि कुछ नक्सली राजधानी में भी पनाह ले सकते है या फिर वे इलाज के लिए निजी अस्पतालों का सहारा ले सकते हैं।नक्सलियों के शहर में पनाह लेने की सूचना मिलने के बाद रांची, चतरा और लातेहार बॉर्डर पर पुलिस के द्वारा जबर्दस्त अभियान छेड़ दिया गया है। राजधानी रांची से सटे हुए चतरा का भी बॉर्डर पड़ता है इसके अलावा लातेहार का भी ऐसे में इन इलाकों में गहन सर्च ऑपरेशन पुलिस और जगुआर के द्वारा चलाया जा रहा है। ताकि अगर नक्सली कहीं भी छिपे हों तो उन्हें ढूंढ कर निकाला जा सके। रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बड़े पैमाने पर फोर्स को जंगल में उतारा गया है। राजधानी का कोयला क्षेत्र नक्सलियों के लिए काफी मुफीद रहा है ऐसे में उन इलाकों में भी विशेष चौकसी बरती जा रही है। रांची पुलिस के द्वारा रांची से सटे चतरा लातेहार और लोहरदगा बॉर्डर पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। इसके अलावा आसपास के जो भी चिकित्सा से संबंधित लोग हैं उन पर भी नजर रखी जा रही है। रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि न सिर्फ निजी अस्पताल बल्कि सरकारी अस्पताल और वैद्य-हकीमों के घर पर भी एसपीओ और चौकीदार के माध्यम से नजर रखी जा रही है कि कहीं उनके यहां कोई संदिग्ध व्यक्ति इलाज तो नहीं करवा रहा है।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस करे मैदान तैयार .. ..

पहली बार राहुल गांधी को ही सजा नहीं दी है बल्कि इसके पहले भी 17 विधायक और सांसदों की सदस्यता समाप्त की जा चुकी है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा का विरोध करने के लिए मैदान तय कर ले, भाजपा दो दो हाथ करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि 2025 में प्रयागराज में लगने वाले कुंभ मेला की तैयारी के लिए मंडल के सभी जनपदों को मानसिक रूप से तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का प्रयास है कि विकास एवं प्रत्येक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर किसान , नौजवान और मजदूर सभी को बिना भेदभाव को मिल सके।

### केरल और राजस्थान पर .. ..

आदेश को रद्द कर दे? राजस्थान में (कांग्रेस शासित) अडानी को संपूर्ण सौर ऊर्जा परियोजना दी गई है। इन मुद्दों पर बोलने से राहुल गांधी को कौन रोक रहा है।

### भ्रामक समाचारों को .. ..

तथ्य-जांचकर्ता होगा। यह फैसला तब आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया वन पर लगे सरकारी प्रतिबंध को गलत करार दिया है। विभागीय मंत्री ने कहा कि गूगल, फेसबुक और ट्विटर जैसी इंटरनेट कंपनियां सरकार द्वारा अधिसूचित तथ्य-जांचकर्ता द्वारा झूठी या भ्रामक जानकारी के रूप में पहचान की गई सामग्री को हटाने में विफल रहने पर सुरक्षा खो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रेस और सूचना ब्यूरो (पीआईबी) को आईटी नियमों के तहत तथ्य-जांचकर्ता होने के लिए अधिसूचित करने की आवश्यकता है।

### हाथियों के संरक्षण से .. ..

तीस वर्ष पूरे हो रहे हैं। गजोत्सव-23 का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। हाथियों की सुक्षा करना, उनके प्राकृतिक आवास को बनाए रखना और एलिफेंट कॉरिडोर को बाधा रहित रखना इस प्रोजेक्ट के मुख्य उद्देश्य हैं। साथ ही मानव और हाथी के बीच संघर्ष से जुड़ीं समस्याओं का समाधान करना इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य भी है और चुनौती भी है। ये सभी उद्देश्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

मानव और हाथियों का संघर्ष सदियों से एक मुद्दा बना हुआ है। उन्होंने कहा प्रचीन कवि त्रिपुरारी पाल के लेख का उल्लेख करते हुए कहा, उन्होंने लिखा है कि हाथियों को बंधन में बांधकर मानव को अपने को बुद्धिमद्धता का गर्व नहीं करना चाहिए। यह तो हाथी का शांत और विनयशील स्वाभाव है कि वह बंधन को स्वीकार कर रहा है। अगर वह क्रोध में आकर अपनी विनयशीलता को छोड़ दे, तो वह सब कुछ तहस-नहस कर सकता है। उन्होंने कहा, हमारी परंपरा में हाथी यानि गजराज सबसे अधिक सम्मानित रहे हैं। पूजा में सबसे पहले गजानंद की पूजा सबसे पहले होती है। हाथी भी मनुष्य की तरह एक सामाजिक प्राणी है। वह परिवार के साथ और समूह में रहता है।

इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बोकाखाट में राज्य के वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां उन्होंने बागोरी रेंज में जीप सफारी की। अधिकारियों ने बताया कि असम दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जीप सफारी का आनंद लिया। राष्ट्रपति ने पार्क के अंदर हाथियों को खाना भी खिलाया।

राष्ट्रपति शुक्रवार दोपहर में गुवाहाटी के लिए रवाना हो जाएंगी, जहां वह माउंट कंचनजंगा अभियान-2023 को हरी झंडी दिखाएंगी। साथ ही शाम को गौहाटी उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह में भाग लेंगी। असम यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन यानी शनिवार को राष्ट्रपति तेजपुर का दौरा करेंगी। यहां वह वायुसेना केंद्र से सुखोई 30 लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। इससे पहले 2009 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने अग्रिम मोर्चे के लड़ाकू विमान में उड़ान भर चुकी हैं।

गौरतलब है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार से तीन दिवसीय असम दौरे गुरुवार दोपहर बाद असम पहुंची हैं। हवाई अड्डे पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनका स्वागत किया था। राष्ट्रपति की अगवानी के लिए राज्यापल गुलाब चंद कटारिया भी हवाई अड्डे पर मौजूद रहे।

### खतरनाक विषाणु स्वरुप...

बढ़ा हुआ तापमान एक रोगजनक कवक का कारण बनता है जिसे क्रिप्टोकोकस डीनोफोर्मन्स के रूप में जाना जाता है, जो इसके अनुकूली प्रतिक्रियाओं को ओवरड्राइव में बदल देता है। इससे इसके आनुवंशिक परिवर्तनों की संख्या बढ़ जाती है, जिनमें से कुछ संभावित रूप से उच्च ताप प्रतिरोध की ओर ले जा सकते हैं, और अन्य शायद अधिक रोग पैदा करने की क्षमता की ओर।

इसी बदलाव के दौर में कुछ ऐसा भी हो सकता है, जिसके हमले का आकलन नहीं किया गया है और उसके प्रतिरोध की चिकित्सा व्यवस्था भी हमलोगों ने अब तक विकसित नहीं की है। विशेष रूप से, उच्च गर्मी कवक के ट्रांसपोजेबल तत्वों, या कूदने वाले जीनों को अधिक बनाती है, उठती है और कवक डीएनए के भीतर घूमती है, जिससे इसके जीनों के उपयोग और विनियमित होने के तरीके में परिवर्तन होता है। गुसा ने कहा कि रोगजनक कवक के बारे में गंभीर होने का समय आ गया है। इस प्रकार के तनाव-उत्तेजित परिवर्तन पर्यावरण और संक्रमण के दौरान कवक में रोगजनक लक्षणों के विकास में योगदान दे सकते हैं। वे हमारी अपेक्षा से तेजी से विकसित हो सकते हैं।

### तूफान की तबाही भी .. ..

फॉल्सम झील शामिल है, जो अमेरिकी नदी के साथ-साथ पानी के प्रवाह को नियंत्रित करती है, साथ ही राज्य का दूसरा सबसे बड़ा जलाशय और देश के सबसे ऊंचे बांध का घर ओरोविल झील भी शामिल है। यह देश के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में पानी की उपलब्धता में आश्चर्यजनक बदलाव है। पिछले साल के अंत में लगभग पूरा कैलिफोर्निया सूखे की चपेट में था, जिसमें अत्यधिक और असाधारण स्तर भी शामिल थे। कुएँ सूख गए, किसानों को खेती के लिए पानी नहीं मिल रहा था। कई इलाकों में तो पानी की चोरी तक होने लगी थी। जब व्यापक बाढ़ आई और घरों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा, और सिएरा नेवादा पहाड़ों में 700 इंच (17.8 मीटर) तक बर्फवारी हुई। राज्य के बहुत छोटे हिस्से को छोड़कर कैलिफोर्निया अब सूखे की चपेट में नहीं है।

सूखे की मार झेल रहे सभी बारिश और हिमपात नई चुनौतियां ला सकते हैं। कुछ जलाशय इतने भरे हुए हैं कि तूफानी अपवाह और हिमपात के लिए जगह बनाने के लिए पानी छोड़ा जा रहा है जो इस वसंत और गर्मियों में बाढ़ का कारण बन सकता है, थके हुए जल प्रबंधकों और आपातकालीन उत्तरदाताओं के लिए यह एक नई समस्या है। तूफान ने सिएरा नेवादा पहाड़ों में रिकॉर्ड पर सबसे बड़े स्नोपैक्स में से एक बनाया है। नेमेथ ने कहा, हम जानते हैं कि बर्फ पिघलने के कारण बाढ़ आएगी। हमारी नदियों और चैनलों में समायोजित करने और तटबंधों के बीच चीजों को रखने के लिए बहुत अधिक हिमपात है। जलाशय अपने ऐतिहासिक औसत से 16% ऊपर है। इसकी तुलना 2021 से की गई है, जब पानी का स्तर इतना नीचे गिर गया था कि इसके पनबिजली बांधों ने बिजली पैदा करना बंद कर दिया था। मार्च के अंत में, राज्य के आंकड़ों के अनुसार, ओरोविल झील का पानी समुद्र तल से 859 फीट (262 मीटर) तक बढ़ गया, जो 2021 में अपने निम्न बिंदु से लगभग 230 फीट (70 मीटर) अधिक था। अभी इलाके में पर्याप्त से ज्यादा पानी है। इस वजह से कुछ जल प्रतिबंधों को हटाने और लोगों को स्वेच्छा से अपने पानी के उपयोग को 15% कम करने के लिए कहने से रोकने के लिए प्रेरित किया है। कुछ किसान भूमिगत जलवाही स्तर को फिर से भरने के लिए तूफानी जल का उपयोग कर रहे हैं जो पंपिंग के वर्षों के बाद समाप्त हो गए थे और सूखे से कुएं सूख गए थे। राज्य के अधिकारी निवासियों को चेतावनी दे रहे हैं कि वे मौजूदा बहुतायत को पानी की बबार्दी पर वापस न आने दें। जलवायु परिवर्तन के युग में, एक अत्यंत आर्द्र वर्ष के बाद कई शुष्क वर्ष हो सकते हैं, जिससे राज्य सूखे की ओर लौट सकता है।

## शहर >> अपडेट

### जातिगत जनगणना का प्रशिक्षण शुरू

बगहा/पिपरासी : दूसरे चरण का जाति आधारित जनगणना का प्रशिक्षण शुरू कर दी गई है। बीडीओ कुमुद कुमार व सीओ ललित कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को दूसरे दिन का प्रशिक्षण प्रगंणको, सहायक प्रगंणको, पर्यवेक्षकों को दी जा रही है। पीपीटी व वीडियो क्लिप के माध्यम से दिखाकर प्रपत्र भरने की जानकारी विस्तृत तरीके से दी जा रही है। ताकि कहीं से प्रपत्र भरने में गड़बड़ी नहीं हो सके। कारण कि 17 तरह की रिपोर्ट प्रपत्र में दर्ज करना है। जिसको लेकर गुरुवार को प्रथम दिन का प्रशिक्षण सभागार भवन में बीडीओ के द्वारा दी गई है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी रवि सिंह, लिपिक मनोज यादव, बीआरसीसी घनश्याम चौधरी, पंचायत सचिव हरीनाम यादव आदि मौजूद रहे।

# आकांक्षा दुबे का कातिल समर सिंह को वाराणसी क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

## आकांक्षा दुबे की मां ने आरोपी समर सिंह पर धारा 306 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है

रुपेश रंजन सिन्हा




पटना : भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा सिंह को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह को वाराणसी कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा सिंह को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह को वाराणसी कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर वाराणसी लाए जाने की तैयारी की जा रही है। वहीं, प्रकरण के दूसरे आरोपी संजय सिंह की तलाश जारी है। गायक समर सिंह गाजियाबाद के नंदग्राम थाना इलाके के राजनगर एक्सटेंशन स्थित चार्म्स क्रिस्टल सोसायटी में छिपा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली और उत्तराखंड में लगातार ठिकाने बदल-बदल कर रह रहा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली और उत्तराखंड में लगातार ठिकाने बदल-बदल कर रह रहा था। आकांक्षा दुबे की मां ने आरोपी समर सिंह पर धारा 306 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। अब जल्द ही आकांक्षा दुबे की असली वजह सामने आ जाएगी। आरोपी समर सिंह की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में खुलासा हो सकता है। बता दें कि आकांक्षा की मां की शिकायत पर एक्ट्रेस को सुसाइड के लिए उकसाने को लेकर पुलिस ने भोजपुरी सिनेमा जगत के मशहूर सिंगर और आकांक्षा के ब्वॉयफ्रेंड समर सिंह और उनके भाई संजय सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद से ही पुलिस समर सिंह और संजय सिंह की तलाश में जुटी थी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां ने आरोप लगाया है कि अभी तक उनका बयान तक दर्ज नहीं किया गया है। जांच में शिथिलता बरती जा रही है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आज समर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आकांक्षा दुबे की मां ने आरोप लगया है कि समर सिंह ने उनकी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाया और अश्लील वीडियो रिकॉर्ड भी कर लिया था। उसके बाद से समर सिंह इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगा और आकांक्षा दुबे ब्लैकमेल होने लगी। इतना ही नहीं समर सिंह ने कई वीडियो में काम करवाया और कमाई का पैसा न देकर सभी पैसा खुद रखने लगा। 26 मार्च को भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे का शव वाराणसी के एक होटल में फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया था। आकांक्षा दुबे की मौत के बाद से समर सिंह गायब था। पुलिस लगातार समर सिंह और उनके भाई संजय सिंह की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को आज बड़ी सफलता मिली है। गाजियाबाद से पुलिस ने समर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। समर सिंह के भाई संजय सिंह पुलिस की गिरफ्त से फरार हैं। पुलिस जल्द ही आरोपी संजय सिंह को भी गिरफ्तार कर सकती है।

### जितेंद्र कुमार राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा सहायता कार्यक्रम के सदस्य मनोनीत



गया : समाज कल्याण बिहार पटना के आदेश पर जिला राष्ट्रीय सुरक्षा सहायता कार्यक्रम के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम के अध्यक्षता में गठित 7 सदस्यों वाली समिति में अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता, जदयू के वरीय नेता जितेंद्र कुमार, को सदस्य मनोनीत किया गया है। सदस्य बनाए जाने पर जितेंद्र कुमार ने डीएम को बधाई दी है।

### रामएकबाल बने भाजपा के जिला महामंत्री व विकास शर्मा भाजपा अतिपिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष

सुगौली, पू.च : रामएकबाल प्रसाद को भाजपा के जिला महामंत्री बनाये जाने पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने हर्ष जताया है। स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने कहा कि इनके नेतृत्व में भाजपा का संगठन और अधिक मजबूत होगा। हर्ष व्यक्त करने व बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहनी, रामगोपाल खण्डेलवाल, विकास शर्मा, विजय जायसवाल, विनोद प्रसाद गुप्ता, मुरारी पांडेय, महेश मिश्रा, प्रभु दास, सोनालाल सहनी, सुनील सहनी, नईम खान, अनिरुद्ध सिंह, दुर्गा प्रसाद, संपत साह, चुनचुन सिंह, गंगा राम, राजेश्वर ठाकुर, मनोज सहनी, अशोक झा, तप्पू झा, संजय संजू, योगी पूरी, रवि पासवान आदि भाजपा नेता शामिल है। वहीं नवमनोनित भाजपा अतिपिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास शर्मा को भाजपा के विभिन्न नेताओं ने बधाई दी है।इसको लेकर पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहनी ने हर्ष जताते हुए कहा कि विकास शर्मा को भाजपा अतिपिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाये जाने से पार्टी को और बल मिलेगी।

# जदयू नेताओं ने बाबासाहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

▶▶ नव मनोनीत राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

राष्ट्रीय खबर



गया : जनता दल यू जिला कार्यालय में जद यू जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी, सभी नवनियुक्त एवं नवमनोनित प्रखंड अध्यक्षों का स्वागत सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष विद्यानंद विकल सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सासंद विजय माँझी को राष्ट्रीय महासचिव, कुणाल अग्रवाल को प्रदेश महासचिव, पूर्व जिलाध्यक्ष अलेक्जेंडर खान को प्रदेश महासचिव, पूनम कुशवाहा को प्रदेश सचिव, कुंडल वर्मा को प्रदेश सचिव, चंदन यादव को प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर एवं सभी नवनियुक्त तथा नवमनोनित प्रखण्ड अध्यक्षों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

स्वागत समारोह के बाद सभी प्रखण्ड अध्यक्ष के साथ भीम चौपाल एवं भीम संवाद को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाने एवं उनके विचारों को जन जन तक पहुचाने के लिए सभी पंचायतों के महादलित टोला में स्थल का चयन किया गया। उक्त स्थल पर 13 अप्रैल की संध्या में दीप प्रज्वलित कार्यक्रम एवं 14 अप्रैल को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जयंती धूम धाम से मनाया जाएगा। 13 अप्रैल को जिला परिषद कार्यालय एवं अंबेडकर पार्क में संध्या में दीप प्रज्वलित किया जाएगा। साथ ही महादलित टोला के हरेक घरों में स्टिकर लगाकर एवं हैंड बिल देकर महादलित समाज के लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल , धनंजय शर्मा, डॉ आसिफ जफर, कैलाश पासवान, कमलेश वर्मा, कमलेश कुमार चंद्रवंशी, पप्पू मालाकार, अजीत शर्मा, प्रवीण मेहता, अंकित कुमार, राजेश सिन्हा, सुभाष कुमार, विनोद माँझी, सुरेंद्र कुमार, संजय कुमार, राजेश कुमार, उदय कुमार, रणवीजय कुमार, सुरेश विद्यार्थी, परशुराम कुशवाहा, उमेश यादव, सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।

# आगामी शो सुहागन में मुख्य भूमिकाएं निभाएंगी बाल कलाकार आकृति शर्मा और कुरांगी वी नागराज

राष्ट्रीय खबर



पटना : परिवार वो होता है जहाँ जिन्दगी की शुरूआत होती है और प्यार कभी खत्म नहीं होता है हालांकि हर किसी को प्यार का वरदान नहीं मिलता है इस कड़वी सच्चाई पर रोशनी डालते हुए कलर्स जल्द ही एक नया शो सुहागन लॉन्च करेगा। इस शो में बिंदिया की दिल को छू लेने वाली कहानी है जो मुश्किल हालातों में सकारात्मकता और दृढ़ता की ताकत को बनाये रखती है बिंदिया और उसकी बहन पायल एक-दूसरे से बिलकुल उलट हैं जिन्हें अपने कपटी रिश्तेदारों के लालच का सामना करना पड़ता है बिंदिया पायल की देखभाल करती है और सुनिश्चित करती है कि उनके सामने कितनी ही चुनौतियाँ आयें वह उसे सुरक्षित रखेगी और उसका पूरा ख्याल रखेगी। सुहागन उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें बाल कलाकार आकृति शर्मा और कुरांगी वी नागराज क्रमश बिंदिया और पायल की भूमिकाओं में नजर आयेंगी रश्मि शर्मा द्वारा निर्मित और विवेक बहल द्वारा परिकल्पित यह शो परिवार प्यार और धोखे की एक दिलचस्प कहानी दिखाएगा जो निश्चित रूप से दर्शकों को पसंद आएगी।

बिंदिया की भूमिका निभाने के लिये तैयार आकृति शर्मा ने कहा कलर्स के शो सुहागन का हिस्सा बनना मेरी खुशकिस्मती है जिसमें एक सहयोगी परिवार के होने का महत्व दिखाया गया है मैं बिंदिया का किरदार निभाते हुए उत्साहित हूँ जिसका जिन्दगी को लेकर नजरिया हमेशा सकारात्मक रहता है वह मजबूत और दृढ़ है और मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ कि दर्शक हमारी कड़ी मेहनत को साकार होता हुए देखें।

पायल का किरदार निभा रहीं कुरांगी वी नागराज ने कहा सुहागन दो बहनों की एक सुंदर कहानी है जिन्हें अपने परिवार के लोगों के लालच का पता नहीं है।

# डीएम ने टॉपरो को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए किया प्रेरित

जिले के चार मैट्रिक टॉपरो को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



गया : बीते दिनों दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिले के चार विद्यार्थियों ने पूरे बिहार में टॉप 10 में स्थान लाकर जिले का गौरव बढ़ाया था। शुक्रवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा प्रकाशित मैट्रिक परीक्षा में पूरे बिहार में गया जिले के 04 विद्यार्थियों ने टॉप 10 में जगह बनाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें रामप्यारे सिंह हाई स्कूल कंचनपुर मोहनपुर के अंजली कुमारी ने पूरे बिहार में 480 अंक के साथ छठा स्थान प्राप्त किया है।केदार नाथ हाई स्कूल तरवा वाजिरगंज के अर्चना कुमारी ने पूरे बिहार में 477 अंक के साथ नौवां स्थान, हाजी मुहम्मद अहसन अली हाई स्कूल जमहेता फतेहपुर के रवि कुमार ने पूरे बिहार में 476 अंक के साथ दसवां स्थान, उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल बसेता इमामगंज के सूरज कुमार ने पूरे बिहार में 476 अंक के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया है उक्त सभी विद्यार्थियों को जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने समाहर्ता के गोपनीय आवास में उन्हें मोमेंटो एवं गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया। जिला पदाधिकारी ने बारी बारी से बातचीत की तथा उनसे जानकारी लिया कि भविष्य में वह क्या पढ़ना चाहते हैं और क्या बनना चाहते हैं। विद्यार्थियों की बात सुनकर जिला पदाधिकारी ने काफी खुशी व्यक्त किया तथा और मेहनत लगन के साथ पढ़ाई करने को कहा। उनकी उज्जवल भविष्य की कामना किया।इस अवसर पर सभी छात्रों के परिजन एवं संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

# मिशन हार्म रिडक्शन जिंदगियाँ बचाने का एक अभिनव दृष्टिकोण

राष्ट्रीय खबर

पटना : भारत ने साल 2025 तक तम्बाकू के उपयोग में 25 प्रतिशत कमी लाने का संकल्प लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की नई रिपोर्ट के अनुसार भारत यह लक्ष्य प्राप्त करने वाले 60 देशों में होगा। सरकार द्वारा तम्बाकू नियंत्रण की कठोर नीतियों के बावजूद तम्बाकू से बने नुकसानदायक उत्पादों का उपयोग 267मिलियन लोग कर रहे हैं, और 42 प्रतिशत पुरुष एवं 12 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन कर रही हैं। इसके अलावा सर्वेक्षण में शामिल 30विकासशील देशों में भारत तम्बाकू छोड़ने की दर में नीचे से दूसरे स्थान पर आता है।

तम्बाकू से होने वाले नुकसान की कमी एक ध्रुवीकरण का मुद्दा है, जो पूरी दुनिया में तम्बाकू नियंत्रण के प्रयासों में सबसे ऊपर है। तम्बाकू की लत भारत और विश्व में स्वास्थ्य की एक जटिल और विस्तृत समस्या है। भारत में तम्बाकू के सेवन से हर साल एक मिलियन से ज्यादा मौतें होती हैं। कम आय वर्ग के लोगों में तम्बाकू की लत गरीबी का एक दुष्चक्र शुरू होता है, जिसका कारण तम्बाकू से होने वाले नुकसान को नियंत्रित करने के लिए किए जाने वाले अपर्याप्त उपाय हैं।

जहाँ एक तरफ सरकार इस नुकसान को कम करने की ओर काम कर रही है, वहीं अब समय है भारत में तम्बाकू नीति को दमनकारी बनाए रखने की बजाय वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर इसके प्रभावशाली व सहानुभूतिपूर्ण पुनर्मूल्यांकन का।

तम्बाकू से होने वाले नुकसान को कम करने की ओर टाईम्स ग्रुप की एक कंपनी, ईटी एज द्वारा हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में अनेक विशेषज्ञों ने इस विषय पर अपने विचार रखे। नुकसान कम करने की प्रभावशाली रणनीतियों की जरूरत पर रोशनी डालते हुए ऑथोर्पीडिक सर्जन, डॉ. किरन मेलकोटे ने तम्बाकू यूजर्स के दृष्टिकोण को जानने के महत्व पर बल दिया। डॉ. मेलकोटे ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (डब्लूएचओ एफसीटीसी) का एक हस्ताक्षरकर्ता होने के नाते तम्बाकू नियंत्रण की नीतियों में नुकसान में कमी को शामिल करना भारत का दायित्व है। इसके अलावा उन्होंने तम्बाकू का उपयोग रोकने के मौजूदा दृष्टिकोण पर सवाल खड़ा किया, जिसकी सफलता दर उनके मुताबिक 0.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। साथ ही उन्होंने तम्बाकू का उपयोग रोकने के उन वैकल्पिक तरीकों को आजमाने का समर्थन किया, जो अन्य देशों में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

### सुगांव पंचायत के प्रसिद्ध माई स्थान पर भागवत कथा का हुआं आयोजन



सुगौली, पू.च : प्रखंड के दक्षिणी सुगांव पंचायत के प्रसिद्ध माई स्थान पर भागवत कथा का आयोजन किया गया है।काशी से आए कथा वाचक भाई प्रदीप शास्त्री ने कहा कि रा कहत मुख द्वार से निकसे पाप हजार,फिर आवन को चाहत है म लगावत किवाड़। रा कहते ही हजारों पाप मुख से निकल जाते है और वह फिर आने को चाहता है,लेकिन म किवाड़ लगा देता है। भगवान राम का नाम जपने से सभी दुख दूर हो जाते है।कोई भी व्यक्ति सच्चे मन से भगवान की आराधना करें तो उसका मनोकामना अवश्य पूर्ण होता है।भगवान कण कण में विराजमान है। हमलोग उनको नहीं देख पाते है,लेकिन वे सभी लोगो को देखते है।भगवान सभी धर्म,जाती व सम्प्रदाय के है। उनकी नजर में सभी एक समान है।भगवान के शरण मे जाने पर मुक्ति मिलती है। ईश्वर को सत्य रूप में जान लेना ही ज्ञान है। भागवत कथा सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है।यज्ञ को सफल बनाने में मुखिया संघ प्रखंड उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र,मुखिया रंजीत झा, अध्यक्ष संदीप मिश्र, उपाध्यक्ष रौशन झा, उज्ज्वल कुमार मिश्र, तेजनारायण मिश्र, ज्ञानतोष कुमार, अंकित, गुलशन, अमित मिश्रा,प्रतीक झा, दीपू मिश्र सहित कई लगे हुए है।

# गुड फ्राइडे > क्रूस जुलूस निकाला ईसाइयों ने प्रभु यीशु के बलिदान की याद में

## सेंट थॉमस कैथोलिक चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

राष्ट्रीय खबर



गया : ईसा मसीह ने मानव जाति को पाप की जंजीर और बुराई की दास्तां से मुक्त करने के लिए आत्म बलिदान किया। उन्होंने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से संपूर्ण मानवता को प्रेम, दया और करुणा का संदेश दिया। इस दिन को हम ईसा के अनमोल वरदान के लिए ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं।उन्होंने कलवारी पर अपने शरीर और रक्त की कीमत देकर खुद को मानव मुक्ति के लिए स्वयं को अर्पित किया। उक्त बातें क्रेन स्कूल स्थित सेंट थोमस कैथोलिक चर्च में क्रेन स्कूल के प्राचार्य फादर ऑस्कर बेक ने गुड फ्राइडे के अवसर पर अपने प्रवचन में कही। उन्होंने प्रभु ईसा के कलवारी पहाड़ की दुख भरी यात्रा का भी जिक्र किया। कैथोलिक ईसाई धर्मावलंबियों ने ईसा के बलिदान को स्मरण करते हुए विश्वशांति, भाईचारा, देश की एकता, अखंडता और खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की।

गुड फ्राइडे की धर्मविधि दोपहर तीन बजे क्रूस रास्ता की प्रार्थना से प्रारंभ होकर संध्या सात बजे क्रूस की उपासना से समाप्त हुई। इसकी अगुवाई फादर थोमस, फादर ऑस्कर और फादर मरियम लाल ने की। क्रूस रास्ता की विशेष प्रार्थना यात्रा में ईसा द्वारा झेले गए असहनीय पीड़ा, भूख, प्यास व थकान तथा सूली पर चढ़ाए जाने मृत्यु और दफन को चौदह स्थानों पर जाकर स्मरण किया। इस यात्रा में ईसा का अपनी माता मरियम के साथ अनोखा मिलन भी शामिल था। श्रद्धालुओं ने क्रूस के मार्ग पर करुणा और शोक के गीत गाए। उनमें भक्ति, शोक और उदासी के भाव दिखे।

मौके पर क्रेन स्कूल के प्राचार्य फादर ऑस्कर बेक , सिस्टर रोसलिन, सिस्टर अनिमा, सिस्टर अरुणा, सिस्टर अनिता, राजन सिन्हा, क्रिस्टोफर बेंजामिन, प्रियरंजन डायर, मारग्रेट सैमुएल, रजनी किंडो, ज्योति बारला, फ्रांसिस सैमुएल, रवि गुंजन, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। दूसरी ओर गांधी मैदान स्थित चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया एवं बापटिस्ट इंडियन चर्च में ईसाई समाज के लोगों ने गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने प्रभु यीशु के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए उनके त्याग एवं बलिदान को याद किया।

# स्थापना दिवस पर बूथ अध्यक्षों ने अपने घरों में लगाया भाजपा का झंडा

▶▶ बूथ कमेटी को सशक्त बनाने पर दिया जोर

राष्ट्रीय खबर



गया : भारतीय जनता पार्टी 44 वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गया शहर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न बूथ अध्यक्षों के द्वारा पार्टी का झंडा फहराया गया। इस अवसर पर युवा नेता प्रेम सागर जी, संतोष ठाकुर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने प्रत्येक बूथ अध्यक्ष के घर पर जाकर पार्टी का झंडा फहराया।इस अवसर पर युवा नेता प्रेम सागर पार्टी का झंडा कार्यक्रम में अपने संबोधन करते हुए कहा आज मगध की धरती पर बुथ अध्यक्षों के बलबूते दोनों सीट शिक्षक और स्नातक जीत कर स्थापना दिवस का पार्टी के नेताओं को तोहफा दिया है। पार्टी का कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ है। प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री ने संकल्पित किया 450 के पार 2024 में रखा गया है।उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बूथ पर सजग रहे। कार्यक्रम में बुथ अध्यक्ष 91 मनोज कुमार बूथ संख्या 100 के उपेंद्र कुमार सिंह, बूथ संख्या 135 दीपक कुमार उर्फ दीपक चंद्रवंशी बूथ संख्या 58 राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता बूथ संख्या 231 संतोष ठाकुर शहर के दर्जनों बुथो पर स्थापना दिवस मनाया गया आज के कार्यक्रम में गया विधानसभा संयोजक संतोष ठाकुर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता मुकेश चंद्रवंशी सुमित कुमार मुन्ना कुमार आदि लोग उपस्थित हुए।

**शहर >> अपडेट**

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बैठक आयोजित

**बगहा :** अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर केबीएन सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। अस्पताल उपाधीक्षक ने बैठक में मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं जाने के लिए कर्मियों को निर्देश दिया। बैठक में डॉ तारिक नदीम, डॉ चंचल बाला, डॉ. एसपी अग्रवाल, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, पंकज कुमार, माता प्रशाद, सुमित कुमार, रमेश रंजन, रौशन कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# नशा उन्मूलन व कुपोषण को लेकर महादलित बस्ती में किया गया जागरूक

राष्ट्रीय खबर




**सुगौली, पू.च :** प्रखण्ड के विभिन्न महादलित बस्तियों में स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा कुपोषण, स्वच्छता व नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी श्री महेश मिश्र ने किया।लोगों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कोई बच्चा किसी भी दशा में कुपोषित न हो, इसलिए ग्रामों में विशेषकर माताओं को जागरूक करना जरूरी हैं। उन्होंने ने कहा कि स्वच्छ रहने तथा सन्तुलित व विटामिन युक्त आहार लेने से ही कुपोषण से बचा जा सकता है, इसके लिए प्रतिदिन स्नानं करें, शौचालय का प्रयोग करे, खाना खाने से पहले व शौच से आने के बाद साबुन से हाथ साफ करें। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को हरी सब्जियों के साथ-साथ विटामिन युक्त पदार्थों का सेवन कराएं और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराये। उन्होंने कहा कि कुपोषण से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास रुक जाता और वह कमजोर हो जाते हैं। नशा उन्मूलन को लेकर महादलित समुदाय के लोगों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक गुप्ता ने सभी को नशा छोड़ने, शराब नही पीने व नही बेचने की अपील की। उन्होंने कहा कोई आपके आसपास या आपके जानकारी में शराब या कोई मादक पदार्थ बेच रह हैं या निर्माण कर रहा है, तो इसकी सूचना अपने चौकीदार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी या थानाध्यक्ष को दे तथा शराब उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में उनका सहयोग करें। इसके साथ ही स्वयंसेवक गुप्ता ने कोरोना महामारी, चमकी बुखार के लक्षण व उससे बचाव के साथ साथ पशुपालन, बृद्धजन, विकलांग, विधवा, कुष्ठ रोगी पेंशन केवाईसी सहित केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर स्वयंसेवक नितु कुमारी सर्राफ, पशु टिकाकर्मी रणधीर कुमार, प्रवीण कुमार, शत्रुधन साह, अमजद हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।

## अवैध बालू लदे 15 ट्रक जब्त, दो घंटे चली छापेमारी से कारोबारियों में मचा हड़कंप



**चकिया पू चं :** अवैध बालू, गिट्टी भंडारण व अवैध परिवहन के खिलाफ चला प्रशासन का डंडा। शहर के मधुबन रोड स्थित बालू मंडी समेत अन्य जगहों पर खनन पदाधिकारी रागनी कुमारी के नेतृत्व में हुई छापामारी में एसडीओ एसएस पांडेय व प्रशिक्षु एएसपी शरथ आरएस तथा सीओ हेमंत कुमार झा एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। जिससे बालू व गिट्टी मंडी पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। लगभग दो घंटे तक छापामारी चली। अवैध बालू लदे जब्त सभी ट्रकों को थाना लाया गया। इस बाबत जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि 11 जगह अवैध रुप से भंडारण किए गए 27472.5 सीएफटी बालू तथा 9 जगह पर रखे 22566 सीएफटी गिट्टी एवम अवैध बालू लोड 15 ट्रक व एक लोडर को जब्त किया गया है। साथ हीं कहा की अवैध भंडारण व परिवहन के खिलाफ राजस्व क्षति का मामला दर्ज किया जाएगा। प्रशासन के इस कार्रवाई से इसमें संलिप्त कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

## दिव्यांग दीपमाला ने वैशाली महोत्सव में बटोरी वाहवाही



**मुजफ्फरपुर :** दो दीवसीय वैशाली जिला महोत्सव में बिहार के लगभग हर जिले से चयनित प्रतिभागियों ने अपने कला प्रस्तुति किया। इसी बीच दामोदरपुर, कांटी प्रखंड मुजफ्फरपुर की लोक गायिका दीपमाला भी अपने बिहार की संस्कृति को प्रस्तुत करने का अवसर मिला गायन के माध्यम से। आपको बताते चलें कि लोक गायिका दिव्यांग दीप माला कहती है, कि हमारे मुजफ्फरपुर जिला के पूर्वी और पश्चिमी अनुमंडल पदाधिकारी अभिभावक के रूप में मार्गदर्शन देने का कार्य किए हैं। बिहार दिवस के अवसर पर मेरे गृह जिला में कार्यक्रम की प्रस्तुति में मुझे इस तरह का मंच पर गायकी प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हर कदम कदम पर रास्ता दिखाने का काम पीडब्ल्यूडी संघ राज्य मीडिया प्रभारी लालू तुरहा और पीडब्ल्यूडी संघ मुजफ्फरपुर जिला सचिव शांति मुकुल शर्मा इत्यादि इन सभी के भरपूर सहयोग से मुझे लोक गायिकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर मूझे कार्यक्रम के उपरांत प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते जिला शिक्षा पदाधिकारी वैशाली एवं सूचना जनसंपर्क अधिकारी ने सम्मान दिया। इससे हमें अब यह महसूस नहीं होती कि मैं दिव्यांग हूँ।

# चोरों ने बनाया दूकान फैशन वर्ल्ड शू पार्क दूकान को निशाना

राष्ट्रीय खबर




**रीगा :** स्थानीय मिल चौक स्थित फैशन वर्ल्ड शू पार्क दुकान में चोरी की घटना से आम दुकानदार दहशत में है। क्योंकि बाजार के सबसे व्यस्त एवं महत्वपूर्ण चौराहे पर स्थित इस दुकान का ताला काटकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कुसुमपुर बखरी गांव निवासी रामबाबू गुप्ता के पुत्र अंजनी कुमार गुप्ता प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह में स्थानीय लोगों द्वारा मिली सूचना पर दुकान पर पहुंचा। मेन फाटक का ताला कटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दराज में रखा साठ हजार रुपया गायब था। दुकान के अंदर से लगभग दस जोड़ी कीमती जूता चप्पल भी गायब था। दुकानदार अंजनी कुमार गुप्ता के अनुसार लगभग 75 हजार रुपए नगद एवं जूता चप्पल सहित की चोरी अज्ञात चोरों ने की है। सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष राम इकबाल प्रसाद ने अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि 1 माह पूर्व दवा की होलसेल दुकानदार प्रभु कुमार यादव के दुर्गा मेडिकल स्टोर के गोदाम में भी चोरी की घटना घटी थी। जिसमें लाखों रुपए मूल्य के दवा की चोरी हुई थी। इस घटना से बाजार के लोग भयभीत है।

# मदरसा इस्लामिया जामा मस्जिद ट्रस्ट से दो बच्चों ने हिफ्ज ए कुरान मुकम्मल किया

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** मदरसा इस्लामिया जामे मस्जिद ट्रस्ट सुगौली बाजार में बरोज जुमरात 15 रमजानुल मोबारक बाद नमाज ईशा तकमिले हाफिज कुरान शरीफ का प्रोगराम मुनेकीद किया गया।जिसकी सदारत डायरेक्टर मोहम्मद जिकरूल्लाह तेलावते, कलामुल्ला हाफिज, इमदादुल्लाह नातिये पाक हेदायतुल्लाह इन दो बच्चों की दस्तार मोहम्मद शाह आलम, इब्न मैनुलहक कटिहार और मोहम्मद हेदायतुल्लाह इब्न जेयाउल एमाम उलमाए कराम के हाथों से पगड़ी बांधी गई।हजरत मौलाना जहाँगीर साहब हुफाजाये कराम की फजिलत पर रोशनी डाली और इल्म की अहमियत समझाया। डायरेक्टर मोहम्मद जिकरूल्लाह ने कहा कि कुरान के हुकूक के बारे में बताएं और फरमाया कि जो सक्श कुरान की हिफ्ज करे और उसपर अमल करे वो कयामत के दिन अर्श के साए में रहेगा। जिन बच्चों ने हिफ्ज कुरान किया उन हफ्फाज ए कराम को दस्तार से भी नवाजा गया।इससे तकरीबन बीस दिन पहले 7 बच्चे कुरान मुकम्मल कर हाफिज बने थे। वही खादिम मदरसा कारी मोहम्मद जियाउल्लाह की हौशला अफजाई की और मदरसे की तरफ लोगों को मोखातब करके कहा हम सब मदरसे की हर तरह की ताऊन करें और मदरसे को आगे बढ़ाने की कोशिश करें मो. अबुललैस और साबिक सिगरेटरी नूरूल होदा कुरैशी, साबिक सदर अनवार आलम, एडिटर जमील अहमद, रफिक अहमद सैफी, सायबर हाफिज सुलतान सहित सैकड़ों हाजिरीन सिरकत फरमाए थे।

## वन कर्मियों पर मारपीट व छिनतई का आरोप लगाकर थाना में दिया आवेदन

**बगहा :** वाल्मिकी टाइगर रिजर्व के मदनपुर वन क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार के दिन वन विभाग की टीम के साथ कुछ स्थानीय लोगों की झड़प हो गई थी। जिसमें मदनपुर वन क्षेत्र के वनरक्षी गौरी शंकर दुबे ने वाल्मीकि नगर स्टेशन निवासी रुदल कुमार सहित उसके परिजनों पर वन क्षेत्र से लकड़ी काटने तथा रोके जाने पर हिंसक होकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लौकरिया थाना में आवेदन दिया था। मामले में गुरुवार के दिन रुदल कुमार ने भी लौकरिया थाना में आवेदन देकर मदनपुर वन क्षेत्र के वनरक्षी गौरी शंकर दुबे सहित 5 वन कर्मियों पर मारपीट व छिनतई का आरोप लगाया है। रुदल के आवेदन के अनुसार मैं पैर से दिव्यांग हूं तथा टेंपो चला कर अपना तथा परिवार का भरण पोषण करता हूं। इसी क्रम में मंगलवार के दिन अपने टैंपू से सवारी लेकर मदनपुर देवी स्थान गया था। तभी मदनपुर वन क्षेत्र के वनरक्षी गौरी शंकर दुबे आकर मुझसे बदतमीजी करने लगे तथा रंगदारी के रूप में 500 मांगने लगे। नहीं देने पर मारपीट किए जिसके बाद मैं जान बचाकर भागा तो वाल्मीकि नगर स्टेशन के समीप अन्य वन कर्मियों को बुलाकर दोबारा मेरे साथ मारपीट किए। वही इस मामले में लौकरिया थाना अध्यक्ष अभय कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी जानकारी नहीं है। अगर आवेदन आया है तो उस पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 वीं जन्मोत्सव एवं वैदिक महायज्ञ में उमड़ी आर्यों की भीड़

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला आर्य सभा के मार्गदर्शन में आर्य समाज बेतिया के तत्वावधान में जगतगुरु महर्षि दयानंद सरस्वती की द्विशताब्दी जयंती वर्ष समारोह के पावन अवसर पर दयानन्दोत्सव एवं वैदिक महायज्ञ का आयोजन सम्पन्न हो गया। दिनांक 3 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ महायज्ञ 6 अप्रैल 2023 को सम्पन्न हो गया। जिसमें आमंत्रित वैदिक विद्वान आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री, आचार्य संजय सत्यार्थी, बहन अमृता आर्य के भजनोपदेश ने आर्यजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आगत माता बहनों एवं भाइयों को वैदिक धर्म पद्धति से राष्ट्र समृद्धि से जीवन यापन की कला मार्ग प्रदर्शित किया। यह आयोजन जगतगुरु महर्षि दयानंद सरस्वती के 200 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में उनके स्वप्न को साकार करते हुए, वेदों की ओर लौटो के लिए कार्यक्रम व भजनोदेश प्रस्तुत किया गया। वेदों के पावन संदेशों को जन जन तक पहुंचाने और ऋषियों की पावन परंपरा का आवलंबन करते हुए वैदिक संस्कृति, संस्कार एवं धर्म को सबल बनाने का संकल्प लिया गया। उपर्युक्त 4 दिवसीय कार्यक्रम दो सत्रों में संचालित हुआ। आर्य समाज बेतिया के मंत्री अखिलेश आर्य ने बताया कि ऋषि परंपरा और वैदिक परंपरा के अनुरुप लोग अपना जीवन व्यतीत करें। इस सम्बबंध में विशेष जानकारी के लिए आर्य समाज के प्रांगण में एक वैदिक और धार्मिक पुस्तक केंद्र से पुस्तक खरीदें, अच्छी पुस्तक पढकर आत्मसात कर आगे बढ़ सकते हैं। अच्छी पुस्तकों का कोई मोल नहीं होता इसके सहारे सफल जीवन जीने की कला सीखा जा सकते हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्म की द्विशदी वर्ष को अयोजित 4 दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्य समाज के प्रधान महन्त प्रसाद आर्य, संरक्षक रुद्रदेव प्रसाद आर्य, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश आर्य तथा आर्य समाज की विचारधारा से जुड़े भाई बहनों का काफी योगदान राजा है।

# शराब बंदी को लेकर महिलाओं ने निकाला मशाल जुलूस

राष्ट्रीय खबर




**सुगौली, पू. च, पटना :** प्रखंड जीविका ने शराब बंदी को लेकर दक्षिणी सुगाव पंचायत के धांगड़ टोली में जागरूकता को लेकर महिलाओं ने मशाल जुलूस निकाला। इसको लेकर जीविका समूह की दर्जनों की संख्या में महिलाएं शराबबंदी के समर्थन में मशाल जुलूस में शामिल हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच शराब से होने वाली हानि और उसके दुष्प्रभावों के बारे में बताना है। साथ हीं लोगो को शराब नही पीने को लेकर जागरूक करना है। जागरूकता रैली का संचालन जीविका सीआरपी टीम के द्वारा किया गया। जिसमें जीविका कर्मी संजीत कुमार, बूक कीपर मोहन राम और धांगड़ टोली की जीविका समूह की महिला सदस्यों ने भाग लिया। जीविका के प्रखंड प्रोजेक्ट मैनेजर अंशु पांडेय ने बताया कि ग्रामीण और दलित, महादलित बस्तियों में लोग अज्ञानता के कारण चोरी-छिपे शराब का सेवन कर लेते है। जिससे वे तरह-तरह के रोगों की चपेट में आ जाते है और उनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। इसलिए उस तरह के लोगों को जागरूक करने के लिए विभाग के निर्देश पर इस तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। जागरूकता रैली पंचायत के कई बस्तियों से होकर गुजरी। रैली में शामिल महिलाओं ने शराब नही पीने के नारे लगाए। साथ ही पटना के प्रखंड फुलवारीशरीफ अंतर्गत आस्था सीएलएफ से भी शराब बंदी को लेकर जुलूस निकाला गया। जिसमें आरती कुमारी, पूनम सिन्हा, रिंकु देवी, रानी देवी, पुष्पा देवी, कलावती देवी, गीतांजली देवी एवं बंटी कुमारी शामिल थी।

## पार्टी के स्थापना दिवस पर राज्य सभा सांसद सहित कई भाजपा नेता मौजुद



**भितहा :** भाजपा के 44वे स्थापना दिवस के अवसर सभी कार्यकर्ताओ को शुभकामना देने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए राज्य सभा सांसद और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री राजेश सिंह ने संयुक्त रूप भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री सह बस्ती से सांसद और विहार के सह प्रभारी हरीश द्विवेदी से दिल्ली मे मुलाकात कर 2024मे होने वाले लोक सभा और बिहार मे तमाम राजनितिक गतिबिधियों पर चचार्ये की, वही पूर्व मंत्री ने बतया की माननीय प्रभारी से मिलकर उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने बतया की 6अप्रेल 1980को स्थापित भारतीय जनता पार्टी सघर्ष और सेवा के माध्यम से सफलता के 43वर्ष पुरे किये पार्टी कार्यकताओं के परिश्रम की प्रकाष्ठा से आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने में सफलता मिली है शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी कार्यकताओं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद अंतोदय के साथ-साथ भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित है। वहीं राज्यसभा सांसद ने पार्टी कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहां की परिवारवाद क्षेत्रवाद ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए समर्पित है।

## चौमुखा में आगलगी 20 घर स्वाहा

**बेतिया :** योगापट्टी क्षेत्र के चौमुखा में भीषण अगलगी से लगभग 20 घर जल कर राख हो गए हैं। मुकेंद्र यादव मुखिया ने बताया कि लगभग ढाई दर्जन घर आग की चपेट में हैं। रामनंद यादव के घर से खाना बनाने के दौरान आग लगने की बात बताई गई हैं।

## पहले और दूसरे दिन जाति गणना का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नरकटियागंज :** पश्चिम चम्पारण जिला के नगर परिषद नरकटियागंज कार्यालय सभागार में जाति आधारित गणना की सफलता को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षन के दुसरे दिन, मास्टर ट्रेनरों ने प्रयवेक्षको व प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया। जिसका शुभारंभ नगर कार्यपालक पदाधिकारी आमिर सुहैल, उपसभापति पूनम देवी, निर्वाचित पार्षद और ट्रेनर ने किया। कार्यपालक पदाधिकारी आमिर सुहैल ने बताया कि जाति आधारित गणना कराना सरकार का निदेश हैं, उसका पहला चरण गृह गणना सफलता पूर्वक सम्पन्न किया जा चुका है। दुसरे चरण में जाति गणना किया जाना है। जिसमे कुल 17 प्रश्न पूछे जायेंगे। इसलिए सभी सम्मानित जान कृपया गणना करने वाले प्रगणकों को पूर्ण सहयोग करते हुए, गणना कार्य को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग करें।

# जहांगीर आलम को मिला शिक्षा गौरव सम्मान

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** हिन्दी केंद्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय कीर्तिपुर काठमान्डू शिक्षा विभाग, राम सुहाग तिलक कॉलेज ऑफ एजुकेशन जहानाबाद तथा हिमालिनी कृष्ण चंद्र मिश्र पब्लिकेशन काठमांडू के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 3 और 4 अप्रैल को हुआ। त्रिभुवन विश्वविद्यालय सिनास भवन के जनक सभागार में हुआ। वैश्विक परिदृश्य में शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और समाज की भूमिका पर त्रिभुवन विवि काठमांडू में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनीवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर जहांगीर आलम को उनके बाल साहित्य और शिक्षण संबंधी लेखन के योगदान के संदर्भ में शिक्षाझगौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। बाल साहित्य के माध्यम से आनंदपूर्ण शिक्षण पर श्री जहांगीर का कार्य सराहनीय है। कविताओं के माध्यम से कैसे गणीतीय शिक्षण को सरस, सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है। कविताओं के माध्यम से छात्रों में कैसे मानवीय मूल्यों का संचार किया जा सकता है, किस प्रकार बाल साहित्य बच्चों में अभिप्रेरणा का संचार कर देता है और काव्य का शिक्षण में क्या महत्व है आदि बिंदुओं पर प्रकाश डाला है। डा. अश्वनी और डा. अजीत ने सहायक प्राध्यापक जहांगीर आलम को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# सड़क निर्माण में गड़बड़ी को ग्रामीणों का प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**जगदीशपुर :** नौतन प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर पंचायत के वार्ड 5 दिउलीया के ग्रामीणों में आक्रोश बता दे की मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को जो पंचवर्षीय योजना के तहत बनाई जा रही है इस सड़क की कुल लंबाई लगभग 3 किलोमीटर की है इस सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2019 से प्रारंभ हुआ था परंतु वित्तीय वर्ष 2022 से 2023 तक नहीं किया ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिवर्ष 6 महीने 6 महीने पर थोड़ा थोड़ा कार्य किया जाता है जब खेतों में किसान फसल लगा रहे होते हैं ईधर 19 में फसल लगाई तब सम्बेदक के द्वारा मीठी काटकर सड़क निर्माण में लिया गया जिससे किसान का फसल क्षति हुई उन्हें 1 साल तक उस सड़क पर बरसात के दिनों में लोगों को फिसलन का सामना करना पड़ा तो लोगों के माननीय उच्च न्यायालय को सरण में गये इसके बाद पुनः कोर्ट के द्वार पर द्वारा जिला प्रमुख प्रशासन का आदेश जारी किया उसके बाद सड़क का काम 1 साल बाद उस सड़क पर पत्थर बिछाई गई। पुनः साल बीतने के उपरांत आज तक ग्रामीण कटीली पथ पर चलने को विवश है। इस संबंध में भ्रष्टाचार विरोधी संघ के अध्यक्ष एके सिन्हा के नेतृत्व में आज दिनांक 07 / 04 / 2023 को 11:30 को सड़क विरोधी प्रदर्शन किया गया तथा जिला प्रशासन प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांच की मांग की गई उक्त प्रदर्शन में मुन्ना प्रसाद शंभूनाथ सिंह जगदीश राम सुभाष प्रसाद डॉक्टर शंभू शरण अनंत प्रसाद बैजनाथ प्रसाद सदानंद प्रसाद असी लाल साहनी सुधीर प्रसाद व अन्य गणमान्य शामिल हुए।

## शराब धंधेबाज निकला बाइक चोर, भेजा गया जेल

**बगहा/पिपरासी :** शराब के धंधेबाज बाइक चोर निकला। थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि पिपरासी दियारे से आठ बोतल अंग्रेजी शराब के साथ बगहा थाना क्षेत्र स्थित शास्त्रीनगर गांव निवासी रतन कुशवाहा पिता गेना कुशवाहा को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था और अपाची बाइक भी बरामद हुई है। बाइक का कागजात मांगने पर धंधेबाज के द्वारा कागज प्रस्तुत नहीं किया गया है और यह बाइक चोरी की है। इससे गहनता पूर्वक पूछताछ की गई है। पुलिस को अहम सुराग मिली है। शराब धंधेबाज बाइक चोर निकला है। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके पिता गेना कुशवाहा भी शराब कांड में जेल जा चुका है। पिता-पुत्र दोनों शराब के शराब के पेशेवर धंधेबाज हैं और इसे जमानत मिलने पर फिर से यह धंधा शुरू कर देगा।

## दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**रीगा :** पुलिस ने दो दिन पहले हुए दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष राम एकबाल प्रसाद ने बताया कि पूर्व में अपहरण एवं दुष्कर्म को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें पुनौरा थाना क्षेत्र के मनियारी गांव निवासी अजीत कुमार को आरोपित किया गया था। विती देर रात गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अजीत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्यूशन पढ़ने जाने के दौरान एक युवती को रास्ते से अजीत कुमार के द्वारा अपहरण कर दुष्कर्म एवं अश्लील फोटो वीडियो बनाने का पिता द्वारा आरोप लगाया गया था। पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिकी के आलोक में अजीत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बुधवार को भेज दिया गया है।

### महावीर हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों में दिखी आस्था व समर्पण

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर निगम स्थित के अधिकांश मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव की रही धूम। भक्तों ने पूरी आस्था और समर्पण भाव के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया। जिसमें कालीबाग ठाकुरजी मठ, बाल महावीर मंदिर, बुलाकी सिंह चौक जंगी महावीर मंदिर, जोड़ा शिवालय महावीर मंदिर, दुगार्बाग महावीर मंदिर, इसके अतिरिक्त कई अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं और भक्तों के सामूहिक प्रयास के प्रतिफल महावीर के जन्म उत्सव में भव्यता दिखी। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में नगर निगम क्षेत्र के लोहार पट्टी स्थित महावीर मंदिर मे हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# विज्ञान प्रदर्शनी व मेला से विज्ञान के प्रति उत्पन्न होती है अभिरुचि

**आर.के.इंटरनेशनल स्कूल में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित**

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत के आर .के इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी व मेला का आयोजन मनोज इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वधान में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया संघ के अध्यक्ष सत्यप्रकाश, समाजसेवी ध्रुव कुमार कुशवाहा, मुखिया पति दीनानाथ साह तथा विद्यालय के निदेशक राजेश कुशवाहा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बना प्रदर्शनी में प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। विद्यार्थियों के कई आकर्षक मॉडल चर्चा का केंद्र रहे। विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उन्हें विज्ञान के प्रति आकर्षित करने के लिए अयोजित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को वैज्ञानिक गतिविधियों में शामिल करने और उत्साह बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता आवश्यक है। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विद्युत चुंबकीय प्रेरक, आवर्त सारणी के गुण, ऊर्जा संरक्षण, टेलिस्कोप, दूरबीन, समांतरक्रम के प्रतिरोधी, बल्ब, विभिन्न प्रकार के चतुर्भुज सहित अन्य मॉडल का अवलोकन किया। उपर्युक्त कार्यक्रम के दौरान मॉडल प्रतियोगिता, कला, पेंटिंग प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सफल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी व मेला के कार्यक्रम का संचालन अनील सिंह ने किया, जिसका पर्यवेक्षण सुरेंद्र राउत ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य शिक्षक पप्पू कुमार भारती, परमानंद कुशवाहा, अजीत कुमार, रिजवान आलम, अर्जुन कुमार, मनीष यादव, निशु कुमारी, सना शमशाद, रुपा कुमारी, सरिता कुमारी, किरण देवी, सिंधु कुमारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उत्तराखंड पुलिस औचक जांच करने पहुंची मोतिहारी

मोतिहारी पू.च. : रामसिंह पंचायत अंतर्गत ग्राम पटपरिया मोरान को बीते शुक्रवार को करीब 4:00 बजे उत्तराखंड पुलिस की टीम और मोतिहारी मुफ्फसिल थाना के साथ रुपयों की धोखा-धडी मामले में जॉच करने पहुंची। वहीं इस मामले उत्तराखंड पुलिस को नेतृत्व कर रहे सुरेश कुमार कम्पोज व हरीश कुमार ने बताया की राजकिशोर पासवान व अन्य के बैंक के खाते से लाखों का लेन देन हुआ है। इसी का जॉच करने के लिए हम लोग यहां आए है। इन्होंने बात चीत करने के दौरान ये भी बताया की जिस व्यक्ति का इसमें नाम है वे लोग मुफ्फसिल थाना में मिले और कानून का सहयोग करें। ताकि उचित कार्रवाई हो सके। राज किशोर पासवान व अन्य का कहना है कि इसमें हम लोगों को फंसाया जा रहा है क्योंकि मनरेगा के तहत रोजगार देने और रुपयों का लालच देकर भारतीय स्टेट बैंक में खाता खुलवाया और हमारे नाम से सिम भी जेनरेट किया गया । और वे सिम अपने पास रख लिया। और साथ ही इस्लाम मियां ने यह भी बताया कि मनरेगा के तहत रोजगार देने और महीने में रुपया मनरेगा योजना के तहत रुपया आएगा। और हम सभी को घर से अपने खर्च से मोतिहारी ले गया और वहां पर अकाउंट खुलवाया और फिर पॉकेट में आने के समय 100सभी को दिया और यह भी बताया कि किसी को कहना नहीं है यह केवल छोट जाती यानी दलित बस्ती के लिए आया है । और यह भी बोला गया कि दुसाध चमार मुसार धाकड़ को इस योजना के तहत रोजगार मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है की सभी लोगो शिक्षा का स्तर शून्य है। जिसके कारण ये सभी इस एजेंडा का शिकार हुए है। परिजनों में इस घटना के बाद सभी का रो रो कर बुरा हाल है और सभी बुरी तरह से डरे हुए हैं। राजकिशोर पासवान व अन्य का कहना है की सरकार की योजना किस तरह से गरीब अशिक्षित और दलितों को धोखाधड़ी का आसानी से शिकार बनाया जा रहा है । हममें से कोई भी एक रुपया नहीं निकला है।

### इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों को आजीवन मिलेगा पेंशन:अभय सिन्हा ने की घोषणा

राष्ट्रीय खबर



**पटना:** इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ नागरिक सदस्यों के लिए एक अच्छी खबर है। इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के ऐसे सदस्यों को अब आजीवन पेंशन देने की योजना की घोषणा हुई। यह घोषणा इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने की और कहा कि वित्तीय सहायता की आवश्यकता वाले हमारे वरिष्ठ नागरिक सदस्यों को आजीवन पेंशन प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के कार्यालय में पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर, यह अतिमहत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।हमें बताते हुए भी खुशी हो रही है कि इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन पहले से ही सभी सदस्यों को दुर्घटना बीमा और आपातकालीन चिकित्सा सहायता के साथ-साथ सदस्यों के बच्चों को पोस्ट एग्रेजुएशन के लिए शैक्षिक सहायता प्रदान कर रहा है, जिसका भुगतान आईएमपीपीए द्वारा अनुरोध पर सीधे संबंधित अस्पताल / शैक्षिक संस्थान को किया जा रहा है। जिन सदस्यों को वित्तीय सहायता की आवश्यकता है और जिन्होंने इसके लिए आवेदन किया है। अभय सिन्हा ने आगे कहा कि एसोसिएशन के सभी नागरिक सदस्य, जो इस आजीवन पेंशन सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे इसके लिए लिखित में आवेदन कर सकते है ताकि इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ऐसे जरूरतमंद सदस्यों को आईएमपीपीए वेलफेयर ट्रस्ट से आजीवन पेंशन प्रदान करने के उनके अनुरोध को संसाधित कर सके।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर ड्रोन कैमरा चलाने के आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** भारत-नेपाल सीमा के गंडक बराज पर स्थित वाल्मीकि नगर के 21वीं सशस्त्र सीमा बल ने पडोसी देश नेपाल की ओर से भारतीय सीमा क्षेत्र में उड़ रहे एक ड्रोन कैमरा को बरामद किया है। जिस पर तत्वारित कार्रवाई करते हुए सशस्त्र सीमा बल ने ड्रोन कैमरे को जब्त कर वाल्मीकिनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। वाल्मीकिनगर थाना के पुलिस ने तत्वारित एक्शन लेते हुए नौ लोगों को एक ड्रोन कैमरा,एक कार 9 मोबाइल फोन के साथ हिरासत में लिया है। यह घटना गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे की है। इस सन्दर्भ में पुछे जाने पर वाल्मीकिनगर थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विजय कुमार राय ने बताया कि गंडक बराज पर तैनात शस्त्र सीमा बल 21 वी वाहिनी बी कंपनी के उप निरीक्षक अंग्रेज सिंह के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है,कि पडोसी देश नेपाल त्रिवेणी की ओर से फाटक संख्या 18 के नो मैंस लैंड से कुछ संदिग्ध लोगों द्वारा भारतीय क्षेत्र में ड्रोन कैमरा उडाया जा रहा था। वाल्मीकि नगर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए यूपी के भितौली थाना के सोहरवाना गांव निवासी शिपू कुमार ,सागर गुप्ता, आशुतोष कुमार सहित उनके साथी हेम प्रजापति, सत्यजीत चौधरी ,बंदना, मानसी ,शिवम चौरसिया व प्रवीण सहनी को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ करने के दौरान उन्होने बताया कि सभी लोगों को पूछताछ के बाद जमानत पर छोड़ दिया गया। साथ ही उनके पास से बरामद किये गये एक ड्रोन कैमरा,कंट्रोलर, कार, कैमरा व 9 मोबांइल को पुलिस ने जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

# मौका मिला तो करेंगे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास-एपी पाठक

राष्ट्रीय खबर




**बगहा :** सेवानिवृत्त भारत सरकार के ब्यूरोक्रेट सह भाजपा नेता अजय प्रकाश पाठक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही पूरी तरह चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं । शुक्रवार की दोपहर बगहा एक के पतिलार व बगहा दो के गुरुकुल एकेडमी में लोगों से मिलकर अपना संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान गुरुकुल एकेडमी के संस्थापक सह व्यवस्थापक योगेश पांडेय ने माला पहना कर पुर्व नौकरशाह को सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में हो रहे कार्यों व अवस्थाओं पर असंतोष जताया । उन्होंने बताया कि अगर पार्टी के तरफ से मौका मिला तो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास करेंगे। मदनपुर पनियहवा सड़क से लेकर रेलगाड़ी परिचालन व विधि व्यवस्था, अपराध व भ्रष्टाचार आदि पर सार्वजनिक रूप से सुधारात्मक कार्य होगा ।मौके पर दर्जनों लोगों ने उनके साथ अपनी प्रतिबद्धता दोहराई व इनके कार्यों में विश्वास जताया । श्री पाठक ने बताया कि उनके द्वारा भारत सरकार के सेवा में रहते हुए व सेवानिवृत्त होने के बाद जनता की सेवा में किए गए सराहनीय कार्य से प्रभावित होकर लोगों ने अनुरोध कर राजनीति में लाने के लिए प्रेरित किया । जिसकी बदौलत इन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए राजनीति में अपना कदम रखा है और चुनावी तैयारी में जुट गए ।

### पैसालों डिजिटल लिमिटेड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का हुआ लांच




राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी:** शहर के बरियारपुर स्थित एनएच 28 स्थित राजपरी ऑटोमोबाइल्समें राजपरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पैसालों डिजिटल लिमिटेड यात्री डीलर ने 5 बैटरी 60 वोल्ट को सुपर डीलक्स क्लासिक लॉन्चिंग राजपरी शो-रूम में संपन्न हुआ।वही शो-रूम के उद्घाटन में 12 गाडी की बिक्री हुई।यह गाडी एक चार्ज पर 150 किलोमीटर तक चलेगी।शो रूम के उद्घाटन में सभी लोगों को सम्मानित कर केक काटकर किया गया। वही कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों सहित सैकड़ो लोगो को खाने का प्रबंध भी किया गया।कार्यक्रम में डीलर अवनीश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना,फाइनेंसर और चम्पारण के हेड रत्नाकर श्रीवास्तव,रौशन,अमित पाण्डेय,धनंजय आदि शामिल थे।मौके पर राजीव सिंह,उज्जवल वर्मा, अभिमन्यु,अभिजीत उपेन्द्र आदि उपथित थे। उक्त आशय की जानकारी डीलर अवनीश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना ने दी

# संवेदक की उदासीनता डेढ़ किलोमीटर सड़क, निर्धारित समय के दो वर्ष बाद भी अधूरा, ग्रामीण परेशान

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के बैठानिया भानाचक पंचायत स्थित ग्रामीण कार्य विभाग बिहार सरकार की बनने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत संवेदक की उदासीनता डेढ़ किलोमीटर सड़क, निर्धारित समय के दो वर्ष बाद भी अधूरा रहने से ग्रामीण परेशान हैं। उपर्युक्त सड़क कोहड़ा नदी पुल से बिन टोली तक बनने वाली सड़क है। संवेदक की लापरवाही से शुक्रवार तक आधी अधूरी पड़ी हुई है, जबकि सड़क का निर्माण वर्ष 2021 में ही पूर्ण किया जाना रहा। सूचना पट्ट के अनुसार ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बेतिया की बनने वाली यह सड़क की कुल लंबाई लगभग डेढ़ किलोमीटर है तथा प्राक्कलन राशि 20 लाख 08 हजार 500 है। संवेदक की लापरवाही के कारण ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया तथा बताया कि आधे अधूरे सड़क से काफी लोगो की परेशानी होती रहती है। प्रतिदिन किसी न किसी को ठेस लग जाने से गिर पड़ते है। जिससे हाथ पैर मुंह में चोट लग जाते हैं। पैदल चलना भी कठिन हो गया है। पैरों में पत्थर चुभता है। ग्रामीण नवल किशोर यादव, कैलाश बीन, संतोष बीन, वकील मुखिया, मुन्ना मुखिया रामबलाक मुखिया, राजेश मुखिया ने प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकृष्ट करते हुए, संवेदक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा अविलंब सड़क निर्माण कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में संवेदक विकास पाठक का कहना है कि बहुत जल्द अधूरी सड़क निर्माण पूर्ण करा लिया जाएगा।

### मृत्युभोज सभ्य समाज के लिए अभिशाप

**मौजूदा सरकार को गहलोत सरकार से सीख लेने की आवश्यकता : किरण देव यादव**

राष्ट्रीय खबर

**खगड़िया:** राजस्थान के गहलोत सरकार द्वारा मृत्युभोज बंद करने तथा पंच सरपंचों को संदर्भित जिम्मेवारी सौंपने के फैसले को देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के संस्थापक अध्यक्ष सह बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक स्वागत किया है, तथा क्रांतिकारी फैसले लेने हेतु साधुवाद दिया। समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि उक्त फैसला समतामूलक समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इससे निम्नवर्ग , गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों पर मृत्युभोज के कारण वह असहनीय आर्थिक बोझ से जूझना नहीं पड़ेगा। मृत्यु भोज सभ्य समाज में कोढ के रूप में कलंकित करने वाली कुप्रथा है। मृत्यु भोज बंद होने से पाखंडवाद कर्मकांड अंधविश्वास पर रोक लगेगी। सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव ने बिहार के नीतीश तेजस्वी सरकार से राजस्थान के सरकार से सीख लेने, सामाजिक बुराइयां कुरीतियां पर रोक लगाने एवं बिहार में भी मृत्यु भोज बंद करने संबंधित कानून बनाने की मांग किया। देश बचाओ अभियान से जुड़े मोहम्मद सुहेल, उमेश, मधुबाला, दिनेश, दानवीर, नयन, कमल किशोर, मंचन, धर्मेंद्र, सुनील, आदि ने राजस्थान में मृत्यु भोज को बंद करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए फैसले को स्वागत किया एवं साधुवाद दिया।

# उत्तराखंड पुलिस जांच करने पहुंची मोतिहारी

## मनरेगा के तहत रोजगार देने बहाने दलित को फसाया

**नया बैंक अकाउंट खुलवाना और नया नंबर देना पड़ा महंगा**

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी पू.च. :** रामसिंह पंचायत अंतर्गत ग्राम पटपरिया मोरान को बीते शुक्रवार को करीब 4:00 बजे उत्तराखंड पुलिस की टीम और मोतिहारी मुफ्फसिल थाना के साथ रुपयों की धोखा-धडी मामले में जॉच करने पहुंची। वहीं इस मामले उत्तराखंड पुलिस को नेतृत्व कर रहे सुरेश कुमार कम्पोज व हरीश कुमार ने बताया की राजकिशोर पासवान व अन्य के बैंक के खाते से लाखों का लेन देन हुआ है। इसी का जॉच करने के लिए हम लोग यहां आए है। इन्होंने बात चीत करने के दौरान ये भी बताया की जिस व्यक्ति का इसमें नाम है वे लोग मुफ्फसिल थाना में मिले और कानून का सहयोग करें। ताकि उचित कार्रवाई हो सके। राज किशोर पासवान व अन्य का कहना है कि इसमें हम लोगों को फंसाया जा रहा है क्योंकि मनरेगा के तहत रोजगार देने और रुपयों का लालच देकर भारतीय स्टेट बैंक में खाता खुलवाया और हमारे नाम से सिम भी जेनरेट किया गया । और वे सिम अपने पास रख लिया। इस सारी घटना में शामिल जिसने हम सभी को फसाया वो इस्लाम मियां है। जिसने मनरेगा के तहत रोजगार देने और महीने में रुपया मनरेगा योजना के तहत रुपया आएगा। और हम सभी को घर से अपने खर्च के साथ मोतिहारी ले गया और वहां पर अकाउंट खुलवाया और फिर पॉकेट में आने के समय 100 सभी को दिया और यह भी बताया कि किसी को कहना नहीं है यह केवल छोट जाती यानी दलित बस्ती के लिए आया है । और यह भी बोला गया कि दुसाध चमार मुसार धाकड़ को इस योजना के तहत रोजगार मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है की सभी लोगो शिक्षा का स्तर शून्य है। जिसके कारण ये सभी इस एजेंडा का शिकार हुए है। परिजनों में इस घटना के बाद सभी का रो रो कर बुरा हाल है और सभी बुरी तरह से डरे हुए हैं। राजकिशोर पासवान व अन्य का कहना है की सरकार की योजना किस तरह से गरीब अशिक्षित और दलितों को धोखाधड़ी का आसानी से शिकार बनाया जा रहा है । हममें से कोई भी एक रुपया नहीं निकला है। अचानक इस प्रकार की घटना से हम बेहद दुखी और परेशान हैं । हमें इस धोखाधड़ी से इंसाफ मिले हमें फंसाया नहीं जाए ।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** बेतिया विधानसभा के बानुछापर के मंगुरहा में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस (सप्ताह) पर सामाजिक न्याय सप्ताह अंतर्गत सामाजिक समरसता सह सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त युवामोर्चा का जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव ने किया। उपर्युक्त कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पश्चिम चम्पारण सांसद डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि भाजपा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास मंत्र के साथ काम कर रही है। सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण को हमने हमेशा अपने हृदय और कार्यशैली में सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सामाजिक न्याय हमारे लिए राजनीतिक नारेबाजी का हिस्सा नहीं बल्कि हमारे लिए आर्टिकल ऑफ फेथ है। इसी के दृष्टिगत शुक्रवार को युवा मोर्चा ने समाज के सभी वर्गों को जोडने के लिए समरसता सहभोज का आयोजन किया। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने कहा कि पूरे बिहार के सभी जिला मुख्यालय में उपर्युक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

संपादकीय

# अब सरकार को चुनाव की चिंता सता रही

भारत सरकार को अब वाकई चुनाव की चिंता सताने लगी है। कभी गैस और पेट्रोल के दामों के अलावा डॉलर की कीमत ऊपर जाने को लेकर इस दल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का बहुत मजाक उड़ाया था। संयोग से उस वक्त टू जी और थ्री जी घोटालों की वजह से भी ऐसा प्रतीत होने लगा था कि पूरी सरकार ही घोटालों में लिप्त है। यह अलग बात है कि बाद में यह सारी चर्चा अदालत में टिक नहीं पायी और उस वक्त के सीएजी विनोद राय दरअसल पर्दे के पीछे से आरएसएस के व्यक्ति नजर आये। अब बदली हुई परिस्थितियों में मोदी सरकार को भी घोटालों की चिंता सताने लगी है। भले ही कोई खुलकर कुछ नहीं बोले लेकिन इतनी बात तो समझ में आती है कि अडाणी मुद्दे ने नरेंद्र मोदी को चिंता में डाल दिया है। इसका नतीजा है कि अब आम जनता के हितों के बारे में फैसला लेना पड़ रहा है। वरना कभी सिलिंडर लेकर प्रदर्शन करने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अब गैस का नाम सुनकर भड़क जाया करती हैं। सरकार ने जनता को अपने पाले में रखने के लिए प्राकृतिक गैस की कीमत तय करने के लिए एक नए तरीके को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक के बाद कहा कि एपीएम गैस के रूप में जाने जाने वाले पारंपरिक पुराने क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस को अब अमेरिका, कनाडा और रूस जैसे अधिशेष देशों में गैस की कीमतों के बजाय कच्चे तेल की कीमत से जोड़ा जाएगा। इससे पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) 10 फीसदी सस्ती हो जाएगी और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमत 6 फीसदी से 9 फीसदी तक कम हो जाएगी। सरकार ने एक बयान में कहा, इस तरह की प्राकृतिक गैस की कीमत भारतीय क्रूड बास्केट के मासिक औसत का 10 प्रतिशत होगी और इसे मासिक आधार पर अधिसूचित किया जाएगा। भारत 2030 तक प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य बना रहा है। सुधारों से प्राकृतिक गैस की खपत का विस्तार करने में मदद मिलेगी और उत्सर्जन में कमी और शुद्ध के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान मिलेगा। शून्य, सरकार ने प्रेस सूचना ब्यूरो के माध्यम से जारी बयान में कहा। तेल मंत्री हरदीप पुरी ने ट्वीट किया कि इस कदम से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी। पता नहीं श्री पुरी को भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की चिंता पहले क्यों नहीं हुई थी। श्री पुरी ने कहा, भारत में गैस की कीमतों पर अंतरराष्ट्रीय गैस की कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को कम करके उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में की गई विभिन्न पहलों को जारी रखते हुए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों को मंजूरी दी है। वर्तमान में, घरेलू गैस की कीमतें हर छह महीने में चार गैस ट्रेडिंग हब - हेनरी हब, अल्बेना, नेशनल बैलेंसिंग पॉइंट (ब्रिटेन) और रूस में कीमतों के आधार पर तय की जाती हैं। सरकार ने कहा कि चार गैस हब पर आधारित मूल्य निर्धारण पद्धति में महत्वपूर्ण समय अंतराल और बहुत अधिक अस्थिरता थी, इसलिए इस सुधार की आवश्यकता महसूस की गई। यह सब कुछ तब हो रहा है जबकि प्रमुख अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर रघुराम राजन ने कहा है कि एक दशक तक आसानी से पैसे कमाने और केंद्रीय बैंकों से तरलता की बाढ़ ने लत और वित्तीय प्रणाली के भीतर एक नाजुकता पैदा कर दी है क्योंकि नीति निमार्ताओं ने नीति को कड़ा कर दिया है। चिंता यह है कि बहुत आसान पैसा (और) लंबी अवधि में उच्च तरलता विकृत प्रोत्साहन और विकृत संरचनाएं बनाती है जो सब कुछ उलटने पर नाजुक हो जाती हैं। राजन ने कहा कि केंद्रीय बैंकरों को मुफ्त सवारी दी गई है क्योंकि नीति निमार्ता वित्तीय संकट के बाद के दशक में लिए गए अति-उपयुक्त रुख को तेजी से उलट देते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंकों द्वारा यह एक लत है जिसे आपने सिस्टम में मजबूर कर दिया है क्योंकि आप सिस्टम को कम रिटर्न वाली तरल संपत्ति से भर देते हैं। इसलिए फिलहाल देश की राजनीतिक फिजां में मोदी सरकार के चंद फैसलों पर जो चर्चा हो रही है, उससे भाजपा को वोट की चिंता सताने लगी है। आम वोटर के नाराज होने के साथ साथ बदली हुई परिस्थितियां भी पहले जैसी अनुकूल नहीं रही है। ऐसे में जनता को अपने पाले में रखने की कोशिश एक सामान्य राजनीतिक प्रयास है। लेकिन कांग्रेस ने भी पहले से गैस और पेट्रोल पर जो सवाल उठाये हैं, उनका असर और अभी का फैसला भी जनता की समझ में आ रहा होगा। ऐसा तब है जबकि अडाणी मुद्दे पर लगातार विपक्ष के हमलावर होने के तेवरों से जनता भी इसका सच जानना चाहती है।



# जहर में घुलती जिंदगी और तेजी से बिगड़ता स्वास्थ्य

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष



डॉ. प्रितम भि. गेडाम
स्तंभकार

आज हम जिस आधुनिकता का दम भरते है और जिस दमघोटू माहौल में जी रहे है, वह वातावरण धीमे जहर की भांति हमारे शरीर को कमजोर करके गंभीर बीमारियों से मार रहा है। धीमा जहर से तात्पर्य प्रदूषण, बढ़ते कंक्रीट के जंगल, मिलावटखोरी, नैसर्गिक संसाधनों का अतिदोहन, सिकुड़ते वन क्षेत्र, वाहन व यांत्रिक उपकरणों का अतिउपयोग, नशाखोरी, शोर, प्लास्टिक व घातक रसायनों का बढ़ता उपयोग, ई-कचरा, मेडिकल कचरा, अशुद्धता जैसी समस्याएं से है, जो वातावरण को दूषित कर स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं उत्पन्न करता है। सीधे तौर पर कोई हम पर हमला करे या नुकसान पहुंचाए तो हम उसका कड़ा विरोध करते है, परन्तु अप्रत्यक्ष रूप से अर्थात मिलावटखोरी या प्रदुषण से कोई हमें जान से भी मारे तो भी अधिकतर हम चुपचाप सहते है, अप्रत्यक्ष रूप में प्रदूषण का जहर घातक बीमारियों को निर्मित करके हमें मारता है। सुदृढ़ स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, प्रत्येक मानव को बेहतर उपचार तक पहुंच बनाने और सम्पूर्ण विश्व में स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटकर स्वास्थ्य कल्याण की योजना को प्रोत्साहन देने के लिए 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई। इस साल 2023 को इसे 75 साल पुरे हो रहे है। इसी दिवस पर ₹विश्व स्वास्थ्य दिवस₹ पूरी दुनिया में स्वास्थ्य-सुविधा व जागरूकता के रूप में मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम ₹सभी के लिए स्वास्थ्य₹ यह है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ, व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की देखभाल करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार :- घरेलू बजट का 10% या उससे अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करने के कारण दुनिया भर में लगभग 930 मिलियन लोगों के गरीबी में गिरने का खतरा है। उद्योग, परिवहन, कोयला बिजली संयंत्र और घरेलू ठोस ईंधन का उपयोग वायु प्रदूषण में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। कम और मध्यम आय वाले देशों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल हस्तक्षेपों को बढ़ाने से 2030 तक 60 मिलियन लोगों की जान बचाई जा सकती है और साथ ही औसत जीवन प्रत्याशा 3.7 साल तक बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए 370 अरब डॉलर के अतिरिक्त निवेश की आवश्यकता है।

दूषित हवा छीन रही सांसे :- हम जिस हवा में सांस लेते हैं वह खतरनाक रूप से प्रदूषित हो रही है, दस में से नौ लोग अब प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं, जिसके कारण हर साल 7 मिलियन लोगों की असमय मौत होती है। वायु प्रदूषण से स्ट्रोक, फेफड़ों के कैंसर और हृदय रोग होने से कुल मौतों में से एक तिहाई मौतें होती हैं। घरेलू वायु प्रदूषण एक वर्ष में 4 मिलियन लोगों को मारता है। दुनिया भर में, 5 से 18 वर्ष की आयु के 14% बच्चों को वायु प्रदूषण से अस्थमा है। हर साल 5 वर्ष से कम उम्र के 543000 बच्चे वायु प्रदूषण से जुड़ी सांस की बीमारी से जान गवाते हैं। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के अनुसार, 2019 में भारत में प्रदूषण के कारण 2.3 मिलियन से अधिक अकाल मृत्यु हुई। अकेले वायु प्रदूषण के कारण लगभग 1.6 मिलियन मौतें हुईं, और 500,000 से अधिक जल प्रदूषण के कारण हुईं। प्रदूषित वातावरण का सबसे बुरा प्रभाव निम्न वर्ग पर पड़ता है क्योंकि वे बेहतर जीवन स्तर का खर्च नहीं उठा सकते जिसके कारण उनको स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एअर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स अनुसार :- भारत आज दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में से एक है। वायु प्रदूषण वैश्विक जीवन प्रत्याशा को लगभग 2.2 वर्ष कम कर देता है एवं औसत भारतीय जीवन प्रत्याशा को 6.3 वर्ष कम कर देता है, देश के कुछ क्षेत्रों में औसत से कहीं अधिक खराब स्थिति है, ऐसे क्षेत्र में आयु 10 साल से कम हो जाती है। प्रत्यक्ष सिगरेट के धुएं से लगभग 1.9 वर्ष की वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा में कमी आती है। वायु प्रदूषण के लिए डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित किये गए मानक स्तर पर भारत देश खरा नहीं उतरता है, देश में बहुत प्रदूषण है।

भारत का लगभग 70% सतही जल मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त है। हर दिन, लगभग 40 मिलियन लीटर अपशिष्ट जल नदियों और जल के अन्य निकायों में प्रवेश करता है। बढ़ते शहरीकरण से जल निकाय भी जहरीले होते जा रहे हैं। कंप्यूटर, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स के उपयोग के कारण तेजी से ई-कचरे की मात्रा विश्व स्तर पर लगातार बढ़ रही है। ग्लोबल ई-वेस्ट स्टैटिस्टिक्स पार्टनरशिप (जीईएसपी) के अनुसार, 2019 तक पिछले पांच वर्षों में इसमें 21% की वृद्धि हुई। अवर वर्ल्ड इन डेटा वेबसाइट पर हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2015 से 2020 तक 6,840,000 हेक्टेयर जंगल खो दिया है, 98 देशों में भारत दूसरे स्थान पर है।

बढ़ती मिलावटखोरी :- 2021-22 में खाद्य नियामक ने 144,345 नमूनों का विश्लेषण किया, जिनमें से 32,934 एफएसएस अधिनियम, 2006 और विनियमों के तहत निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते पाए गए। मिलावटी खाद्य जहरीला होता है यह स्वास्थ्य को प्रभावित कर मनुष्य के समुचित विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित करता है। सबसे बुरी बात यह है कि कुछ मिलावटी खाद्यपदार्थ तो दर्दनाक मौत देनेवाली बीमारियों के जनक होते है। चिकित्सा विज्ञान की एक पत्रिका के अनुसार दूषित भोजन और पानी के सेवन से भारत में हर साल लगभग 2 मिलियन मौतें होती हैं।

आज दूषित हवा, पानी, खाना अर्थात जीवन विकास के लिए सबसे आवश्यक चीजे ही खराब स्तर की हो तो बेहतर स्वास्थ्य कैसे बना रहे, वर्तमान में इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हमारी जीवनशैली है। हमारी चटोरी जुबान स्वास्थ्य के लिए बेहतर खाद्यपदार्थों को नकारकर केवल स्वाद के हिसाब से खाद्यपदार्थों का चयन करती है। वसा, पाचन में भारी, मसालेदार, तला, मीठा, नमकीन ऐसे खाद्य पदार्थ की मांग अधिक है। आज की पीढ़ी को तो जंक फूड, फास्ट फूड जैसा बाहरी खाना ज्यादा पसंद आता है, इसलिए अब स्ट्रीट फूड का चलन बहुत बढ़ गया है। सबको तैयार उत्पाद चाहिए, घर पर मेहनत नहीं। जीवनशैली के हिसाब से अब जानलेवा घातक बीमारियां हमें आसानी से जकड़ती है। आज किसी भी उम्र में कोई भी कभी भी बीमारी का शिकार होकर अपनी जान गवाता है।

# सजा का मापदंड

गतांक से आगे .. ..

सांप के जहर से वह फल भी विषाक्त हो चुका था। जब सुबह हुई तब तोता उड़कर राजा के पास पहुँच गया और कहा राजन मैं आपके लिए अमृत फल लेकर आया हूँ। इस फल को खाने के बाद आप हमेशा के लिए जवान और अमर हो जायेंगे। तभी मंत्री ने कहा कि महाराज पहले देख लीजिए कि फल सही भी है कि नहीं ? राजा ने बात मान ली और फल में से एक टुकड़ा कुत्ते को खिलाया। कुत्ता तड़प-तड़प कर मर गया। राजा बहुत क्रोधित हुआ और अपनी तलवार से तोते का सिर धड़ से अलग कर दिया। राजा ने वह फल बाहर फेंक दिया। कुछ समय बाद उसी जगह पर एक पेड़ उगा। राजा ने सख्त हिदायत दी कि कोई भी इस पेड़ का फल ना खाएं क्यूंकि राजा को



लगता था कि यह अमृत फल विषाक्त होते हैं और तोते ने यही फल खिलाकर उसे मारने की कोशिश की थी।

एक दिन एक बूढ़ा आदमी उस पेड़ के नीचे विश्राम कर रहा था। उसने एक फल खाया और वह जवान हो गया क्यूंकि उस वृक्ष पर उगे हुए फल विषाक्त नहीं थे। जब इस बात का पता राजा को चला तो उसे बहुत ही पछतावा हुआ उसे अपनी करनी पर लज्जा हुई। तीसरे राजकुमार के मुख से यह कहानी सुनकर राजा बहुत ही खुश हुआ और तीसरे राजकुमार को सही उत्तराधिकारी समझते हुए उसे ही अपने राज्य का राजा चुना।

**शिक्षा :-**

**किसी भी अपराधी को सजा देने से पहले यह देख लेना चाहिए कि उसकी गलती है भी या नहीं, कहीं भूलवश आप किसी निर्दोष को तो सजा देने नहीं जा रहे हैं। निरपराध को कतई सजा नहीं मिलनी चाहिए। .. ..समाप्त।**

नज़रिया

# भारत में कैसे कम हो पाएंगे सड़क हादसे



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र-पत्रकार

आज कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन देश के किसी ना किसी भाग में सड़क हादसा न हुआ हो। जिसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। विकास की प्रतीक मानी जाने वाली सड़कें विनाश का पर्याय बनती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मारे गए 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा औसतन 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश भर में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के अलावा 3.71 लाख लोग घायल भी हुए थे।

आंकड़ों से पता चलता है कि देश में दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक रोड एक्सीडेंट के मामले 2020 में 3,64,796 से बढ़कर 2021 में 4,03,116 हो गए। मौतों में 16.8% बढ़ोतरी हुई है। 2020 में 1,33,201 और 2021 में 1,55,622 लोगों ने सड़क हादसे में अपनी जान गवाई है। साथ ही 2021 में प्रति हजार वाहनों की मौत दर 2020 में 0.45 से बढ़कर 2021 में 0.53 हो गई है। विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज गति के कारण हुई हैं।

**आंकड़ों से पता चलता है कि देश में दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक रोड एक्सीडेंट के मामले 2020 में 3,64,796 से बढ़कर 2021 में 4,03,116 हो गए।**

देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जान जाने से बचायी गईं। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का राजमार्ग ढांचा 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएगा। जिसके लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है और ग्रीन एक्सप्रेसवे और रेल ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतमाला 2 के लिए जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी मिलने की संभावना है और एक बार इसके बाद यह देश में एक मजबूत बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। गडकरी ने कहा मुझे विश्वास है कि भारत के राजमार्ग 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएंगे। भारत की लंबाई और चौड़ाई में हरित एक्सप्रेसवे के नेटवर्क सहित एक मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है। गडकरी ने उम्मीद जतायी कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतें 50 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी। गडकरी का कहना है कि जानलेवा सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिये राज्यों को केन्द्रीय सड़क कोष के एक हिस्से का इस्तेमाल करना चाहिये और दुर्घटनावाली जगहों को दुरुस्त करना चाहिये। उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों पर बल्कि राज्य राज मार्गों पर भी हादसों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहे हैं । जिलों में सड़क सुरक्षा समितियां गठित की जानी चाहिये। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सांसदों को करनी चाहिये और जिलाधिकारियों को इनका सचिव बनाया जाना चाहिये। यह समिति जिला स्तर पर दुर्घटना के सभी पहलुओं को देखे।

सरकार सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसके लिए नीतिगत सुधारों और सुरक्षित प्रणालियों को अपनाया जा रहा है। 2030 तक भारतीय सड़कों पर जीरो एक्सीडेंट की दृष्टिगत करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। गडकरी के अनुसार सरकार सड़क पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान करने और इसके समाधान के लिए 14 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी।

जानकारी

# सप्तऋषि आश्रम



सप्त सरोवर में स्थित इस मंदिर में हर साल बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। भारत माता मंदिर 180 फीट ऊंचा और आठ मंजिला है। इस मंदिर का प्रत्येक तल से देवताओं की पौराणिक कथाओं जुड़ा है। भारत माता मंदिर उन सभी देशभक्त स्वतंत्रता सेनानियों को भी समर्पित है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता में योगदान दिया। सप्तऋषि आश्रम हर की पौड़ी से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह हरिद्वार के सबसे प्रसिद्ध आश्रमों में से एक है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार जहां सात महान ऋषि या सप्त-ऋषि, कश्यप, वशिष्ठ, अत्रि, विश्वामित्र, जमदग्नि, भारद्वाज और गौतम ध्यान करते थे, उसी जगह पर यह आश्रम स्थित है। माना जाता है कि इस स्थान पर गंगा नदी अपने को सात धाराओं में विभाजित कर लेती है, जिससे कि यहां पर प्रवाहित होने वाले सात ऋषि उसके प्रवाह से विचलित नहीं होंगे। इस कारण इस स्थान को सप्त सरोवर या सप्त ऋषि कुंड के रूप में भी जाना जाता है। घूमने के लिए यह एक सर्वोत्तम स्थान है।

# Moto G Power 5G WXbAf 50MP कैमरा, 6GB RAM के साथ पेश

साइबर दुनिया

नई दिल्ली: स्मार्टफोन निमार्ता कंपनी Motorol जल्द ही Moto G Power 5G को यूएस मार्केट में लेकर आने वाली है। मोटोरोला द्वारा पेश किए जाने वाला नया स्मार्टफोन कंपनी की लेटेस्ट जी-सीरीज के तहत आएगा। यह स्मार्टफोन बीते साल आए Moto G Power 4G मॉडल की जगह लेगा। यहां हम आपको Moto G Power 5G के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत आदि के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



**Moto G Power 5G की कीमत और उपलब्धता**

कीमत की बात की जाए तो Moto G Power 5G IZY 6/256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत $300 (लगभग 24,552 रुपये) होगी। वहीं इस स्मार्टफोन की सेल यूएस में 13 अप्रैल से Motorola.com, Amazon और BestBuy पर शुरू होगी। Moto G Power 5G कलर ऑप्शन के तहत ब्लैक और व्हाइट में उपलब्ध होगा।

**Moto G Power 5G के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

Moto G Power 5G में 6.5 इंच की IPS LCD डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 2400 x 1080 पिक्सल, रिफ्रेश रेट 120Hz और आस्पेक्ट रेशियो 20:9 है। यह स्मार्टफोन MediaTek Dimensity 930 5G पर काम करता है। Motorola के इस फोन में 15ह चार्जिंग का सपोर्ट करने वाली 5,000 mAh की बैटरी दी गई है जो कि सिंगल चार्ज में 38 घंटे तक चल सकती है। सिक्योरिटी के लिए इस स्मार्टफोन में फिंगरप्रिंट रीडर और फेस अनलॉक दिया गया है।

कैमरा सेटअप की बात की जाए तो Moto G Power 5G में 50MP का पहला कैमरा, 2 मेगापिक्सल का मैक्रो कैमरा और डेप्थ सेंसर दिया गया है। यह स्मार्टफोन Android 13 पर बेस्ड Moto MyUX पर काम करेगा। स्टोरेज की बात करें तो इसमें 6GB RAM और 256GB स्टोरेज दी गई है, जिसे माइक्रोएसडी कार्ड द्वारा 1ळइ तक बढ़ाया जा सकता है। इस स्मार्टफोन में फिंगरप्रिंट सेंसर, प्रोक्सिमिटी सेंसर, जायरोस्कोप सेंसर, एक्सेलेरोमीटर सेंसर, एंबिएंट लाइट सेंसर, SAR सेंसर और ई-कंपास सेंसर दिया गया है।

टॉप ट्वीट

"विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, हम उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जो हमारे ग्रह को स्वस्थ बनाने के लिए काम करते हैं। हमारी सरकार स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार और लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने हेतु काम करना जारी रखेगी।"

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री





"पवन सिह और मैंने अतीत में पैपी और अपटेम्प्टो ट्रैक पर काम किया है लेकिन यह वास्तव में बहुत अलग है । 'तुम्हारे सिवा' एक मधुर, भावनात्मक प्रेम गीत है और मुझे पवन के साथ इस ट्रैक को रिकॉर्ड करने में बहुत मजा आया।"

खुशबू जैन
भोजपुरी गायिका

संपादक के नाम पत्र

### महामारी में इजाफा होने से सतर्कता बरतना जरूरी

देश मे बढ़ते कोरोना महामारी के केसों में एक तरफ दहशत फैली हुई है ।वही विशेषज्ञों के अनुसार कोविड में अचानक हुई वृद्धि से सावधानी रखना जरूरी है ।लेकिन भारी खतरे का कोई संकेत नही है ।हवा में फैले कोविड देश मे बारिश और बेमौसम बरसात के कारण नमी से कोरोना बढ़ रहा है ।लेकिन इम्युनिटी और वैक्सिंग की इम्युनिटी के कारण कोई नुकसान होने की संभावना नही है ।यूपी में पिछले सात दिनों में एक हजार कोविड के केसों के मिलने से दहशत व्याप्त है ।लेकिन वैक्सीन लगने के बाद घबराने की कोई आवश्यकता नही है ।देश मे 46 प्रतिशत केसों में वृद्धि हुई है ।पिछले दिनों में करीब साढ़े चार हजार एक्टिव केस दर्ज हुए। इसमें सावधानी जरूरी है ।

बचाव के तौर पर मास्क और सैनिटाइजर की उपयोगीता जरूरी है ।जुखाम बदन दर्द बुखार और गले मे खरास के लक्षण कोविड होने की संभावना की संभावना के चलते डॉक्टरों द्वारा गाइडलाइन जारी की है ।उपरोक्त स्वाभाविक रूप से कोविड के ही लक्षण है ।जिससे बचने के लिए डॉक्टरों की सलाह की आवश्यकता है ।देश मे कोविड का मंजर सबने देखा है ।लेकिन उस प्रकार की हड़बड़ी अब नही है ।वैक्सीन के इस्तेमाल के बाद कोरोना से लड़ने की इम्यूनिटी बढ़ जाती है ।बीपी और ऑक्सीजन लेवल की भी सलाह चिकित्सा अधिकारी की तरफ से दी जा रही है ।असाध्य रोग से बचने के लिए सावधानी जरूरी है ।उसके उपरांत उमदराज लोगो को विशेष सावधानी रखनी होगी ।देश मे अभी हालत बिगड़ने की कोई खबर नही है । फिर भी सतर्कता बहुत आवश्यक है ।देश मे ऐसी कोई गंभीर समस्या नही है ।किसी के मौत की खबर नही है,लेकिन सावधान रहने की जरूरत है ।केवल यूपी में 58 जिलों में कोरोना मरीज मिले है ।यूपी में एक हजार एक्टिव केस मिलने के बाद सूबे में दहशत व्याप्त है ।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### वर्तमान पदाधकारियों में भारी रोष व्याप्त

**हजारीबाग** : हजारीबाग झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष कर्ण सिंह, महामंत्री रमेश उरांव, संगठन महामंत्री मृत्युंजय कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष गुलाबचंद महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष देवचंद मुंडा, सहायक महामंत्री तपेश यादव ने डीजीपी से मिलकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडे पर पद से हटने के बाद नियम विरुद्ध पत्राचार करने एवं अपने कार्यालय में किए।

## सिटी अपडेट्स >>

### डुमारो जंगल में वन प्रबंधन समिति का वन भोज समारोह का आयोजन

**बड़कागांव** : बड़कागांव के कॉंड़ तरी पंचायत के वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के तत्वाधान में डुमारो जंगल में बैठक बन भोज समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसकी अध्यक्षता जिला परिषद के सदस्य सुनीता देवी ने किया। जबकि संचालन समिति के अध्यक्ष बालेश्वर महतो ने किया। समारोह में वक्ताओं ने जंगल में लगी आग को बुझाने वाले एवं जंगल को बचाने के लिए जो, वन विभाग द्वारा राशि आती है वह राशि समिति के सदस्यों के बीच वितरण कर दिया जाए। क्योंकि वन समिति के सदस्य धूप हो या बारिश सभी मौसम में जंगल को बचाने के लिए तत्पर रहते हैं। समारोह में फुलवा देवी ने वन बचाने एवं पर्यावरण बचाने के लिए जागरूकता गीत प्रस्तुत की। जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि जंगल उजाड़ने में सबसे ज्यादा महिलाओं को ही देखा जाता है महुआ चुनने के दौरान जंगलों में आग लगा देना या फिर झांक व डहुरी लाने के लिए महिलाओं को ही देखा जाता है इसीलिए वन समिति में सबसे ज्यादा महिलाओं को ही वन प्रबंधन सुरक्षा समिति का सदस्य बनाया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सवारी गाड़ी नियंत्रण नियंत्रण होकर खाई में गिरने से एक की घटना स्थल पर ही मौत

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड डाडीकला सहायक थाना क्षेत्र के चेपाकला पंचायत ग्राम हुदवा जंगल में बुढ़िया नामक स्थल पर एक सवारी गाड़ी नंबर जेएच 15 वी 3690 अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से मौके पर एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत एवं दर्जनभर लोगों का घायल होने की खबर प्रकाश में आई है। बताया गया कि उक्त गाड़ी कटकमदाग प्रखंड के बांका से शंकर प्रजापति का पुत्र मेघन प्रजापति का बीते एक माह पहले बलिया, बड़कागांव स्वर्गीय अमृत प्रजापति की सुपुत्री से विवाह हुई थी। शादी का कुछ रसम पूरा करने के लिए कुटुम जन के साथ बांका से बलिया आ रहे थे। लेकिन गाड़ी का स्पीड होने कारण जंगल में गाड़ी अनियंत्रित हो गया जिसके कारण से खाई में जा गिरा।

**दुर्घटना** दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोग मरे

# महिला सहित चार की मौत, गांव में मातम

▶▶ मंत्रोंउच्चारण गायत्री मंत्र से विधिवत चारों शव को श्मशान घाट में अग्नि संस्कार किया गया

राष्ट्रीय खबर

**चौपारण** : चौपारण से गायत्री यज्ञ कोडरमा के महुआटांड जाने के क्रम बुधवार के शाम भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्य सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना चंदवारा थाना क्षेत्र के एनएच 33 पर जामखाड़ी उरवा मोड़ पर बेलोरो और ट्रक के भीषण टक्कर बाद घटी।



घटना में बेलोरो पर चौपारण के ग्राम कसियाडीह, चैयकला के व्यवसायी विजय साहू के आठ सदस्यों सहित नौ लोग सवार थे। इस भयंकर सड़क दुर्घटना में विजय साहू के पिता चंद्रभूषण नायक 65 वर्ष की मौत घटना स्थल पर हो गई थी। घायल मां निर्गुण देवी पति चंद्रभूषण नायक तथा ग्राम चक्रसार के गायत्री परिवार के सदस्य चंचला देवी तथा विजय साहू के पांच वर्षीय एकलौता पुत्र देवराज साहू का हजारीबाग तथा रांची में इलाज के क्रम हो गई। एक ही परिवार के तीन सदस्यों का शव जब गांव पहुंचा तो चीत्कार से क्षेत्र दहल गया। मंत्रोंउच्चारण गायत्री मंत्र से विधिवत चारों शव को श्मशान घाट में अग्नि संस्कार किया गया।

के साथ घटना पर विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक रामलखन सिंह टीएसस नेता अरुण साहू, जीप सदस्य रविशंकर अकेला सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को संतावना दिया।

गुड फ्राइडे पर चर्च में आयोजित हुआ विशेष प्रार्थना सभा

## बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग हुए शामिल



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज** : 7 अप्रैल को दुनियाभर में गुड फ्राइडे मनाया गया। साहिबगंज स्थित कैथोलिक चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग शामिल हुए। दरअसल गुड फ्राइडे यीशू मसीह को सूली पर लटकाने की घटना के रूप में मनाया जाता है। यह दिन यीशु मसीह के बलिदान और पीड़ा का प्रतीक है। ईसा मसीह ने लोगों को मानवता एकता और अहिंसा का उपदेश दिया। धार्मिक मान्यताओं ?के अनुसार, रोम साम्राज्य के क्रूर शासक ने राजद्रोह के आरोप में ईसा मसीह को सूली पर लटका दिया। इसके बाद ईसा मसीह ने शुक्रवार के दिन अपने प्राण त्याग दिए। ईसा मसीह की याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। गुड फ्राइडे ही वो दिन था जिस दिन प्रभु ईसा मसीह को तमाम शारीरक यातनाएं देने के बाद सूली पर चढ़ाया गया था। और लकड़ी के खटखटे से आवाज की जाती है'। कई लोग ईसा के इस बलिदान के लिए 40 दिन पहले से उपवास भी रखते हैं, जिसे ह्यलेंट के नाम से पुकारा जाता है। इस दिन चर्च और घरों से सजावट की सभी चीजें हटा ली जाती हैं लोग इस दिन प्रभु इशू के उपदेशों और शिक्षाओं को याद करते हैं।

मनीष जायसवाल ने मंत्री जगन्नाथ महतो का किया अंतिम दर्शन, दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## जगन्नाथ दा जननेता थे और ऐसे नेता विरले ही जन्म लेते हैं: मनीष



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का चेन्नई के अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से पक्ष- विपक्ष और झारखंडवासी आवाम बेहद अत्यंत दुखी हैं।

शुक्रवर को उनका दिवंगत शव चेन्नई से राजधानी रांची पहुंचा तो झारखंड विधानसभा परिसर में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने उनका अंतिम दर्शन कर नमन किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की कोरोना में मेजर सर्जरी के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ था।

सही मायने में जगरनाथ महतो एक जन नेता थे और जनता के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व निछावर किया है।

उन्होंने कहा की शारीरिक व्याधि के बावजूद अंतिम समय तक जिस शिद्दत के साथ उन्होंने जनसेवा के कार्यों में सक्रियता दिखाई वह उनकी जनता के प्रति असीम प्रेम और जीवंतता को प्रदर्शित करता है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि मेरा व्यक्तिगत रुप से इनसे गहरा लगाव रहा है और हमारे बहुत प्रिय थे। जब भी किसी बात को लेकर इनसे चर्चा हुई बहुत ही सकारात्मक जवाब इन्होंने दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि ऐसे जननेता विरले ही जन्म लेते हैं।

जगन्नाथ दा की कमी हमेशा खलेगी। विधायक मनीष जायसवाल ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के साथ खड़े रहने और प्रभु श्री राम से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना भी की ।

## कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को पोस्टकार्ड के माध्यम से लिखी चिट्ठी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग बीते दिनों भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी को सांसद सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर हजारीबाग जिला के कांग्रेस कार्यकताओं ने भारत के माननीय राष्ट्रपति के नाम पर डाक के माध्यम से पोस्टकार्ड में चिट्ठी लिखी है। माननीय राष्ट्रपति को चिट्ठी के माध्यम से कहा है कि राहुल गांधी की सांसद सदस्यता गैर कानूनी तरीके से रद्द किया गया है। जो लोकतंत्र का हनन है। राहुल गांधी को अयोग्य घोषित कर अगामी चुनाव से बाहर रखने का गहरी साजिश है। गरीब जनता का हक अधिकार मार कर बड़ा-बड़ा पूंजीपतियों को बचाने का काम किया जा रहा है। भारती जनता पार्टी एक जुमलेबाजी कर के गरीब जनता को अच्छे दिन का सपना दिखाकर ठगने का काम किया है। भाजपा की सरकार आज तक के सबसे बड़ी तानाशाही सरकार है। केन्द्र की तानाशाही सरकार नहीं चलेगी। जिला महिला अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी हजारीबाग बेबी देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से झूठा वादा और झूठा सपना दिखने चुनावी मुद्दा है चुनावी के समय जितनी बात कही थी जो तानाशाही सरकार मोदी 8 वर्ष में नहीं कर सकी किसी के खाते में 15 लाख अभी तक नही आया अदानी के खाते में इतने रुपया कहां से आया यही सवाल लोकसभा मैं सांसद राहुल गांधी के द्वारा पूछा गया था। जो उसकी सदस्यता रद्द कर दी गई है और 8 वर्ष का चुनाव नहीं लड़ने का माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा स्थगित कर दिया गया है। इसकी नतीजा जनता 2024 चुनाव में बहुत करार जवाब देने के लिए तैयार है । सुमित्रा देवी मंजू देवी सरो देवी, मनीषा टोप्पो, कौशल्या देवी, रीता देवी, रीना देवी, संजना देवी ।

## 40 यात्रियों से भरी बस दुर्घनाग्रस्त

▶▶ एक की घटनास्थल पर ही मौत, कई घायल

राष्ट्रीय खबर

**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र का दनुआ घाटी बनी मौत की घाटी। यहां हर रोज एक भीषण सड़क हादसा होते आ रही है जिसपर लगाम लगाने की तत्काल जरूरत है। मामला बीते देर रात्रि की है जब महाराष्ट्र के लोगों को चौधरी बस तीर्थ करवाने काशी विश्वनाथ दर्शन हेतु ले जा रही थी। इसी बीच तेज रफ्तार में होने के कारण बस अनियंत्री हो गई है। घाटी से 10 फिट नीचे बस खाई में गिर गई। घटना में कुल आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल चौपारण सामुदायिक अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया। जहां एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । बताया जाता है कि चौधरी बस में कुल 40 लोग सवार थे। अनियंत्रित बस गड्ढे में तो गिरी लेकिन पलटी नहीं हुई इसके कारण काफी संख्या में लोग



सुरक्षित बच गए लोग इसे भगवान की कृपा मान रहे हैं। वही बस के ड्राइवर का अब तक कोई अता पता नहीं चला है। लोगों को दूसरे बस से भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। बस में सवार लोगों ने बताया कि हम कन्याकुमारी से लेकर काशी विश्वनाथ तक तीर्थ यात्रा कर रहे हैं। जगह-जगह हम रुक कर दर्शन करते हैं। इस दौरान यह सड़क हादसा हुआ है। बस काफी तेज रफ्तार में थी जो घाटी में संभल नहीं पाई और गड्ढे में गिर गई।

**लापरवाही** जानवरों से लेकर पशु पक्षी का बना बसेरा करोड़ों रुपया का नव निर्माण भवन हाथी का दांत हो रहा है साबित

# नवनिर्मित आवासीय भवन खंडहर में होता जा रहा है तब्दील

▶▶ ठेकेदारों के द्वारा बंदरबट के वजह से जूझ रही है करोड़ों रुपया की लागत की नव निर्माण भवन

▶▶ अधिकारी उच्च आलाकमान अधिकारी मुख दर्शक बनकर हैं खड़ा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले में सरकारी राशि की बबार्दी चरम पर है या यूं कहें सरकारी तंत्र की उदासीनता के कारण कटकमदाग प्रखंड कार्यालय परिसर में बना नवनिर्मित भवन जानवर से लेकर पशु पक्षी का बसेरा बन गया है। जो भी हो, करोड़ों के भवन सालों से बनकर तैयार हैं, लेकिन अधिकारी के उदासीन रवैये के



कारण इन भवनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से सरकारी राशि का सही से उपयोग नहीं हो पा रहा है। अधिकारी से लेकर ठेकेदारों के द्वारा करोड़ों रुपया का किया गया है, दुरुपयोग। उच्च आलाकमान अधिकारी मुख दर्शक बनकर हैं खड़ा। यह विभाग की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। यहां पर बने नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भी लगभग 4 वर्ष पूर्व ही किया गया है इसके बावजूद इन भवनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से भवन अब धीरे-धीरे कर खंडहर में तब्दील होता जा रहा हैं और हाल के दिनों में कबूतरों का बसेरा बना हुआ है। भवनों का उपयोग नहीं होने से भवन की स्थिति जर्जर होते जा रही है। उक्त भवन खंडहर बनता जा रहा है। भवन के कमरों में जंगल झाड़ उग आए हैं। छत एवं दीवारों पर भी पौधे उग गए हैं। वहां सांप-बिच्छुओं ने डेरा बना लिया है। खिड़कियों का कांच टूट गया है। मुख्य द्वार पर लगा गेट जंग लगकर टूट गया है। प्रखंड सह अंचल मुख्यालय से काफी दूर शहरों में भाड़े अथवा निजी घरों में रहने के कारण प्रखंड के कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं। आम जनता कर्मियों से मिलने के लिए घंटों इंतजार करती है, तब जाकर मुलाकात हो पाती है। झारखंड बनने के बाद राज्य सरकार ने जिलास्तरीय अधिकारियों को गांवों से जुड़ाव रखने तथा प्रखंडस्तरीय अधिकारियों को मुख्यालय में रहने तथा गांवों में रात गुजारने का फरमान जारी किया था लेकिन उसका कोई पालन नहीं करता है। जानकारी के मुताबिक कटकमदाग प्रखंड कार्यालय परिसर में बने आवासीय भवन में एक भी कर्मी सरकारी आवासीय परिसर में नहीं रहते है। भवन बनने से स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई पर वर्तमान में उनके चेहरे पर एक सवालिया निशान नजर आता है। तो यह अच्छी बात है। भवन का उपयोग जल्द शुरू होना चाहिए तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी , बीपीओ के अलावे संबंधित कर्मियों के लिए करोड़ो रुपए की लागत से निर्माण किए गए भवन में रहना चाहिए पर सभी शाम होते ही प्रखंड मुख्यालय से गायब हो जाते है। और सरकार और विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। अब देखना है ये खबर छपने से कोई असर पड़ता है या ज्यों के त्यों रह जायेगी।

## न्यूज फटाफट

### वन विभाग की टीम ने अवैध कोयला लोड पिकअप वैन को पकड़ा, दो पर प्राथमिकी दर्ज



**बरही** : बरही वन विभाग गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बुधवार करीब 9 बजे रात्रि तिलैया पटना रोड में छापेमारी बोरिया में अवैध कोयला लोड पिकअप वन जेएच 12 बी 3619 को पकड़ कर जब्त किया। इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। वन विभाग अधिनियम के तहत दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संदर्भ में रेंजर कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप वन में बोरिया से भरा अवैध कोयला बरही की ओर जा रही है। इसी सूचना के आधार पर वन टीम के द्वारा तिलैया पटना रोड में अवैध कोयला समेत पिकअप वैन को पकड़ कर जब्त किया गया है। जिसमें करीब 2 टन पोड़ा कोयला लोड है। छापेमारी दल में वनपाल आनंद कुमार सिंह, दीपक यादव, शिशिर मिंज, भूपेंद्र कुमार, अमर आनंद सरस्वती, वीरेंद्र कुमार, अर्जुन यादव एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

### अवैध आरा मिल पर छापामारी, उपकरण और लकड़ी को किया बरामद



**बरही** : बरही वन विभाग की टीम ने प्रखंड के भंडारो पंचायत के बधियाजवाड़ में अवैध रूप से संचालित एक आरा मिल पर छापेमारी किया। बताया जाता है कि उक्त आरा मिल सुनसान अस्थल पर चोरी-छिपे चल रहा था। गश्ती के दौरान वन विभाग के कर्मियों को जानकारी मिला उसके बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई किया। हालांकि छापामारी के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। मौके पर आरा मिल का चक्का, बेल्ट आदि उपकरण एवं हजारों रुपया का लकड़ी और चिरान पटरा जब्त कर वन कार्यालय लाया गया। फॉरेस्टर आनंद सिंह ने बताया कि करियातपुर व बरसोत गांव के दो लोगों कद खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। मामले की छानबीन जारी है।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा दारू मंडल में गांव - गांव चलो, घर-घर चलो अभियान प्रारंभ

**दारू** : दारू भाजपा ओबीसी मोर्चा दारू मंडल में गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान कार्यक्रम तिलैया शिव मंदिर में किया गया जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देवदत्त प्रसाद और संचालन भाजपा मंडल इंद्रदेव कुशवाहा ने किया। मंडल अध्यक्ष श्री प्रसाद ने ग्रामीणों को बताया कि ओबीसी वर्ग को मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्र पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया ,ओबीसी क्रीमी लेयर की आय मानदंड छे लाख से बढ़ाकर आठ लाख किया गया ,केंद्रीय मंत्रिमंडल में 27 नेताओं को शामिल किया गया जिसमें 5 कैबिनेट मंत्री हैं , पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग में ओबीसी वर्ग को 27% जॉब आरक्षण दिया गया जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। ओबीसी विद्यार्थियों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति आय पात्रता 44,500 से बढ़ाकर 2.5 लाख किया गया नीट में 27% आरक्षण ,ओबीसी के लिए वेंचर कैपिटल फंड । केंद्रीय ,जवाहर नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 27% आरक्षण दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष बंसत कुमार धनपत पऱसाद विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू बंसत नारायण सिंह राम नरायण कुशवाहा सोनि कुशवाहा विशेश्वर पऱसाद मोहन पऱसाद अशोक कुशवाहा किसुन पऱसाद राम शरण राम संजीत पऱसाद कार्यकर्ता शामिल थे।

### पारा शिक्षकों ने मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि



**इचाक** : इचाक शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर प्रखंड के दर्जनों पारा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शोक व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकालकर इचाक बाजार पुराना काली मंडा से बाजार होते हुए बीआरसी कार्यालय के समक्ष 2 मिनट का मौन रखते हुए दीया श्रद्धांजलि। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार मेहता ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे कोषाध्यक्ष कमल गुप्ता, विजय यादव,कुलदीप कुमार, महेंद्र राम, मनोज राम, मोहन राम,जयनारायण मेहता, शशि मेहता, राम किशोर, दास वीरेंद्र कुमार भारती ,रीना कुमारी, मालती कुमारी, पुष्पा कुमारी, अनिता कुमारी, प्रकाश शर्मा सर्वोत्तम कुमार, मंजू कुमारी, अर्जुन राम, मनोज राम, परमात्मा कुमार, चंद्रदेव राम, गुड़िया देवी, दिलीप राम समेत दर्जनों शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### राणा समाज का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन 9 को: किशोर राणा

**बड़कागांव** : बड़कागांव राणा समाज का बैठक ग्राम सोनपुरा राणा समाज भवन में किया गया जिसका अध्यक्षता राणा समाज के प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने किया एवं संचालन प्रखंड सचिव संतोष राणा ने किया बैठक में किशोर राणा ने कहा समाज को एकत्रित करना अति आवश्यक है इसके बाद ही समाज शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता होंगे एवम आगामी 9 अप्रैल दिन रविवार को ग्राम सुनपुरा के राणा समाज भवन प्रांगण में प्रखंड सम्मेलन का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित होंगे इनके अलावा विशिष्ट अतिथि मैं केंद्रीय उपाध्यक्ष यदु राणा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार राणा जिला सचिव महावीर राणा जिला कोषाध्यक्ष उमेश राणा जिला सह सचिव नंदलाल राणा मुख्य रूप से उपस्थित होंगे इनके अलावा बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांवों से राणा समाज के महिला पुरुष उपस्थित होने का अपील की है बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित राणा समाज के प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा प्रखंड सचिव संतोष राणा जिला सह सचिव नंदलाल राणा प्रखंड उपाध्यक्ष मुनेश्वर राणा प्रखंड उपसचिव प्रदीप राणा के अलावे कमल राणा नकुल राणा परमेश्वर राणा कैलाश राणा देव कुमार राणा लोकनाथ राणा अनिल राणा कुलदीप राणा के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

**प्रदेश >> अपडेट**

## अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

**हरिहरगंज/ पलामू :** भारत रत्न संविधान निमार्ता देश के प्रथम कानून एवं न्याय मंत्री डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल को 132 वां जयंती समारोह मनाने तथा उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने को लेकर शहर के सतगावां में डॉक्टर अंबेडकर के अनुयाई कार्यक्रताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार रवि ने की। उन्होंने बताया कि हरिहरगंज में ब्लॉक के समीप बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर काफी दिनों से प्रयासरत थे। इसे लेकर 21 सदस्ययी अम्बेडकर संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष प्रमोद कुमार रवि ,उपाध्यक्ष मो इसरार आलम , सचिव अभिषेक सज्जन और कोषाध्यक्ष सुशील कुमार रवि को बनाया गया। जबकि सूरजमल राम सहित अन्य को सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक के बाद प्रमोद कुमार रवि ने बताया कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह को बतौर मुख्य अतिथि बनाया गया है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद की मौत का हुआ खुलासा

# साइबर गिरोह का एक धराया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला मुख्यालय निवासी और सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नन्दन प्रसाद की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने भरतपुर राजस्थान से एक युवक सोहिल को गिरफ्तार किया है। इस मामले का खुलासा हुआ है और अनुसंधान में साइबर गिरोह के द्वारा शिक्षक गिरजानंदन प्रसाद को ब्लैकमेल करने की बात भी सामने आई है। सेवानिवृत्त शिक्षक गिरजानंदन प्रसाद ने पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी को अपने खाते से रकम का ट्रांसफर भी किया था। ज्ञात हो कि गत 31 जनवरी से लापता शिक्षक गिरिजा नन्दन प्रसाद का शव 11 फरवरी को डंगरा पहाड़ के पास जंगल से बरामद किया गया था। इस बाबत उनके पुत्र ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस के अनुसार साइबर अपराधियों ने उन्हें ब्लैकमेल किया जिसके कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। तकनीकी सेल की मदद से राजस्थान जिले के भरतपुर से 20 वर्षीय युवक सोहिल को गिरफ्तार कर कोडरमा लाया गया। कोडरमा थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने गिरोह के अन्य सदस्यों की भी जानकारी दी है और पुलिस उन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार युवक के पास से मोबाइल भी बरामद हुआ है जिसका इस मामले में इस्तेमाल किया गया था।

## मीजिल्स रूबैला कैम्पेन को लेकर की बैठक

**मरकच्चो :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरकच्चों में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. प्रदीप बैठा की अध्यक्षता में मीजिल्स रूबैला कैम्पेन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बताया कि 9 माह से 15 वर्ष तक के सभी बच्चों को मीजील्स रूबैला की वैक्सीन लगाया जाना है। यह कार्यक्रम 12 अप्रैल से प्रारम्भ किया जाएगा। इसके तहत सभी सरकारी एवं निजी स्कूल और आंगनवाडी में यह टीक दिया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि यह टीका मीजल्स रुबैला के बचाव हेतु बहुत प्रभावी है। सोमवार को सभी धार्मीक नेताओं एवं गणमान्य बुद्धिजीवी के साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता मे बैठक निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन के लिए सभी स्कूल में कैम्प का आयोजन और आंगनवाडी केन्द्र में सहिया के मदद से साथ सुपरवाइजर भी बनाये गये हैं। सीएचसी मरकचो अंतर्गत 9 माह से 15 वर्ष के कुल 51922 बच्चे को टीका दिये जाने का लक्ष्य है। इस मौके पर डा. नीरज कुमार जैन, राकेश सिंह, अर्जुन महतो आदि उपस्थित थे।

## >>>> न्यूज फटाफट

### बुद्धिनारायण पासवान को झारखंड क्रांति मंच का केन्द्रीय महासचिव बनाया गया

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पड़वा प्रखण्ड के लोहड़ा ग्रामवासी व लोहड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया वरीय समाजसेवी बुद्धिनारायण पासवान जी को झारखण्ड क्रांति मंच की केन्द्रीय कमिटी का महासचिव मनोनीत किया गया है। मेदिनीनगर में न्यूक्ति पत्र सौंपते हुए संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मा०बुद्धिनारायण पासवान जी के नेतृत्व में ना केवल पंडवा प्रखण्ड में बल्कि सम्पूर्ण झारखण्ड में आन्दोलनात्मक व सांगठनिक गतिविधियों का विस्तार होगा। अब तक के राजनीतिक व समाजिक जीवन काल में अन्याय-अत्याचार का मुखालफत करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा संघर्षरत रहे हैं। अब मंच के महासचिव के रूप में वे जनता की आवाज बनेंगे। इस अवसर पर मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व डाकपाल रामनरेश राम व मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने उनका हार्दिक स्वागत करते हुए आशा प्रकट किया है कि उनके मनोनयन से झारखण्ड क्रांति मंच का जमीनीस्तर पर विस्तार होगा।

### भ्रष्टाचार के विरुद्ध नेताओं की चुप्पी से लोगों में मायूसी

**हरिहरगंज/पलामू :** भ्रष्टाचार , महंगाई और बढ़ रहे शोषण ने गरीबों को बदहाली की जीवन जीने को विवश कर दिया है। मंहगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल, तेल-दाल से लेकर रसोई गैस और रोजमर्रा की चीजें तक सब कुछ महंगा हो गया है। बाबजूद इसके नेताओं की इस मुद्दे पर चुप्पी से लोगों में मायूसी है।बता दें कि अप्रैल 2020 में जहां आम आदमी कोरोना महामारी से जूझ रहा था, तो आज आम आदमी महंगाई के दर्द से कहरा रहा है। गौर तलब हो कि जब चुनाव नजदीक आती है तो महंगाई को थोड़ी नियंत्रित कर दिया जाता है। किंतु चुनाव खत्म होते ही मंहगाई लगातार बढ़ने लगते हैं। कई प्रबुद्ध लोगों ने बताया कि रूस-यूक्रेन के आपसी युद्ध का कारण बताकर सीमेंट, सरिया और स्टील तक के दामों में कई गुना वृद्धि की गई है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई गई। उज्जवला योजना का ऐसे में क्या औचित्य रह जाएगा। गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस यह कहकर दी गई कि सरकार उनकी सहायता कर रही है। अब गैस सिलेंडर महिलाओं को एक हजार रुपए से अधिक में खरीदना भारी पड़ रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच जनता त्रस्त होती जा रही है। गृहणियां परेशान हैं। कई गृहिणियों ने बताया कि गैस सिलेंडर के महंगी होने से अब फिर से लकड़ियां जलाकर खाना बनाना पड़ रहा है। समझ में नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार एक तरफ गरीबों को उज्वला योजना के तहत मुफ्त में सिलेंडर देती है और दूसरी तरफ दाम भी बढ़ा देती है। हम मजदूरी करके अपना पेट पालते हैं। अब इतनी महंगी रसोई गैस नहीं खरीद सकते। उनका कहना है कि सरकार गैस सिलेंडर के लगातार दाम बढ़ा रही है। यदि रसोई गैस के दाम बढ़ाना ही था तो फिर गरीब लोगों को मुफ्त में गैस सिलिंडर क्यों बांटे गए। कई व्यापारीयों का कहना है कि दिन-प्रतिदिन डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने के कारण व्यवसाय पर भी खासा असर पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टिंग का चार्ज माल भाड़ा भी बढ़ा है। जिसका बोझ क्रेताओं पर पड़ता है। जिससे परेशानी बढ़ रही है।

### शोक सभा का हुआ आयोजन

**पलामू :** नीलांबर पितांबर पुर के सहायक अध्यापकों ने आज न्यू प्राथमिक विद्यालय धोब्दीहा में झारखंड के शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो निधन पर शोक सभा का आयोजन किया तथा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया इस अवसर पर बोलते हुए सहायक अध्यापकों ने कहा कि स्वर्गीय जगरनाथ महतो का आकस्मिक निधन खासकर सहायक अध्यापकों के लिए अपूरणीय क्षति है वह हमारे अभिभावक तुल्य थे और उनका दरवाजा हमेशा सहायक अध्यापकों के लिए खुला रहता था उन्होंने सहायक अध्यापकों की समस्याओं को हमेशा गंभीरतापूर्वक सुना एवं उसके समाधान की ओर कदम उठाए इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव रंजन शुक्ला एवं संचालन कामता प्रसाद यादव ने किया मौके पर मोहम्मद इदरीश अरुण कुमार शुक्ला कौशल कुमार वर्मा संतोष कुमार वर्मा संजय कुमार सिंह पवन तिवारी महेंद्र प्रसाद यादव उपेंद्रप्रसाद यादव सूर्य देव प्रसाद यादव आशीष कुमार देवेंद्र कुमार दिलीप भारती भूपेंद्र प्रसाद सिंह आशीष कुमार शुक्ला प्रेम कुमार प्रजापति प्रभात ठाकुर रंजय कुमार प्रवेशकुमार समेत काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।


### कांग्रेस जिला समिति की बैठक में कई शामिल

**गुमला :** गुमला के रौनियार भवन सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष चैतू उराव की अध्यक्षता में एक बैठक की गई । बैठक में उपस्थित जिले के कांग्रेसी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कार्यकारी कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करना ही आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने कहा कि विगत दिनों कांग्रेस पार्टी के सर्वोच्च एवं सर्वमान्य नेता राहुल गांधी पर एक साजिश के तहत मानहानि के केस में केंद्र की मोदी सरकार ने सजा दिलाकर संसद की सदस्यता को आनन-फानन में रद्द करा दिया गया। ताकि भ्रष्टाचार में लिप्त अपने खास पूंजीपति मित्रों को बचाया जा सके विदित हो कि राहुल गांधी जी के द्वारा मोदी जी के उद्योगपति मित्र अदानी के द्वारा सेल कंपनी के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपये की अवैध हेराफेरी का मामला को संसद में पूरी जोर-शोर से उठाने का काम कर रहा थे उसी मसला को दबाने का परिणाम है राहुल गांधी का सदस्यता रद्द होना उन्होंने कहा कि आगामी 15 अप्रैल को गुमला में जय भारत सत्य ग्राहक का कार्यक्रम तय है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव समेत कई मंत्री भी उस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे उस कार्यक्रम के माध्यम से हमारे नेता राहुल गांधी जी पर जो अन्याय हुआ है उसके खिलाफ पूरी ताकत के साथ कार्यक्रम में कम से कम 25 हजार की संख्या में कार्यकताओं को शामिल करने का काम करेंगे। जिला के प्रभारी अजय नाथ शहदेव जी ने कहा कि 2024 के आम चुनाव को केंद्र में रखकर अभी से पूरी तत्परता के साथ कार्यकताओं की मेहनत करने की आवश्यकता है केंद्र सरकार की नाकामियों को आम जनता तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

### कार्यक्रम आयोजित करेगा मिशन बदलाव टीम

**गुमला :** मिशन बदलाव कार्यकारिणी कमिटी की बैठक भूषण भगत की अध्यक्षता में तेलंगा खड़िया स्टेडियम में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए भूषण भगत ने कहा कि बाबा साहब के अभूतपूर्व योगदान को भुलाया नही जा सकता, समाज के सभी वर्ग,सभी धर्म के लोगों अपील करते है,इस कार्यक्रम में सभी लोग शामिल हो और बाबा साहब के योगदान को सम्मान दे। मिशन बादलाव के राज कुमार ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को मिशन बादलाव टीम के सिमड़ेगा खुंटी, गुमला के सभी जिलों में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम मनाया जाएगा। मिशन बादलाव के जिला सचिव सैय्यदा खातून ने बताया की मिशन बादलाव महिला पुरुष टीम की सभी सदस्य अंबेडकर नगर में प्रस्तावित जुलूस एवं माल्यर्पण कार्यक्रम में शामिल होंगी। मिशन बादलाव महिला नगर सचिव ज्योति वर्मा, ज्योति गलोरिया, बिनय गोप,प्रदीप वर्मा विनीता उराव ने कहा कि गुमला नगर के सभी युवा उदघोष कार्यक्रम में शामिल होंगें।बसिया प्रखण्ड प्रभारी रामलखन ने कहा कि बसिया प्रखण्ड कमिटी भी बाबा साहब जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम गावं में आयोजित करेगा और बाबा साहब के विचारों को धरातल में उतारने को लेकर जन जागरूकता करने का कार्य करेगा।आज के महत्वपूर्ण बैठक में मिशन बदलाव सदस्य सह आर्मी सेवानिवृत्त राकेश सिंह, बिनोद साहू,हरेंद्र कुमार, चंदकला टोप्पो,तवरेज खान एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 11 हजार वोल्टेज बिजली तार से ट्रक चालक की मौत



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर /पलामू:** पांडू प्रखंड अंतर्गत फुलिया पंचायत सचिवालय के समीप 07 अप्रैल सुबह लगभग 5:00 बजे ग्यारह हजार वोल्टेज तार के चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत हो गई । मृतक ट्रक चालक का नाम जियाउल हक खान पिता का नाम अनवर खान है तथा मृतक ग्राम बाना थाना गढ़वा जिला गढ़वा का निवासी है स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दी गई सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी स्थल पर पहुंच गए एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था स्थानीय ग्रामीण परिजन एवं जनप्रतिनिधियों ने कुटुमू ऊटारी रोड़ मुख्य पथ को जाम कर मुआवजा की मांग कर रहे थे जाम को हटाने के लिए पांडू थाना की पुलिस एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्रामपुर घटनास्थल पर पहुंचे । जाम हटाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पुलिस बल ग्रामीणों एवं परिजनों को समझाये । समझाने बुझाने पर उचित मुआवजा का एक मांग पत्र ग्रामीणों परिजनो एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा तैयार किया गया । प्रस्ताव नंबर 1 मृतक के पत्नी को पांच लाख मुआवजा दिया जाए। प्रस्ताव नंबर 2 मृतक के तीन पुत्री एवं एक पुत्र को उच्च शिक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। प्रस्ताव नंबर 3 मृतक की पत्नी को बिजली विभाग में सरकारी नौकरी दिया जाए ।

# अपने चहेते नेता का दर्शन करने के लिए लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा

▶▶ टाइगर जिंदा था और जनता के दिलो में जिंदा रहेगा के गगनभेदी नारो से वातावरण गुंजयमान

राष्ट्रीय खबर



**पेटरवार :** पेटरवार बोकारो जिला सीमा क्षेत्र के पेटरवार प्रखंड के चरगी घाटी पहुंचा, लोगों ने टाइगर अमर रहे का नारा लगाना शुरू किया। चरगी घाटी में डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने काफिले की अगवानी की। पैतृक गांव ले जाने के क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय पेटरवार में बोकारो विधायक सह मुख्य सचेतक विरंची नारायण, गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद व पूर्व विधायक बबीता देवी ने मंत्री के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रधांजलि दी ।राज्य के शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर जैसे ही पेटरवार पहुंचा वैसे ही अपने चहेते नेता का दर्शन करने के लिए लोगो का जन सैलाब उमड़ पड़ा। उनके चाहने वालों ने टाइगर जिंदा था और जनता के दिलो में जिंदा रहेगा के गगनभेदी नारो से वातावरण गुंजयमान हो गया था। उनका अंतिम दर्शन पाने के लिए लोग काफी बेताब नजर आए। इस दौरान पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, बोकारो विधायक बिरंची नारायण एवं पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि जगरनाथ दा का निधन हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है । हम लोगों ने एक कद्दावर नेता खोए हैं । अपनी सादगी, बेबाकी ओर जनता के सवाल पर मुखर रहने के चलते वे जनप्रिय नेता थे। इनके निधन से काफी दुखी हूं। कहा कि वे जनता के हमदर्द और झारखंडियों के हितों की रक्षा को लेकर हमेशा खडे रहते थे ओर उनका आकस्मिक निधन राज्य की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता समाजसेवी एवं ग्रामीणों ने गमगीन आंखों के साथ उन्हें विदाई दी।

## प्रदेश प्रभारी के सम्मान में रात्रिभोज सह सम्मान समारोह का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने प्रदेश प्रभारी सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पांडेय के सम्मान में रात्रि भोज सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

आबादगंज स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के साथ - साथ प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह प्रदेश सोशल मीडिया इंचार्ज गजेंद्र सिंह को सम्मानित गुलदस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर कर किया।

मौके पर प्रमुख रूप से 20 सूत्री के उपाध्यक्ष विमला कुमारी दीनानाथ तिवारी सतनारायण सिंह सुनील कुमार जैन विजय तिवारी लक्ष्मी नारायण तिवारी विनोद तिवारी धनंजय तिवारी रामेश्वर तिवारी ईश्वरी प्रसाद सिंह जितेंद्र कमलापुरी नफीस खान राजेंद्र अग्रवाल सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता शमीम अहमद राइन लातेहार जिला के प्रवक्ता पंकज तिवारी विद्या सिंह चेरो दयाशंकर तिवारी अजय पांडे सत्येंद्र सिंह चिंतामणि तिवारी मिथिलेश कुमार सिंह विजय अग्रवाल अजय साहू राजेश चौरसिया संतोष गुप्त हर्ष साहनी मुकेश सिंह देवांश शुक्ला सौरभ पांडे साकेत सिंह पप्पू अग्रवाल मनोज अग्रवाल मुन्ना पाठक जीतू तिवारी रामानंद पाठक जतरू उरांव शैलेश मेहता राम आशीष मेहता इकराम अंसारी नैयर रहमान आलोक सिंह अमित सिंह नानक चौबे सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# स्वामी जी ने लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का किया अवलोकन

▶▶ वैष्णों सम्प्रदाय के महान संत जियर स्वामी जी महाराज का हुआ स्वागत

राष्ट्रीय खबर



**हुसैनाबाद/पलामू:** हुसैनाबाद के बेनी खुर्द गांव मे बागेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अवलोकन के लिये पहुँचे वैष्णों संप्रदाय के महान संत लक्ष्मी प्रपन्नाचार्य जियर स्वामी जी महाराज को यज्ञ समिति सहित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। जियर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में 28 अप्रैल से 3 मई तक भव्य यज्ञ का आयोजन किया जाना तय है। जिसका अवलोकन स्वयं जियर स्वामी जी महाराज ने किया। स्वामी जी महाराज ने उपस्थित यज्ञ समिति के सभी कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश देते हुए उन्हें भव्य यज्ञ को संपन्न कराने के लिए जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह की अगुआई में यज्ञ की विधि व्यवस्था से संबंधित स्वामी जी महाराज को अवगत कराया। श्री सिंह ने कहा कि लक्ष्मी प्रपन जी महाराज भारत के जाने माने संत है। जिसके निर्देशन में यज्ञ को संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बागेश्वर महादेव का मंदिर पूर्ण रूप से तैयार हो गया है। जहां उपस्थित यगाचार्य सहित कई विदवानों के उपस्थित में यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। इस मौके पर जियर स्वामी जी महाराज का स्वागत के लिए यज्ञ समिति के रंजीत कुमार सिंह, ललन कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कामख्या सिंह, राजेश्वर सिंह, दिलीप सिंह, लल्लू सिंह, श्रवण राम, गुड्डू सिंह, योगेंद्र सिंह, मेघनाथ सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर यज्ञ को विधि विधान से सम्पन्न कराने के लिए संकल्प लिया। यज्ञ के प्रारंभिक दौर में 28 अप्रैल को भव्य जलयात्रा, वेदी निर्माण, 29 अप्रैल को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन, हवन कर्म कुटी जलाधिवाश, 30 अप्रैल को मंडप पूजन, नगर भ्रमण व 3 मई को भगवान बागेश्वर महादेव का प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारा व संत महात्माओं के विदाई के साथ संपन्न कराया जाएगा।

# पर्यटन स्थल गोबर सिल्ली का किया जाएगा सौंदर्यीकरण : उपायुक्त

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** उपायुक्त सुशांत गौरव ने पालकोट स्थित पर्यटन स्थल गोबर सिल्ली का किया निरीक्षण। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र में से एक गोबर सिल्ली की खूबसूरती वहां की पहाड़ है जो पर्यटकों का आकर्षण केंद्र है वहां की सुविधाओं को दुरुस्त करना एवं योजनाबद्ध तरीके से सौंदर्यीकरण करने से उक्त स्थान की खूबसूरती और अधिक बढ़ जाएगी।जिसे समझते हुए आज उपायुक्त ने पुरे क्षेत्र का जायजा लिया। एवं वहां की आवश्यकताओं से अवगत हुए । इस दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम वहां की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की बात कही। उपायुक्त ने वहां शौंचालय निर्माण करने , पानी की व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग करने , आस पास के क्षेत्र को पर्यटन के दृष्टिकोण के रंग रोगन करने हेतु बीडीओ पालकोट , कार्यपालक अभियंता स्पेशल डिवीजन एवं जिला खेल एवं पर्यटन पदाधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने वहां की भूमि में लेमन ग्रास लगाने का निर्देश दिया , जिससे आस पास हरियाली भी देखने को मिलेगी साथ ही लेमन ग्रास की खुसबू से सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा एवं लेमन ग्रास से कीड़े मच्छर एवं जानवर भी परेशान नहीं करेंगे। उन्होंने जल्द से जल्द लेमन ग्रास लगाने का कार्य प्रारंभ करने को कहा। वहीं छोटे छोटे चट्टानों के बीच भी अच्छे घांस लगाते हुए उक्त स्थान को हरा भरा बनाने की बात कही । उपायुक्त ने वहां ट्रैकिंग प्वाइंट बनाने , हाई मास्ट लाइट लगवाने , बैंबू पेंट करने , तोरण द्वार बनाने , कूड़ेदान लगाने , सीसीटीवी कैमरा लगाने आदि का भी निर्देश दिया । उपायुक्त ने कहा कि गोबर सिल्ली को एक नया अवतार दिया जाएगा। जहां पर्यटकों को हर प्रकार की प्राथमिक सुविधाएं प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि गोबर सिल्ली में योजनाबद्ध तरीके बदलाव किया जाएगा जिससे प्रकृति एवं आस पास के जानवरों को किसी प्रकार का नुकसान न हो । साथ ही पर्यटकों को हर एक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो उसका भी ध्यान रखा जाएगा ।कार्य योजना तैयार होते ही अविलंब कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी , नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता स्पेशल डिवीजन के अलावा अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### शोक सभा का आयोजन

**कोडरमा :** झारखण्ड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के इलाज के दौरान चेन्नई में आकस्मिक निधन पर आज ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम एवं ग्रिजली पब्लिक स्कूल, गुमो में शोक सभा का आयोजन किया गया। ग्रिजली विद्यालय एवं ग्रिजली पब्लिक स्कूल में छात्रों तथा शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

## सिटी अपडेट्स >>

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के सुअवसर पर अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जागरूक किया गया। कैसे समुचित भोजन, निद्रा, व्यायाम, वजन नियंत्रण,तनाव प्रबंधन किया जाए इसी क्रम में लंबाई,वजन,आदि की माप कर लंबाई और वजन के आदर्श अनुपात के विषय में भी लोगो को जागरूक किया गया।

### खलिहान में रखे हुए कई बोझे गेहूं जलकर राख

**सतगावां :** थाना क्षेत्र के मीरगंज पंचायत के अंतर्गत झरगांव निवासी राजेंद्र यादव पिता स्व. वासुदेव यादव के सैकड़ों बोझा गेहूं इकट्ठा कर-के खलिहान में रखा हुआ था। जिसे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आग लगा दिया गया। वहीं गेहूं का सारा बोझा जलाकर नष्ट हो गया। झरगांव निवासी राजेंद्र यादव ने यह भी बताया कि 10 दिन पूर्व में भी हमारे अरहर का लगा फसल के खेत में आग लगा दिया था जिससे कुछ-कुछ अरहर का फसल नुकसान हो गया। दस दिनों के अंदर लगातार दो बार आग लगाया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### धार्मिक संगठनों ने शोक जताया

**कुडू :**आचार्य नंदकुमार पाण्डेय के आकस्मिक निधन से पुरा कुडू प्रखंड मे शोक की लहर है ।आचार्य नंदकुमार पाण्डेय 27 वर्ष ने बहुत कम समय मे सनातन धर्म और संस्कृति मे गहन अध्ययन प्राप्त कर लिया था। बहुत कम समय मे आचार्य का उपाधि उन्होंने प्राप्त कर लिए थे। उनका लोकप्रियता इतना था कि प्रखंड एंव लोहरदगा क्षेत्र के सभी बडे धार्मिक आयोजन मे उनको बुलाया जाता था। उनका आकस्मिक निधन से भाजपा एंव वानर सेना जिलिंग, महावीर मंडल पंडरा, बरवाटोली,रुद, मराडीह कुडू के लोग ने शोक व्यक्त किया।

### शिक्षा मंत्री के निधन से पूरे झारखंड में मातम: महादेव राम

**कोडरमा :** भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम एवं भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि समाचार अत्यंत दुख अथवा पीड़ादायक है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि, उनके परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो आंदोलनकारी जुझारू कर्मठ एवं जनप्रिय नेता थे। शोक व्यक्त करने में जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम यादव, एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन, काली सिंह, रामेश्वर चौधरी, ब्रह्मदेव राणा, सुखदेव पांडे, रामचंद्र यादव, सुदामा यादव, बलवा देवी, बसमतिया देवी शामिल हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** शुक्रवार को हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में कोडरमा प्रखंड अंतर्गत इन्दरवा पंचायत भवन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया उमा देवी, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सी एच ओ दुर्गा प्रसाद, योग प्रशिक्षक शरद अग्रवाल, हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव उपस्थित थे। पंचायत की मुखिया उमा देवी ने कहा कि लोग दिनों दिन भौतिकवादी सुख-सुविधाओं के के गिरफ्त में आते जा रहे हैं, हम शारीरिक श्रम करना काफी कम कर दिए हैं जिस से तरह-तरह की बीमारियां हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा रही है। कैंसर जैसी समस्याएं आम हो गई है। हम गांव के लोग हैं हमें अपनी संस्कृति से जुड़ कर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखना है। योग प्रशिक्षक शरद अग्रवाल ने कहा कि योग से कई तरह की बीमारियां ठीक होती हैं या वह व्यक्ति जो योग करता है बीमार कम पड़ता है। इसीलिए सभी कोई अपने स्वयं के लिए कुछ समय निकालकर योग एवं ध्यान जरूर करें। परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने कहा कि हैंड इन हैंड इंडिया लगातार अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्राप्त करने में सहयोग प्रदान कर रही है। वहीं उन्होंने कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह में चल रहे लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन हॉस्पिटल एवं उसमें दी जा रही सेवाओं का भी जानकारी लोगों लोगों को दिया। कार्यक्रम का संचालन तुलसी कुमार साव तथा धन्यवाद ज्ञापन तोपति सेन ने किया। कार्यक्रम में इन्दरवा पंचायत के वार्ड सदस्य रेणु पंडित सहित विभिन्न गांव से स्वयं सहायता समूह के सदस्य दर्जनों की संख्या में उपस्थित थे।

### 52 मरीजों का हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन

**कोडरमा :** जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निः शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शुरूआत में जिले वासियों का आंख से संबंधित और स्त्री रोग से संबंधित जांच किया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में ग्रामीण आकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा रहे हैं। इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 52 मरीजों का मोतियाबिंद का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा में भर्ती किया गया, जहां सभी मरीजों चिकित्सकों व नर्सों की निगरानी में देखभाल की जा रही है। बता दें कि 6 अप्रैल को कुल 854 मरीजों का निबंधन कराया गया था, जिसमें 791 मरीज ने आंख की समस्या से निबंधन कराया और 63 स्त्री रोग से संबंधित मामले थे। आंख से संबंधित 348 मरीजों के बीच चश्मा का वितरण किया गया।

## डीडीसी ने किया भोंडो पंचायत का दौरा



राष्ट्रीय खबर

**चंदवारा:** उप विकास आयुक्त ऋतुराज शुक्रवार को चंदवारा प्रखंड के भोंडो पंचायत पहुचे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वैसे लाभुक जिनके द्वारा आवास निर्माण की राशि प्राप्त करने के पश्चात भी आवास निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। वैसे लाभुक कौलेश्वरी देवी, पति नारायण तुरी, लक्ष्मी देवी, पति-वासुदेव तुरी, शांति देवी, पति कार्तिक तुरी, देवंती देवी, पति विजय भूईयां को 30 दिनों के अन्दर आवास पूर्ण कराने हेतु बॉन्ड भरवाया गया। मौके पर प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर कटा केक छप्पनभोग का प्रसाद चढ़ाया गया

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर झुमरी तिलैया के विभिन्न हनुमान मंदिरों में गुरूवार की रात्रि में भक्ति संध्या एवं जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को भव्य लाइटिंग से नहलाया गया एवं मंदिरों में बाबा का आलौकिक श्रृंगार फुलों से किया गया एवं बेलून से मंदिर परिसर को सजाया एवं संवारा गया।

शहर के अधिकतर मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतार पुजा अर्चना के लिए लगी रही। वीर हनुमान के जायकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिरों निवास स्थलों में हनुमान चालीस की पंक्ति श्री गुरूचरण सरोज.. सुंदर कांड की चौपाई मंगल भवन व अमंगल हारी.. से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। अडडी बंगला रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में बाबा वीर हनुमान का दरबार आकर्षण ढंग से सजाया



गया। अखंड ज्योत के साथ-साथ सवामणि का प्रसाद एवं 56 भोग का प्रसाद भक्तों के बीच किया गया। पूजा अर्चना पंडित रामप्रवेश पांडेय ने करायी। इसमें यजमान के रूप में गौरव कुमार चौधरी, तनवी चौधरी शामिल हुए। भजनों का कार्यक्रम में कोलकता से आये नरेन्द्र सोनी अंजनी के मॉ का हुआ लाल बधाई हो सरे भक्तों को.. व वीर हनुमाना अतिबलमाना राम नाम जपीयो रे.. गिरधारी सोमानी ने सला सर का धनिया थाने राम राम.. नवीन पांडया ने सजा दो घर गुलशन का मेरे सरकार आये है.. बबलु सिंह ने प्रभु आपकी कृपा से मेरा काम हो रहा है करते हो कन्हैया मेरा नाम हो रहा है.. सत्येन्द्र सिन्हा ने हे दुखभजन मारूती नंदन.. आशीष श्रीवास्तव भेजा है बुलावा तुले शेरावाली ... मनोज माथुर ने बजरंग बली हनुमान तेरा जग में डंका बाज रहा है.. सुशील सिन्हा चीर के सीना बोले हनुमान.. सुरेश यादव श्री राम जानकी बैठक में हैं मेरे सीने में.. राजा चौरसिया ने देना है तो दीजिए जनम जनम का साथ.. पंकज केशरी ने बाबा जब भी जिसने तेरा नाम पुकारा है तुने उसका जीवन संवारा है.. जैसे भजनों से भक्तों को भकित सागर में गोता लगाने का मौका दिया।

### सदस्य ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**पाकुड़ :** बजरंग दल पाकुड़ के आह्वान पर सत्य सनातन संस्था के सक्रिय सदस्य व आनंदपुरी कॉलोनी के निवासी अभिनव झा ने शुक्रवार को रक्त अधिकोष गृह पहुंच कर अपना रक्तदान कर हिरणपुर प्रखंड के ग्राम डांगापाड़ा निवासी नंदरानी देवी जो अपना इलाज के लिए पाकुड़ के सदर प्रखंड में स्थित सदर अस्पताल में इलाजरत है, चिकित्सा के दौरान डॉक्टरों ने उक्त मरीज को रक्त चढ़ाने की सलाह दिया जिस पर मरीज के परिजन ने रक्त के लिए बजरंग दल के सहजिला संयोजक प्रतीक तिवारी से संपर्क किया जिस पर प्रतिक तिवारी ने रक्त के लिए सत्य सनातन संस्था के सक्रिय सदस्य अभिनव झां से संपर्क किया अभिनव ने रक्त की महत्व को समझते हुए रक्त अधिकोष पहुंच कर रक्तदान किया रक्तदाता अभिनव झा का यह तीसरा रक्तदान है उन्होंने कहा कि रक्त की कमी के कारण किसी का जीवन नही जाना चाहिए इसके लिए संस्था निरंतर रक्तदान सेवा कार्य कर रही है, जिसमे सभी को आगे बढ़ चढ़ कर सहयोग करना चाहिए ।

## शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झामुमो नेता सह राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर पार्टी में सन्नाटा पसरा है. उनकी मौत पर झामुमो का हर कार्यकर्ता स्मृतियों को याद कर भाव विह्वल हो जा रहे हैं। उनकी मौत की सूचना के बाद श्री श्याम यादव जिला अध्यक्ष पाकुड़ की अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके चित्र पर पार्टी पदाधिकारियों, केंद्रीय समिति के सदस्य एवं पार्टी कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर एवं 1 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर जिला अध्यक्ष श्री श्याम यादव ने कहा कि जगन्नाथ दा का यूं चले जाना अविश्वसनीय लग रही है। अलग राज्य के संघर्ष में उनका अहम योगदान था उनके आकस्मिक निधन से झारखंड एवं पार्टी के कार्यकताओं को अपूरणीय क्षति हुई है जिसका आकलन नहीं किया जा सकता है।

## शिक्षा मंत्री का निधन से शनिवार तक बंद रहेंगे स्कूल

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** स्कूली शिक्षा साक्षरता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखण्ड सरकार के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो जी के आकस्मिक निधन पर झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला इकाई पाकुड़ ने गहरा संवेदना व्यक्त करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गेब्रियल मुर्मू पूर्व जिला अध्यक्ष जय दत्ता, जिला सचिव राजकुमार भगत, मनोज कुमार भगत, जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालन ने स्वर्गीय महतो को श्रद्धांजलि देते हुए कहां की उनके असमय चले जाने से झारखंड एक मृदुभाषी शैक्षिक योद्धा को खो दिया है। जिला अध्यक्ष गेबरियल मुर्मू बताया कि वे निजी विद्यालय को लेकर हमेशा चिंतित रहा करते थे और उनके समस्याओं को लेकर गंभीर थे। उन्होनें आश्वासन दिया था कि निजी विद्यालयों की समस्याओं



का समाधान कर लिया जाएगा।

आप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कार्य करें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर मंत्री महोदय काफी गंभीर थे। उनके निधन के समाचार से निजी विद्यालयों में शोक की लहर है। जिला अध्यक्ष के गबरियाल मुर्मू ने बताया कि कोर कमेटी के विशेष बैठक में सामूहिक रूप से शनिवार निजी विद्यालय बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

# तीसरी जुमा पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

- पाक महीना माह-ए-रमजान 24 मार्च से शुरू हुई थी
- लगभग 14 घंटा उपवास के बाद करते हैं इफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जिले भर के मस्जिदों में रमजान महीने की तीसरी जुमा की नमाज शुक्रवार को अदा की गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी नमाज अदा की गई। गांव के छोटे छोटे बच्चों ने भी रोजा रखकर जुम्मे की नमाज अदा की।

पाकुड़ प्रखंड के ईशाकपुर पंचायत में मस्जिद के इमाम तारिकूल हुसैन ने लोगों को नमाज अदा करवाई। जिसमें नमाज के बाद दुआ में अपने गुनाहों से तौबा करते



हुए पूर्वजों की मगफिरत दुआ मांगी। जकात एवं सदका-ए-फितर पर इमाम तकरीर में कहा जकात जिसकी जैसी वार्षिक आय होती है। उसमे से वार्षिक खर्च के बाद जो बचत है उससे 2.5% जकात वाजिब है। एवं सदका-ए-फितर परिवार के एक व्यक्ति पर 60 रुपया सदका-ए-फितर निर्धारित होने की संभावनाएं। ईशाकपुर मस्जिद के इमाम तारिकुल ने बताए की मुस्लिम समुदाय के लिए रमजान महीना पवित्र महीना माना जाता है साथ ही इस माह को रहमत और बरकत का महीना माने जाए है मुस्लिम समुदाय के लोग।

कितना घंटा उपवास रहता है मुस्लिम समुदाय के लोग।मुस्लिम समुदाय के लोग भोर के करीब 04:00 बजे सेहरी (खाना) करता है, दिन भर उपवास रहने के बाद शाम के 06:00 बजे इफ्तारी करते है तकरीबन 14 घंटा उपवास रहता है।

## न्यूज फटाफट

### नया ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरपा पंचायत के मुरपा बगीचा में 100केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवम एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने किया। ये ट्रांसफार्मर विगत 15 दिनों से खराब था और आस पास के ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। खराब ट्रांसफार्मर की जानकारी बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवम पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी को देने के पश्चात विभाग को शिकायत करने के 24 घंटे के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया ।जिस से ग्रामीणों मे खुशी का मौहोल देखा जा रहा है। वहा के जनता ने जिप सदस्या प्रियंका कुमारी एवम बिजिली विभाग को धन्यवाद दिया । मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ,कासिम, मुमताज लालो,अमजद ,नंदलाल ,अजहर, योगेंद्र ,तालिब ,समीर ,एमडी सफकत ,चंदन, एमडी अबरार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाए विभाग : आलोक साहू

**कुडू :** प्रखंड के ग्राम सुंदरु आदिवासी टोला के ग्रामीणों की शिकायत पर शुक्रवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ सुंदरू आदिवासी टोला गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने साहू को बताया कि आदिवासी टोला में 25 केवी का दो ट्रांसफार्मर विगत 2 माह से खराब है जिसके कारण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने साहू से अविलंब दोनों ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग किये। मौके पर साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है तथा समस्याओं का निदान त्वरित गति से किया जा रहा है। दो माह से गांव में बिजली नहीं रहने के कारण जनता को काफी परेशानी हो रही है। कांग्रेस पार्टी अनवरत जनहित में काम करती है। साहू ने मौके पर से ही लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर यहां के बिजली की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए शीघ्र दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की बात कहें ।कार्यपालक अभियंता ने शीघ्र दोनों ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिए ।मौके पर लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव, मनीष शर्मा ,देवी भगत ग्राम प्रधान ,जगन्नाथ उरांव,सुरेश उरांव,बालदेव उरांव, अनिल उरांव, तौहिद अंसारी ,बबलू उरांव, विष्णु उरांव, करमा उरांव, अनीता उरांव, शांति कुमारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### ट्रांसफार्मर जला, अंधेरे में रहने को विवश ग्रामीण

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत स्तिथ जीपुआ ग्राम में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश है । इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से 70 कनेक्शन धारी हैं। जिसमे लगभग ग्रामीणों द्वारा ससमय पर बिजली बिल का भुगतान किया जाता है ।बीते एक माह पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था ।जिसे बिजली। विभाग द्वारा बदला नही जा रहा है ।ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा की हम सभी ग्रामीण अगर बिल नहीं भरें तो कनेक्शन काट दिया जाता है और केस दर्ज कर दिया जाता है ।लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं रहने के कारण पिछले एक माह से हम लोग अंधेरे में हैं। कहा,रमजान का महीना चल रहा है वही रामनवमी पर वह भी समाप्त हुआ है ।उससे पहले से ही गांव में बिजली नहीं है। ग्रामीणों ने इस संबंध में लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से मामले पर पहल करते हुए गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**बालूमाथ :** झारखण्ड राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामयिक निधन पर झामुमो प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरां व समेत पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने कहा कि विश्वास नहीं हो रहा है कि जगरनाथ दा हम लोगों को छोड़कर चले गए। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। उनके असामयिक निधन से झारखंड समेत पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव,प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझु,लालू उरांव,मो०इनामुल,जयराम गंझु,संतोष उरांव,धर्मजीत भुइं या,सुरेंद्र भोक्ता,संदीप उरांव,दशरथ यादव,धनेश्वर गंझु,राजू गंझु समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो सहित ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों में शुक्रवार की दोपहर रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने अमन चैन एवं भाईचारे की दुआ मांगी। नमाजियों में काफी उत्साह देखा गया। वही मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ।ज्ञात हो कि प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद शाहगंज, कर्बला नगर, देवीपुर, खेशमी, विंडो मोह, नावाडीह, दशारो, पपलो सहित सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ काफी देखी गई। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों में भी भीड़ देखी गई।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**कोडरमा :** झारखण्ड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के इलाज के दौरान चेन्नई में आकस्मिक निधन पर ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम एवं ग्रिजली पब्लिक स्कूल, गुमो में शोक सभा का आयोजन किया गया। ग्रिजली विद्यालय एवं ग्रिजली पब्लिक स्कूल में छात्रों तथा शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इससे पूर्व ग्रिजली विद्यालय में संयोजक विजय कुमार सिंह तथा अनुराग कुमार सिंह एवं ग्रिजली पब्लिक स्कूल की शिक्षिका इशिका नंदी ने विद्यालय में उपस्तिथ छात्रों के बीच जगन्नाथ महतो के जीवन परिचय के बारे में बताया और उनके आकस्मिक निधन की सुचना दी। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, ग्रिजली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या नीरजा, ग्रिजली विद्यालय के संयोजक जितेंद्र चौधरी, बी डी नस्कर, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, ग्रिजली पब्लिक स्कूल के संयोजक सकिंदर कुमार, अनिता कुमारी, मरिया मंडल, अर्चना चंदन, पूजा झा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

### झुमरीतिलैया में शुरू हो गयी देशी फ्रिज की बिक्री


**झुमरीतिलैया :** वैशाख महीना की शुरूआत हो गई। इसी के साथ गर्मी भी बढ़ने लगी है। गर्मी से निजात पाने के लिए देसी फ्रिज का उपयोग के रूप में घड़े और मिट्टी से बने बोतल बाजार में आ गए हैं। योगी सुषमा सुमन और प्रदीप सुमन ने कहा कि विदेशी फ्रिज का पानी और ठंडा पीने से बीमारी बढ़ती है। इसलिए स्वदेशी फ्रीज अपनाएं और दूसरों को रोजगार में भी मदद करें।

### विश्वकर्मा समाज के जिला संरक्षक का निधन

**कोडरमा :** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के जिला संरक्षक श्यामसुंदर विश्वकर्मा उम्र 75 वर्ष का निधन रिम्स रांची में हो गया। इनका दाह संस्कार शुक्रवार को विष्णुपद गया के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष राणा ने कहा कि इनके निधन से समाज का अपूरणीय क्षति हुई है। प्रदेश महासचिव हीरामन मिस्त्री, प्रदेश संगठन सचिव प्रोफेसर कैलाश राणा, विनोद विश्वकर्मा, सुखदेव राणा, भुनेश्वर राना, रामदेव विश्वकर्मा, लालजी राणा, उमेश राणा, विनोद राणा, अरुण राणा, मनोज राणा, रामेश्वर राना, भागीरथ विश्वकर्मा, रामदेव शर्मा, रामचंद्र राणा, द्वारीका राणा, अरुण राणा, दीपक राणा, सुरेश राणा एवं विश्वकर्मा परिवार के सभी बंधु ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## न्यूज फटाफट

### विराट और शाहरुख ने किया साथ में डांस





**नई दिल्ली :** कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीमें छह अप्रैल को आमने सामने थी। इस मुकाबले में दोनों टीमों के बीच दमदार मुकाबला देखने को मिला मगर इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को हार का मुंह देखना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को दमदार 81 रनों से मात दी है। इस मैच के बाद कुछ ऐसा खास हुआ जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।दरअसल वीडियो वायरल होने के पीछे कारण है खुद किंग खान और विराट कोहली। कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत के बाद टीम के मालिक शाहरुख खान मैदान पर बैंगलोर के खिलाड़ी विराट कोहली से मिले। मैदान पर पहुंचने के बाद शाहरुख खान ने विराट कोहली से हाथ मिलाया और उनके गाल खिंचे। इस तरह से दोनों के मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।इसके बाद दोनों ने शाहरुख खान की हाल ही में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के गाने झूमे जो पठान पर डांस किया। दोनों ने मैदान पर मिलकर डांस किया है। इस डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दोनों के डांस के वीडियो की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रही है। गौरतलब है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान आमतौर पर अपनी टीम के मुकाबले में टीम को चीयर करने पहुंचते है। वो पूरे मैच के दौरान टीम को चीयर करते और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते दिखते है। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 72 रनों के बड़े अंतर से मात दी है। गौरतलब है कि ये मुकाबला ईडन गार्डन्स में खेला गया था। टीम ने चार वर्षों के लंबे इतजार के बाद अपने होम ग्राउंड पर ना सिर्फ मुकाबला खेला बल्कि उसमें जीत भी हासिल की। इस मुकाबले में जीत हासिल कर कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी जीत का खाता खोल दिया है।

क्रिकेट

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान का मानना है कि

# भारत को विश्व कप जिता सकते हैं सूर्यकुमार : पॉन्टिंग

एजेंसियां

**दुबई :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को खराब फॉर्म के बावजूद एकदिवसीय विश्व कप खेलना चाहिये क्योंकि वह भारत को विश्व विजेता बनाने की क्षमता रखते हैं। पॉन्टिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा, दुनिया भर में हर कोई जानता है कि सीमित ओवर क्रिकेट में सूर्य क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि टीम को उनके साथ रहना चाहिये। मुझे लगता है कि वह भारत को विश्व कप जिता सकते हैं। उन्होंने कहा, 'वह निरंतर प्रदर्शन नहीं करते लेकिन वह उस तरह के खिलाड़ी हैं जो बड़े क्षणों में आपको जीत दिला सकते हैं। कुछ वैसे ही जैसे दिवंगत महान एंड्रयू साइमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिये किया था।' गौरतलब है कि टी20 क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके सूर्यकुमार एकदिवसीय प्रारूप में खासा प्रभावित नहीं कर सके हैं।





उन्होंने अपने करियर की 21 वनडे पारियों में 24.05 की औसत से 433 रन बनाये हैं।

ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध घरेलू सरजमीन पर खेली गयी हालिया एकदिवसीय शृंखला के तीन मैचों में वह खाता भी नहीं खोल सके थे। पॉन्टिंग ने कहा, जब आप इन लोगों को समय देते हैं, तो आप उन्हें एक अवसर देते हैं, आप उन्हें एक स्पष्ट दिशा देते हैं। वे उस भूमिका के बारे में स्पष्टता प्राप्त करते हैं जो आप उन्हें निभाते हुए देखना चाहते हैं। उनके पास इतनी प्रतिभा है कि वे अकेले दम पर आपको मैच जिता सकते हैं। मैं भारत के लिये यही करता। मैं सुरक्षा की तरफ जाने के बजाय मैच विजेता खिलाड़ियों को चुनता और मुझे लगता है कि वह (सूर्यकुमार) मैच-जिताऊ खिलाड़ी है। पॉन्टिंग ने कहा कि सूर्यकुमार को भारत के लिये एकदिवसीय क्रिकेट में नंबर पांच पर बल्लेबाजी करनी चाहिये। ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि वह वैसे भी केवल पांच पर बल्लेबाजी कर रहे थे।

मैं उन्हें उससे ज्यादा नीचे नहीं देखना चाहता, खासकर हार्दिक (पांड्या), (रवींद्र) जडेजा और अक्षर (पटेल) के होते हुए। मैं खेल के सभी प्रारूपों में आपके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को अधिक से अधिक समय देने में विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा, क्योंकि अगर आप उन्हें अक्सर क्रम में नीचे रखते हैं, तो कभी-कभी आपको अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का उपयोग करने का मौका नहीं मिलता है और आप ऐसा बिल्कुल नहीं चाहते हैं।

## खेल जगत अपडेट्स

### टोपली की जगह पार्नेल आरसीबी में शामिल

बेंगलुरु : रॉयल चैलेंजर्स



बैंगलोर (आरसीबी) ने चोटग्रस्त तेज गेंदबाज रीस टोपली की जगह दक्षिण अफ्रीका के वेन पार्नेल को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। फ्रेंचाइजी ने विज्ञप्ति में चोटग्रस्त बल्लेबाज रजत पाटीदार की जगह विशक विजय कुमार को तलब करने की जानकारी भी दी। एड़ी की चोट के कारण पाटीदार आरसीबी के सीजन के पहले मैच में नहीं खेले थे। वह चोट से न उभर पाने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। दूसरी ओर, आरसीबी के पहले मैच में फील्डिंग करते हुए टोपली के कंधे में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें बाकी के टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। पार्नेल ने अब तक छह टेस्ट और 73 एकदिवसीय मैचों के अलावा 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। उनके नाम पर 59 ळ20क विकेट हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पार्नेल इससे पहले 26 आईपीएल मैच खेल चुके हैं और 75 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़े हैं। पाटीदार के स्थान पर 20 लाख रुपये में नियुक्त किये गये विशक विजय कुमार घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्होंने 14 टी20 मैच खेलकर 22 विकेट लिये हैं।

### राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका,जोस बटलर का टीम से बाहर होना तय

**नई दिल्ली :** आईपीएल 2023 प्लेयर्स के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। केन विलियमसन के बाद अब राजस्थान रॉयल्स के स्टार खिलाड़ी जोस बटलर भी चोटिल हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलााफ होने वाला अगला मुकाबला जोस बटलर नहीं खेल सकेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन प्लेयर्स के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। केन विलियमसन के अलावा कई खिलाड़ी चोट के चलते आईपीएल से बाहर हो चुके हैं। इसी बीच अब राजस्थान रॉयल्स के लिए बुरी खबर आ रही है, जो कप्तान संजू सैमसन के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है। राजस्थान रॉयल्स को अगला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के साथ खेलना है, लेकिन इस मैच में जोस बटलर नहीं खेल सकेंगे।

# दिल्ली कोच ने बयां किया सुयश शर्मा का संघर्ष



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग में वीरवार को केकेआर ने जीत गया, तो पिछले मैच में बरसने वाले कोहली और फैफ डु प्लेसी सस्ते में निपट गए। शारदूल ठाकुर आतिशी पारी से प्लेयर ऑफ द मैच बने, लेकिन आकर्षण और प्रशंसकों की सुई अटक गयी हीरो लुक वाले 19 साल के लेग स्पिनर सुयश शर्मा पर, जिन्होंने तीन विकेट लिए। इधर सुयश विकेट चटका रहे थे, उधर फैंस अलगज-अलग मचों से उनके आंकडे. और कहानी तलाश रहे थे, जो कहीं पर भी नहीं मिला। और मिलना भी नहीं था क्योंकि दिल्ली का छोकरा अभी अपने राज्य के लिए लिस्ट ए और यहां तक कि टी20 का एक मैच भी नहीं खेला था। बतौर इम्पैक्ट प्लेयर' खेलने वाले सुयश शर्मा का खेल में कोई गॉडफादर' नहीं है। पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके के 19 वर्षीय सूयश ने कोलकाता की टीम की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण करते हुए 30 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 81 रन से पराजित करने में कामयाब रही। मध्यम वर्ग के परिवार की अपनी ही समस्यायें होती हैं और फिर उनके पिता भी कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहे हैं।

# शार्दुल ने अपेक्षाओं से बेहतर प्रदर्शन किया : इरफान



एजेंसियां

**कोलकाता:** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आतिशी अर्द्धशतक जड़ने वाले शार्दुल ठाकुर की तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी यह पारी सभी की अपेक्षाओं से परे थी। इरफान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, शार्दुल ठाकुर ने कठिन परिस्थितियों में जिस तरह की पारी खेली वह वास्तव में सराहनीय है। उनकी आक्रामक पारी ने कुछ ही समय में खेल का रंग बदल दिया। आप आंद्रे रसेल, नितीश राणा और मनदीप सिंह से इस प्रकार की पारियों की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन जिस तरह का रुख शार्दुल ने दिखाया वह असाधारण था। आप उनसे 30-35 रनों की पारी की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने एक शानदार पारी खेली जो सभी की उम्मीदों से परे थी। आरसीबी के खिलाफ टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 12 ओवर में 89 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे। ईडन गार्डन पर सीजन का पहला मैच खेलते हुए मेजबान टीम छोटे स्कोर पर सिमट सकती थी लेकिन शार्दुल ने सिर्फ 29 गेंद पर 68 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए केकेआर को 20 ओवर में सात विकेट पर 204 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में मदद की। शार्दुल ने अपनी पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए रिंकू सिंह के साथ 103 रन की साझेदारी की। इरफान ने कहा, टी20 में अपना उच्चतम स्कोर बनाकर शार्दुल ने उस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया है जिसके लिये उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से केकेआर में शामिल किया गया था। केकेआर ने उन्हें उनकी हरफनमौला क्षमता के लिये तलब किया था। उन्होंने यह पारी खेलकर अपने चयन को सही ठहराया है। शार्दुल ने इसके बाद गेंद से भी एक विकेट चटकाया और केकेआर 81 रन से मुकाबला जीतने में सफल रही। केकेआर और आरसीबी के बीच की प्रतिद्वंद्विता आईपीएल के पहले ही मैच से चली आ रही है। दोनों टीमों ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ यादगार मुकाबले खेले हैं।

## सानिया ने शेयर किया इफ्तार करते हुए वीडियो,नदारद दिखे पति शोएब मलिक



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा इन दिनों रमजान के महीने में रोजे रख रही है। वो अपने बेटे और परिवार के साथ रोजा रखती हैं। इसका वीडियो भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसमें वो इफ्तार करती नजर आ रही है। इस वीडियो में उनके पति और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक नजर नहीं आ रहे हैं, जिसके बाद फिर से सोशल मीडिया पर दोनों के तलाक की चर्चा होने लगी है।टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा इफ्तार मेरे प्यारे लव के साथ। इस वीडियो में सानिया अपने बेटे इजहान के साथ इफ्तार करती दिख रही है। डाइनिंग टेबल पर कई तरह की डिशेज रखी हुई है। वीडियो में दो लोग इफ्तार कर रहे है। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स कई तरह के कमेंट्स कर रहे है। इस वीडियो के सामने आने के बाद यूजर्स कई तरह के कमेंट्स करते दिख रहे है। यूजर्स का कहना है कि ये तो पक्का है कि दोनों अब साथ नहीं है। एक अन्य यूजर ने पूछा कि शोएब भाई कहां है। बता दें कि बीते कई महीनों से सानिया के वीडियो और फोटोज अकेले ही आ रहे है। वो कई दिनों से अपने बेटे इजहान के साथ दुबई में अकेले ही रह रही है जबकि उनके पति शोएब पाकिस्तान में रहते है। गौरतलब है कि सानिया मिर्जा और शोएब मलिक दोनों ही पिछले लंबे समय से अकेले रह रहे है। दोनों को काफी अर्से से साथ में भी नहीं देखा गया है जिस वजह से तलाक की अटकलें भी तेज हो गई है। वहीं रमजान के शुरू होने से पहले सानिया मिर्जा मदीना पहुंची थी। यहां वो अपने पूरे परिवार के साथ उमराह करना गई थी मगर इसमें उनके पति शोएब शामिल नहीं थे।

# प्रियंका चोपड़ा ने 'सिद्धि विनायक मंदिर' में किया दर्शन



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी बेटी के साथ सिद्धि विनायक मंदिर में दर्शन किया है। प्रियंका अपनी आने वाली फिल्म 'सिटाडेल' का प्रमोशन करने के लिए मुंबई आई हुई हैं। इस दौरान प्रियंका अपनी बेटी जोनस चोपड़ा के साथ मुंबई के सिद्धि विनायक मंदिर के दर्शन करने पहुंची। ट्रेडिशनल कपड़ों में प्रियंका ने अपनी बेटी को गोद में लेकर भगवान गणेश के दर्शन किए। प्रियंका अपनी बेटी के साथ पहली बार भारत आईं हैं। मंदिर में प्रियंका हलके नीले रंग के ट्रेडिशनल कपड़ों में नजर आईं। उन्होंने अपनी बेटी को गोद में लेकर भगवान की मूर्ति की तरफ सर झुकाया और आशीर्वाद लिया। प्रियंका ने मंदिर में पंडित जी से अपनी बेटी को तिलक भी लगवाया। वेब सीरीज 'सिटाडेल' 28 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

## पवन सिंह और खुशबू जैन का टी-सीरीज निर्मित 'तुम्हारे सिवा' रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** भोजपुरी गायक पवन सिंह और गायिका खुशबू जैन का टी-सीरीज निर्मित गाना 'तुम्हारे सिवा' रिलीज हो गया है। 'तुम्हारे सिवा' गाना निखिल विनय-छोटे बाबा द्वारा रचित है और फैजअनवर और समीर द्वारा लिखा गया है। 'तुम्हारे सिवा' का संगीत वीडियो एक सुखद अंत के साथ एक दुखद कहानी को दर्शाता है, प्यार की सच्ची परीक्षा को दर्शाता है क्योंकि एक युगल खुद को दुविधा के बीच पाता है। पवन सिंह एक ऐसे पति की भूमिका निभाते हैं जो लकवे से उबरने के लिए अपनी पत्नी (स्वाति चौहान द्वारा अभिनीत) का आशा और हताशा के साथ प्रतीक्षा कर रहे है। पवन सिंह ने कहा, तुम्हारे सिवा शाश्वत प्रेम के बारे में है, एक जो समय की कसौटी पर खरा उतरता है।

## इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों को आजीवन मिलेगा पेंशन

एजेंसियां

**मुंबई :** इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (इंपा)के वरिष्ठ नागरिक सदस्यों को अब आजीवन पेंशन मिलेगा। इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने बताया कि वित्तीय सहायता की आवश्यकता वाले हमारे वरिष्ठ नागरिक सदस्यों को आजीवन पेंशन प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के कार्यालय में पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर, यह अतिमहत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन पहले से ही सभी सदस्यों को दुर्घटना बीमा और आपातकालीन चिकित्सा सहायता के साथ-साथ सदस्यों के बच्चों को पोस्ट एग्रेजुएशन के लिए शैक्षिक सहायता प्रदान कर रहा है।

# फिल्मफेयर अवॉर्ड्स को होस्ट करेंगे सलमान , मनीष



एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और मनीष पॉल ह्यफिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2023ह्न कार्यक्रम को होस्ट करेंगे। मनीष पॉल को व्यापक रूप से टीवी होस्टिंग के लिए जाना जाता है और वह भारत में सभी प्रमुख अवार्ड शो के प्रमुख हैं। मनीष और सलमान ने समय-समय पर अपने मज़ेदार मज़ाक के साथ दोस्ती को आगे बढ़ाया है , जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अब दोनों फिर एकसाथ एक अवॉर्ड में नजर आने वाले हैं। इससे पहले 'बिग बॉस' के पिछले सीज़न के एक विशेष एपिसोड को होस्ट करने के बाद, मनीष और सलमान साथ-साथ नजर आए थे। गौरतलब है कि अपनी हाजिर जवाबी, हास्य और सहजता के साथ मनीष ने प्रतिष्ठित और मजेदार अवार्ड नाइट में मनोरंजन का तड़का लगाने का वादा किया है। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स का आयोजन 27 अप्रैल को मुंबई में होगा।

## बिग बी अभिनीत फिल्म 'सेक्शन 84' में नजर आएंगी निमरत कौर

एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** बॉलीवुड अदाकारा निमरत कौर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म ह्यसेक्शन 84ह्न में नजर आएंगी। यह फिल्म कोर्टरुम ड्रामा पर आधारित है जिसे फिल्म निर्माता रिभु दासगुप्ता ने बनाया है। निमरत ने एक बयान में कहा, ''अमिताभ बच्चन के साथ रुपहले पर्दे पर जीवंत होने के असीम सौभाग्य के साथ अपने जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण रचनात्मक फिल्मों में से करने जा रही हूं। इस अविश्वसनीय और दिलचस्प अवसर प्रदान करने के लिए मैं रिभु दासगुप्ता का दिल से आभारी हूं!'' फिल्म में डायना पेंटी और अभिषेक बनर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'सेक्शन 84' फिल्म की प्रस्तुति रिलायंस एंटरटेनमेंट, जियो स्टूडियोज के सहयोग से कर रही है और रिलायंस एंटरटेनमेंट और फिल्म हैंगर द्वारा निर्मित है।



## प्रदेश >> अपडेट

### युवक की धारदार हथियार से हत्या

**भिंड :** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के भारौली थाना क्षेत्र के गोरम गांव में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। युवक अपने कुछ साथियों के साथ घर से निकला था, तभी अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गयी। राहगीरों ने जब युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### शिवराज के निर्देश पर हटाए गए मुरैना एसपी

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के बाद मुरैना के पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी को पद से हटा दिया गया। चौहान कल मुरैना दौरे पर थे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मुरैना एसपी की कार्यशैली को लेकर शिकायत की थी। वहीं कुछ मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से भी स्थानीय लोग नाराज थे। जिसके बाद मुख्यमंत्री चौहान ने एसपी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए थे।

### नगर निगम के दस्ते ने नगरीय कर नहीं जमा कराने पर होटल को किया सीज

**अजमेर :** राजस्थान के अजमेर के गांधी भवन के ठीक सामने आठ मंजिला होटल स्काई ग्रील के किरायेशुदा कुछ परिसर को आज नगर निगम के दस्ते ने सीज कर दिया। निगम की ओर से नगरीय कर के 13 लाख 68 हजार से ज्यादा बकाया की भी नोटिस भवन पर चस्पा किया गया। अजमेर के गांधी भवन के सामने रेलवे स्टेशन परिसर की मुख्य सडक पर तालेडा स्कावयर ने नाम से निर्मित यह आलीशान भवन में होटल के साथ साथ शोरूम एवं अन्य किरायेदार भी हैं। ये भवन रेलवे की जमीन पर निर्मित है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### फॉरेस्ट पैटर्न पर किए जाएंगे 85 पद सृजित

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बाघों के महत्व को ध्यान में रखते हुए रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में चलाई जा रही बाघ परियोजना के लिए विशेष बाघ संरक्षण बल (एसटीपीएफ) में 85 पदों को पुलिस पैटर्न के स्थान पर फॉरेस्ट पैटर्न के अनुसार सृजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। गहलोत ने इसके साथ ही 27 वन चौकीदार (फॉरेस्ट वॉचर) की सेवाएं संविदा पर लेने की स्वीकृति भी दी है। प्रस्ताव के अनुसार इन पदों में सहायक वन संरक्षक का एक, क्षेत्रीय वन अधिकारी के तीन तथा वन रक्षक के 81 पद होंगे जो नियमानुसार भरे जाएंगे। साथ ही 27 वन चौकीदार की सेवाएं आरटीपीपी नियमों के अनुसार संविदा पर ली जाएगी। इससे राज्य सरकार पर लगभग 3.6 करोड़ रूपए का वार्षिक वित्तीय भार आएगा। गहलोत ने वर्तमान पुलिस पैटर्न आधारित 'विशेष बाघ संरक्षण बल' के कारण होने वाली परेशानी तथा फॉरेस्ट पैटर्न से होने वाले लाभों को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से रणथंभौर में बाघों का संरक्षण, तथा शिकारियों से बचाव आदि के कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकेंगे।

### कुपवाड़ा में हिमस्खलन की चेतावनी


**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने शुक्रवार को कुपवाड़ा जिले में आगामी 24 घंटों के दौरान कम खतरे के स्तर के हिमस्खलन की चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने यहां बताया कि जेकेडीएमए ने कुपवाड़ा जिले के ऊपरी हिस्से में आगामी 24 घंटे में कम खतरे वाले हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सलाह दी जाती है कि वे अगले आदेश तक एहतियात बरतें और हिमस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में जाने से बचें।

---

**चिकित्सा** वैश्विक स्तर पर निर्यात में बढ़ोत्तरी के बाद गुणवत्ता में कमी

# भारतीय दवा उत्पादन की साख तेजी से गिर रही है

- रेनबैक्सी की दवा 2013 में घटिया पायी गयी
- दो देशों में बच्चों की मौत कफ सिरप से हुई
- भारत में गुणवत्ता नियंत्रण कमजोर हो गया




राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली :** वैश्विक स्तर पर वर्तमान नरेंद्र मोदी की सरकार अपने निर्यात में बढ़ोत्तरी का भी दावा करती है, जो गलत भी नहीं है। सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है, जो दुनिया की आपूर्ति का 20प्रतिशतउत्पादन करता है। इसका 50 बिलियन डॉलर का दवा-निर्माण उद्योग 200 से अधिक देशों को दवाओं का निर्यात करता है और सभी टीकों का 60 प्रतिशतबनाता है। यह अमेरिका के बाहर यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अनुपालन संयंत्रों की उच्चतम संख्या का दावा करता है, और वास्तव में, इसकी कुछ जेनेरिक दवा कंपनियां उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं का उत्पादन करती हैं। लेकिन घटनाक्रम बताता है कि उस भावना पर भरोसा करना नासमझी है। वर्ष 2013 में, प्रमुख भारतीय दवा निमार्ता रैनबैक्सी लेबोरेटरीज लिमिटेड की एक अमेरिकी सहायक कंपनी ने अमेरिकी संघीय आपराधिक आरोपों के लिए दोषी ठहराया और मिलावटी जेनेरिक दवाओं को बेचने, डेटा गढ़ने और धोखाधड़ी करने के लिए 500 मिलियन डॉलर का हजार्ना भुगतान करने पर सहमत हुई। एफडीए अनुपालन व्यवस्था में गंभीर खामियों ने इन उल्लंघनों को अनदेखा कर दिया, जब तक कि एक साल की लंबी जांच ने स्थानिक भ्रष्टाचार को उजागर नहीं किया। भारत में बनी एक जेनेरिक दवा और उच्च कोलेस्ट्रॉल के इलाज के लिए अमेरिका में बेची जाने वाली दवा लिपिटर पर आधारित, उदाहरण के लिए, नीले कांच के टुकड़ों से दूषित थी, जैसा कि पत्रकार कैथरीन एबन ने अपनी पुस्तक, बॉटल ऑफ लाइजः द इनसाइड स्टोरी ऑफ द जेनेरिक ड्रग में दर्ज किया है। बूम। उनकी किताब रैनबैक्सी में काम करने वाले व्हिसल ब्लोअर दिनेश ठाकुर के अनुभव पर आधारित है। फरवरी में आयोजित एक दो दिवसीय 'विचार-मंथन सत्र'प्रणाली की अंतर्निहित कमजोरियों को स्वीकार करने के लिए प्रतीत हुआ, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने प्रतिभागियों से कहा कि भारत को जेनेरिक से गुणवत्ता-जेनेरिक दवाओं की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। ड्रग रिकॉल पर एक राष्ट्रीय कानून 1976 से बिना किसी संकल्प के चर्चा में है, और सरकार - कम से कम सार्वजनिक रूप से इनकार में बनी हुई है। अब कहा जा सकता है कि मिलावटी भारतीय नशीले पदार्थ केवल विकासशील विश्व के निर्यात बाजारों जैसे गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में ही बच्चों की जान नहीं ले रहे हैं। वे घर पर बच्चों को भी मार रहे हैंः 2019 में, डायथिलीन ग्लाइकोल युक्त खांसी की दवाई के कारण जम्मू राज्य में कम से कम 11 शिशुओं की मौत हो गई।

डीईजी युक्त दवा के साथ बच्चों का सामूहिक जहर भारत में पिछले पांच मौकों पर हुआ है - 1998 के एक मामले में, दूषित खांसी की दवाई का सेवन करने के बाद तीव्र गुर्दे की विफलता के कारण 36 बच्चों की मृत्यु हो गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अक्टूबर और जनवरी में अलर्ट भेजकर अलमारियों से खांसी की दवा हटाने को कहा था।

## सिमरनजीत मान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए: चावला

एजेंसियां

**अमृतसर :** पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो. लक्ष्मीकांता चावला ने शुक्रवार को कहा कि देश विरोधी गतिविधियों के लिए संगरूर से सांसद सिमरनजीत सिंह मान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रो. चावला ने कहा कि मान ने खुद स्वीकार किया है कि उन्होंने पैसे लेकर हजारों लोगों को विदेशों का वीजा दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग विदेश जाने के लिए वीजा पासपोर्ट आदि का प्रबंध नहीं कर पाते उनका सबसे बड़ा सहायक सिमरनजीत सिंह मान है। उसकी सिफारिशी चिट्ठी के साथ वह सारे काम हो जाते थे, जो सही ढंग से करवाना मुश्किल है और सारी कानूनी प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाते हुए सिमरनजीत सिंह मान की चिट्ठी लोगों को विदेश भेजने में सहायक हो जाती। प्रो. चावला ने कहा कि अब तो मान खुद ही कह रहे हैं कि उन्होंने हजारों लोगों को विदेशों में वीजा लेकर दिया है, बसाया है। उन सरकारों को यह समझा दिया है कि खालिस्तानी होने के कारण इन लोगों को पंजाब में जान का खतरा है। मान ने यह भी मान लिया कि वे यह सारा काम रिश्वत लेकर करते हैं। उन्होंने यह कह दिया है कि बाकी सब पार्टियां भी चंदा इकट्ठा करती हैं। वह पार्टी चलाने के लिए इसी ढंग से रुपये लेते हैं। प्रो. चावला ने कहा कि मान ने संविधान की शपथ लेकर भी संविधान के विरुद्ध काम किया, इसलिए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 13 मरीजों की मौत



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 13 मरीजों की मौत हुई है और सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी के बीच संक्रमण के 2,716 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 2,334 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 2,20,66,20,700 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 28,303 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,45,104 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,943 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 3,320 बढ़कर 4,41,85,858 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 1,193 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, दिल्ली में 265, हिमाचल प्रदेश में 228, तमिलनाडु में 150, उत्तर प्रदेश में 124, महाराष्ट्र में 113, छत्तीसगढ़ में 85, ओडिशा में 70, राजस्थान में 61, गोवा में 54, पंजाब में 49, केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 47, कर्नाटक में 39, सिक्किम में 21, मध्य प्रदेश में 20, पश्चिम बंगाल में 19, चंडीगढ़ में 17, बिहार में 11, झारखंड में नौ, पुड्डुचेरी में सात, आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना में चार-चार, लद्दाख में तीन, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, मणिपुर और नागालैंड में एक-एक मामले बढ़े हैं।

## नौ अप्रैल को भाजपा जारी करेगी उम्मीदवारों की सूची: बोम्मई



एजेंसियां

**शिवमोग्गा :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नौ अप्रैल को दिल्ली में संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा, उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से की गई है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए तीन उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। हम कल और परसों दिल्ली में उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करेंगे और सूची जारी करेंगे। बोम्मई और पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ बैठकों में भाग लेने के लिए आज दिल्ली जाएंगे। इस दौरान नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। कांग्रेस में मतभेद को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रतिद्वंद्वी पार्टी के पास 60 सीटों पर उम्मीदवार नहीं हैं, इसलिए वह भाजपा के मौजूदा विधायकों से संपर्क कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के पास 60 सीटों पर उम्मीदवार नहीं हैं। दूसरी सूची जारी करने से पहले उन्होंने फिर से हमारे विधायकों से संपर्क किया और कहा कि अगर वे कांग्रेस में शामिल होने के लिए सहमत हैं तो हम टिकट लंबित रखेंगे। यह कांग्रेस पार्टी की हालत है। अठानी में भाजपा खेमे में नाराजगी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टिकट के इच्छुक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) लक्ष्मण सावदी और महेश कुमाथल्ली के बीच समस्या को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जाएगा। गौरतलब है कि कांग्रेस ने अब तक 166 उम्मीदवारों की सूची जारी की है और जनता दल सेक्युलर (जद-एस) ने 93 नामों की घोषणा की है।

## गुड फ्राइडे पर विभिन्न दलों के शीर्ष नेताओं ने प्रभु ईसा को किया याद




एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गुड फ्राइडे के अवसर पर शुक्रवार को लोगों को शुभकामनाएं दीं। धनखड़ ने एक ट्वीट में लिखा, ''गुड फ्राइडे हमें मानवता के लिए ईसा मसीह द्वारा दिए गए महान बलिदान की याद दिलाता है। आइए इस दिन हम प्रभु ईसा द्वारा दिखाए गए करुणा, दया और क्षमा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।'' बिरला ने बधाई देते हुए एक ट्वीट में लिखा,''गुड फ्राइडे आभार व्यक्त करने और सर्वशक्तिमान के सामने अपना सिर झुकाने का दिन है। यह हमें प्रेम, दया और शांति के शाश्वत गुणों में अपने विश्वास को दोहराने का अवसर देता है। आज, आइए, हम मानवता की सेवा के लिए खुद को फिर से समर्पित करें और करुणा, सद्भाव और भाईचारे का संदेश फैलायें।'' मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह के बलिदान की भावना को याद किया है। उन्होंने ट्वीट किया, गुड फ्राइडे पर, हम उस बलिदान की भावना को याद करते हैं, जो प्रभु मसीह के पास थी। उन्होंने दर्द और पीड़ा को सहन किया, लेकिन वह सेवा और करुणा के अपने आदर्शों से कभी विचलित नहीं हुए। कामना है कि प्रभु मसीह के विचार लोगों को प्रेरणा देते रहें।

**प्रयास** यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति की एक और कोशिश

# चीनी राष्ट्रपति से फिर प्रयास करने को कहा

राष्ट्रीय खबर



**बीजिंग:** फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने कहा कि पश्चिम को बीजिंग को संकट को समाप्त करने में मदद करने और निरंतर बढ़ते तनाव को रोकने में मदद करनी चाहिए जो वैश्विक शक्तियों को युद्धरत गुटों में विभाजित कर सकती है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में रूसी आक्रमण ने अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता के लिए एक झटका लगाया है। मुझे पता है कि मैं रूस को तर्क और सभी को वार्ता की मेज पर वापस लाने के लिए आप पर भरोसा कर सकता हूं। मैक्रॉन ने शुरूआत में चीनी राष्ट्रपति के साथ खड़े शी से कहा। मैक्रॉन के साथ अपनी बैठक के बाद टिप्पणियों में, शी ने यूक्रेन और रूस से शांति वार्ता फिर से शुरू करने और यूक्रेन में युद्ध का राजनीतिक समाधान खोजने का आह्वान किया।

फ्रांस ने कहा कि नेताओं के बीच चर्चा स्पष्ट और रचनात्मक थी, जबकि चीन ने उन्हें दोस्ताना और गंभीर बताया। मैक्रॉन ने शी से परमाणु हथियारों के अप्रसार पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने के लिए रूस पर दबाव डालने को भी कहा। शी ने कहा कि सभी देशों को रूस का नाम लिए बिना परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करने की प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए। इससे पहले, मैक्रॉन ने कहा कि मैक्रोन की बीजिंग यात्रा के दौरान यूक्रेन में शांति निर्माण के प्रयास चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी चर्चा के केंद्र में होंगे। फ्रांसीसी सरकार के सूत्र ने कहा कि फ्रांस का मानना है कि रूस के साथ चीन के घनिष्ठ संबंधों के प्रकाश में, देश यूक्रेन में युद्ध में खेल के नियमों को बदलने में सक्षम कुछ देशों में से एक हो सकता है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन भी इस समय चीन की यात्रा पर हैं। उसने हाल ही में जोर दिया है कि यूक्रेन में युद्ध में चीन की भूमिका यूरोपीय संघ के साथ देश के संबंधों का एक महत्वपूर्ण निर्धारक होगी।

---

## न्यूज फटाफट

### नासा,स्पेसएक्स वायु गुणवत्ता उपकरण लॉन्च करेंगेः अमेरिका

**लॉस एंजिलिस :** अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) और यहां की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण को शुक्रवार को लॉन्च करने वाले हैं। एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने गुरुवार को बताया था कि ट्रोपोस्फेरिक एमिशन मॉनिटरिंग ऑफ पॉल्यूशन इंस्ट्रूमेंट (टेम्पो) नामक उपकरण को आज स्पेसएक्स फाल्कन-9 यान के साथ फ्लोरिडा के ब्रेवार्ड काउंटी में केप कैनावेरल पर स्थित केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से प्रक्षेपित किया जाएगा। टेम्पो पहला अंतरिक्ष-आधारित उपकरण है, जो उत्तर अमेरिकी प्रदूषण को उच्च रिजॉल्यूशन और घंटे के आधार पर मापेगा।

### चीन ने दो अमेरिकी संस्थाओं पर लगाये प्रतिबंध

**बीजिंग :** चीन ने शुक्रवार को हडसन इंस्टीट्यूट और रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी नामक दो अमेरिकी संस्थाओं पर एक-चीन सिद्धांत के कथित उल्लंघन को लेकर प्रतिबंध लगा दिया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि दोनों संस्थाओं ने ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन को अमेरिका के क्षेत्र में 'अलगाववादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए एक मंच और सुविधा' प्रदान की, जिससे 'एक-चीन सिद्धांत और 'चीन-अमेरिका के बीच तीन संयुक्त बयानों' के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन हुआ। मंत्रालय ने कहा कि इन कार्रवाइयों ने चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। चीनी विश्वविद्यालयों, संस्थानों, अन्य संगठनों और व्यक्तियों को शुक्रवार से इन संस्थाओं के साथ समझौते और आदान-प्रदान करने, सहयोग करने और अन्य गतिविधियां करने से सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है। संस्थाओं के चार प्रमुखों को चीन में प्रवेश करने और चीनी वीजा प्राप्त करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। चीनी संगठनों और व्यक्तियों पर उन प्रतिबंधित व्यक्तियों के साथ गतिविधियों में शामिल होने से रोक लगायी गयी है, जिनकी चीन में संपत्ति जब्त की जायेगी।

### दक्षिण अमेरिकी संघ में पुनः शामिल होगा अर्जेंटीना

**ब्यूनस आयर्स :** अर्जेंटीना आधिकारिक रूप से दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र संघ (यूएनएएसयूआर) में फिर से शामिल होगा,ताकि इसके संस्थागत पुनरोद्धार को बढ़ावा दिया जा सके और तेजी से एकीकृत क्षेत्र का निर्माण किया जा सके। अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो ने यह जानकारी दी। उन्होंने अर्जेंटीना के यूएनएएसयूआर में पुनः शामिल होने के निर्णय को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह अधिक अंतर-क्षेत्रीय व्यापार और विकास के लिए उच्च स्तर के सहयोग के साथ एकीकृत क्षेत्र को तेजी से मजबूत करेगा। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने 21 मार्च को राजधानी ब्यूनस आयर्स में पुएब्ला समूह और लैटिन अमेरिकी काउंसिल फॉर जस्टिस एंड डेमोक्रेसी के सदस्यों के साथ एक बैठक के दौरान क्षेत्रीय ब्लॉक में फिर से शामिल होने के निर्णय की घोषणा की थी। बैठक के अंत में उन्होंने कहा, लैटिन अमेरिका में हम सभी एक ही नाव में सवार हैं इसलिए हमें जल्द से जल्द यूएनएएसयूआर को पुनर्जीवित करना चाहिए। गौरतलब है कि अर्जेंटीना ने 2019 में ब्लॉक छोड़ दिया था। साल 2020 में उरुग्वे के संगठन से हटने के बाद केवल गुयाना, सूरीनाम, बोलीविया और वेनेजुएला संघ में रह गये थे।

### पेरिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बरसायीं लाठियां

**पेरिस :** पेरिस में पुलिस ने विवादास्पद पेंशन सुधार से नाराज प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियां बरसायीं और आंसूगैस तथा स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। सीजीटी ट्रेड यूनियन के अनुसार सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने की सरकार की योजना के खिलाफ प्रदर्शन के 11वें दिन हजारों की संख्या में लोगों ने फ्रांस की राजधानी में मार्च किया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की संख्या 57,000 से अधिक बतायी। यहां पर शाम ढलते ही बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी मध्य पेरिस के प्लेस डी इटली चौक पर जमा हो गए। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा गैस कनस्तरों में आग लगाने के बाद हिंसा भड़क गई और पुलिस हरकत में आई। तेरह अप्रैल को प्रदर्शन का आह्वान करने के साथ ही शाम करीब सात बजे धरना समाप्त हुआ। फ्रांस के आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने कहा कि पुलिस ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान हुई झड़पों में 111 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया और 154 अधिकारी घायल हुए। वहीं, बीएफएमटीवी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पुलिस ने पेरिस में 45 लोगों को हिरासत में लिया और 77 अधिकारी घायल हो गए।

### डे केयर सेंटर में मारे गए चार बच्चों को दफनाया गया

**साओ पाउलो :** दक्षिणी ब्राजील में एक डे केयर सेंटर पर हुए हमले में मारे गए चार बच्चों को गुरुवार को दफनाया दिया गया। पीड़ितों के परिजनों ने मीडिया से किनारा कर लिया और ब्राजील के शहर ब्लूमेनौ में एक छोटे, निजी अंतिम संस्कार का विकल्प चुना। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और इसे राक्षसी करतूत बताया है। ये सांता कैटरीना राज्य के ब्लुमेनौ में कैटिन्हो डो बोम्प पास्टर डे केयर में हुए थे। यहां पर 4-7 साल की उम्र के तीन मासूम बच्चों और एक बच्ची को डे केयर सेंटर में घुसकर एक व्यक्ति कुल्हाड़ी काट कर मौत के घाट उतार दिया। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में घायल हुए चार अन्य बच्चों को गुरुवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, लेकिन उनका मनोवैज्ञानिक इलाज चल रहा है। चौंकाने वाले हमले के बाद सांता कैटरिना के विभिन्न हिस्सों में स्कूलों ने गुरुवार को कक्षाओं को निलंबित कर दिया। हमलावर की पहचान 25 वर्षीय डिलीवरी मैन लुइज डी लीमा के रूप में हुई है और उसने अपराध कबूल कर लिया है।

### कोलोराडो में गोलीबारी,दो की मौत,एक घायल

**लॉस एंजिल्स :** अमेरिका के कोलोराडो राज्य में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकवुड पुलिस विभाग के अनुसार कोलोराडो की राजधानी डेनवर के दक्षिण-पश्चिम में स्थित सिटी ऑफ़ लेकवुड में स्थानीय समय के अनुसार पूर्वाह्न 11:52 पुलिस को गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस ने कहा, जब पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, तो तीन लोगों को गोली लगी हुई थी। एक की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से एक की की मौत हो गयी। वहीं दूसरे घायल के बचने की उम्मीद है। पुलिस ने कहा, पीड़ित तीनों पुरुषों के बीच संबंध का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन यह स्पष्ट है कि वे एक-दूसरे से किसी तरह परिचित थे। गुप्तचरों का मानना है कि इस घटना में एक चौथा व्यक्ति भी शामिल हो सकता है, जो पुलिस के मौके पर पहुंच ने से पहले ही वहां से भाग गया हो।

## आज का इतिहास

- 1801 : रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में हुई हिंसा में 128 यहूदियों की मौत।
- 1820 : दुनिया की सबसे मशहूर मूर्तियों में से एक वीनस डि मेलो की खोज हुई थी। इसे ग्रीस में एजिम सागर के पास खोजा गया था।
- 1831 : प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड पहुंचे।
- 1857 : विद्रोह के सिपाही मंगल पांडे को फांसी दी गई।
- 1859 : जर्मन फिलॉस्फर एडमंड हुसेरेल का जन्म हुआ। उन्हें फिनॉमलॉजी का जनक माना जाता है।
- 1894 : प्रसिद्ध बंगला कवि और वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चन्द्र चटर्जी का कलकत्ता 'अब कोलकाता' में निधन।
- 1912 : नील नदी में जहाजों के आपसी भिड़त के बाद इसमें सवार 200 से अधिक लोगों की डूबकर मौत।
- 1929 : भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली के सेंट्रल असेंबली हॉल में बम फेंके।
- 1938 : संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान का जन्म हुआ। अन्नान संयुक्त राष्ट्र के 7वें महासचिव थे।

## गोष्ठी का आयोजन

रांचीः ईस्ट वेस्ट सीडस इंडिया द्वारा ओरमांझी प्रखंड के बरतुआ गांव के विभिन्न विकासशील किसानों के खेतों में लगे तरबूज का रेड पेलव्टे का प्रदर्शन सह गोष्ठी का आयोजन किया गया। कंपनी के टेरेटोरी मैनेजर उमेश कुमार पाण्डेय ने किसानों को बताया कि ईस्ट वेस्ट सीडस कंपनी की पहचान अलग एवं उतम प्रकार के बीज होते हैं। जो आज किसानों के बीच उत्पादन तरबूज है। तरबूज की पहचान वजन और टिकाऊ से है।

श्रद्धांजलि

विधानसभा में अंतिम दर्शन को रखा गया,दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर

# विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ने दी दिवंगत शिक्षा मंत्री को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी का पार्थिव शरीर आज झारखंड विधान सभा परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। विधानसभा अध्यक्ष श्री रवींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी और राज्य सरकार में मंत्री श्री आलमगीर आलम, श्री चम्पाई सोरेन, श्री सत्यानंद भोक्ता, श्री बन्ना गुप्ता, श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, श्री बादल, श्री हफीजुल हसन, सांसद श्री विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी और पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधायक बाबूलाल मरांडी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



**विधायक गणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर अंतिम विदाई दी**

विधायक श्री स्टीफन मरांडी, श्री सरयू राय, श्री सरफराज अहमद, श्री मथुरा प्रसाद महतो, श्री इरफान अंसारी, श्री सुदिव्य कुमार सोनू, श्री जयमंगल सिंह, श्री मंगल कालिंदी, श्री राजेश कच्छप, श्रीमती दीपिका पांडेय, श्रीमती सविता महतो, श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, सुश्री अंबा प्रसाद, श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, श्री मनीष जयसवाल और श्री किशुन दास के अलावा विधानसभा के कई अन्य सदस्य गणों, मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना डाडेल, प्रधान सचिव श्री अजय कुमार सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे सहित कई वरीय पदाधिकारी गणों ने दिवंगत जगरनाथ महतो जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

**चेन्नई से पहुंचा पार्थिव शरीर, रांची एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री रहे मौजूद**

इससे पूर्व सवेरे चेन्नई से दिवंगत मंत्री जगन्नाथ महतो का पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट लाया गया। यहां तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कंधा दिया। दिवंगत जगन्नाथ महतो के पार्थिव शरीर को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से विधानसभा परिसर लाया गया ,जहां सभी ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर नमन किया।

बेटे ने बाप से कहा-मेरी पत्नी को मार डालो ससुराल वालों ने बहू का गला घोंटा

# पोतों ने देखा तो दादा ने उनकी भी कर दी हत्या

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र स्थित बगदा घाटी के जंगल से बरामद शव ममता देवी, दो बच्चे आर्यन और यशराज की हत्या में महिला के ससुर कमल राम, पति विजेद्र राम, सास कोशिला देवी और छोटी बहू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस शुक्रवार को प्रेस काफ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा करेगी। आरोपी ससुर ने ही पत्नी और छोटी बहू के साथ मिलकर ममता देवी और उसके दोनो बच्चों की हत्या की थी। अवैध संबंध की वजह से इस वारदात को अंजाम दिया गया। आरोप है कि विजेद्र राम का पड़ोसी शंकर साहू से ममता देवी का अवैध संबंध था। शंकर साहू पड़ोसी होने के नाते विजेद्र का घर आना जाना करता था। विजेद्र राम और ममता की शादी करीब दस वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद ममता जब ठाकुरगांव स्थित ससुराल में रहने लगी तो शंकर और ममता के बीच जान पहचान हो गया। वही विजेद्र राम मुंबई में नौकरी करता था। शंकर और ममता के बीच जान पहचान अवैध संबंध तक पहुंच गया। इसकी भनक ममता देवी के पति सहित ससुराल के अन्य लोगों को लगी। बीते 2 अप्रैल को ममता घर से निकली दूसरे दिन देर रात घर लौटी। इस बात को लेकर विवाद हो गया। इसी क्रम में ससुराल के लोगों ने ममता देवी का गला दबाकर हत्या कर दिया। हो हल्ला सुनकर दोनो बच्चे जग गये, और चिल्लाने लगे। तो दोनो बच्चो की हत्या गला दबाकर कर दी।पुलिस को पुछताछ में ममता देवी के ससुर ने बताया कि माहिला के अवैध संबंध की जानकारी विजेद्र को भी थी।

नासिक से फोन कर विजेद्र ने हत्या की बात कही थी। 4 अप्रैल को विजेद्र नासिक से घर पहुंचा था। इसके बाद पत्नी बच्चो के गुमशुदगी का मामला बासल थाना में दर्ज कराया था।

# भानु प्रताप शाही के मामले में सीबीआई ने जवाब के लिए मांगा समय



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण खरीद मामले में आरोपी पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल निर्धारित की है। दरअसल, भानु प्रताप शाही ने निचली अदालत द्वारा इस मामले में डिस्चार्ज पिटिशन खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। वर्ष 2017 में निचली अदालत ने उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। मामले को लेकर सीबीआई ने कांड संख्या संख्या आरसी 11/ 2009 दर्ज किया था। दरअसल, केंद्र सरकार की स्कीम मेडिकल हेल्थ मिशन के तहत वर्ष 2008-2009 में अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण की खरीद हुई थी।

इस मामले में षड्यंत्र के तहत पैसे लेने का आरोप भानु प्रताप शाही पर लगा है। उस समय भानु प्रताप झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री थे। प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया है कि इस मामले में एफआईआर में इनका नाम नहीं है, लेकिन सीबीआई की चार्जशीट में भानु प्रताप का नाम शामिल है। इस मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार भी आरोपी हैं।

# दाहू यादव ने ईडी कोर्ट द्वारा जारी वारंट को हाईकोर्ट में दी चुनौती

**रांची :** झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले से जुड़े पंकज मिश्रा के सहयोगी राजेश यादव उर्फ दाहू यादव की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। दाहू यादव एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है।दरअसल, दाहू यादव ने ईडी कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट एवं कुर्की करने के लिए जारी वारंट को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी कोर्ट ने 30 अप्रैल को दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया है। कई बार समन के बाद भी दोनों ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे, जिसके बाद सबसे पहले उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया, फिर इश्तेहार की कार्रवाई हुई और बाद में उनकी संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया गया है। दाहू यादव पहली बार 18 जुलाई 2022 को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर हुआ था। बाद में ईडी पंकज मिश्रा और उसे आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करना चाहती थी। इसके लिए उसे समन किया गया था, लेकिन दाहू यादव ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ था। दाहू के बेटे राहुल और पिता पशुपति यादव के खिलाफ भी ईडी ने गैर जमानती वारंट लिया है।

# अलकतरा घोटालाः छह आरोपियों को 8 मई को हाजिर होने के लिए समन जारी



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** चर्चित अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब ईडी कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलेगा। इस मामले में ईडी ने 6 आरोपियों महेश मेहरा एवं नागवंत पांडेय सहित कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, कौशल्या टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड, बंगाल केडीसी हाउसिंग डेवलपमेंट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। जिस पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को 8 मई को कोर्ट में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है। इस मामले में ईडी ने ईसीआईआर 3/2023 दर्ज किया है। दरअसल, वर्ष 2021 में ईडी ने झारग्राम में कौशल्या हेरिटेज होटल को जप्त किया था। कंपनी ने 59 रसीद जमा की थी। इसमें से 33 रसीद ही सही मिली थी। 560.959 मैट्रिक टन अलकतरा से संबंधित 1.08 करोड़ वाली रसीद फर्जी पाई गई थी।




### पाक महीने का तीसरा जुम्मा, मस्जिदों में अदा की गई नमाज

रांची : शुक्रवार को राज्य भर के मस्जिदों में रमजान महीने के तीसरे जुम्मे पर नमाज अदा की गयी। दोपहर एक बजे रांची के जामा मस्जिद, चांदनी मस्जिद, रंगसाद मस्जिद, मस्जिदें रजा मस्जिद, एकरा मस्जिद में हजारों मुसलमानों ने एक साथ नमाज अदा की। सुख-शांति की कामना की। इस दौरान चांदनी मस्जिद के इमाम उमर फारुख हाशमी ने कहा कि सभी मुसलमान भाई देश में अमन चैन और शांति बना कर अल्लाह से दुआ मांगें। गरीब लोगों की सेवा करें। अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए भी अल्लाह से दुआ मांगें। मस्जिद ए राजा मस्जिद के अख्तर राचवी ने कहा कि कठिन हालात में भी मुसलमान भाई मस्जिद में सिर झुकाकर नमाज अदा करें। नूर मस्जिद के सदर रजब अली ने सभी लोगों की सलामती की दुआ मांगी।

# झारखंड पुलिस लूटे गए हथियार लगातार कर रही बरामद

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**झारखंड में एक समय ऐसा भी था जब लाल आतंक का झंडा काफी बुलंद हुआ करता था। उस बुलंदी के दौर में भाकपा माओवादियों के द्वारा बड़े पैमाने पर पुलिस पर हमला कर उनके हथियार लूटे गए और उसी हथियार से पुलिस को चुनौती दी गई, लेकिन आज का दौर कुछ और है। बेहतरीन अभियान के बल पर न सिर्फ पुलिस ने अपने लुटे हुए अधिकांश हथियारों को बरामद कर लिया है, वहीं हथियार तस्करों पर इतना नकेल कस दिया है कि माओवादियों के पास हथियारों की भारी कमी हो गई है।बिहार से झारखंड जब अलग हुआ था, तब झारखंड में लाल आतंक के साम्राज्य को कायम करने के लिए हथियारों की बेहद जरूरत थी। ऐसे में सबसे ज्यादा उस समय पुलिस पर हमले हुए, क्योंकि नक्सलियों को हथियार लूटना था। एक हद तक नक्सली इसमें कामयाब भी हुए और एके-47, एसएलआर जैसे घातक हथियार पुलिस से लूट ले गए, लेकिन अब नक्सलियों का वह साम्राज्य खत्म होने के कगार पर है। दूसरी तरफ पुलिस न सिर्फ अपने लुटे हुए हथियारों को बरामद कर रही है, बल्कि सूद के रूप में नक्सलियों के द्वारा जमा करके रखे गए हथियारों और विस्फोटकों को भी जब्त कर रही है। पिछले दो वर्षों के आंकड़ों पर गौर करते हैं तो आपको यह पता चलेगा कि पुलिस ने नक्सलियों को कितना चोट पहुंचाया है। साल 2020 से लेकर साल 2022 तक पुलिस के लिए नक्सलवाद के खिलाफ स्वर्णिम युग रहा है। इस दौरान बेहतर रणनीति के बल पर नक्सलियों को हर फ्रंट पर पुलिस ने मात दी है। एक जनवरी 2020 से लेकर छह अप्रैल 2023 तक झारखंड पुलिस ने अपने अदम्य साहस के बल पर नक्सलियों से अपने 130 हथियार वापस छीन लिए। 130 हथियारों में एके 47 सहित कई एसएलआर राइफल भी शामिल हैं, जिन्हें नक्सलियों ने पुलिस पर हमला करके लूट लिए थे, लेकिन अब पुलिस इन सभी को बरामद कर चुकी है।





योजना

राज्य में भवन नियमितीकरण योजना को लेकर 12 अप्रैल को बैठक

# राजधानी के एक लाख 88 हजार भवन को करना है नियमित

- नगर विकास विभाग को मामले में सुझाव भी दिया गया है
- 15 मीटर तक उंची जी थ्री प्लस भवनों को इसके तहत नियमित किया जायेगा



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्य में भवन नियमितीकरण योजना को लेकर 12 अप्रैल को बैठक होने वाली है। इस लेकर व्यापारिक और भवन निर्माण संगठनों ने भी समीक्षा की है। वहीं, नगर विकास विभाग को मामले में सुझाव भी दिया गया है। जिसमें झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, क्रेडाई, बिल्डर्स एसोसियेशन ऑफ इण्डिया, आर्किटेक्ट एसोसिएशन के अलावा अन्य कई संगठनों शामिल है। इन संगठनों की मानें तो भवन नियमितीकरण योजना लागू होने से सिर्फ राजधानी में लगभग एक लाख 88 हजार 800 भवन नियमित होंगे। साल 2019 में भी भवन नियमितीकरण योजना लायी गयी थी, लेकिन नियमितीकरण शुल्क अधिक होने के कारण योजना को तब वापस कर दिया गया था। सभी संगठनों ने एकजुट होकर सुझाव दिया है कि 2022 में लायी गयी योजना का क्रियान्वयन जल्द किया जाना चाहिये। जिससे सालों से लंबित आवासों को नियमित किया जा सकें। नीति सरल होने से भवनों को नियमित करने में आसानी होगी। योजना के प्रभावी होने के बाद लाखों की संख्या में आवेदन प्राप्त होंगे। जिसकी पूर्व से तैयारी होनी चाहिये। योजना को जिला परिषदों और औद्योगिक क्षेत्रों में भी लागू करने, नक्शा सेंक्शन करने के लिए या नियमितीकरण के लिए जमीन के न्यूनतम दस्तावेज लेने सहित कई अन्य सुझाव भी दिये गये हैं। राज्य सरकार ने नवंबर 2022 को भवन नियमितीकरण योजना को स्वीकृति दी थी। योजना के तहत नियमित किये जाने वाले भवनों पर बिल्डिंग बायलॉज के नियम लागू नहीं होगें। 15 मीटर तक उंची जी थ्री प्लस भवनों को इसके तहत नियमित किया जायेगा। अवैध जमीन में बने भवनों को नियमित नहीं किया जायेगा। राज्य में तीसरी बार है जब भवन नियमितीकरण के लिये योजना बनायी गयी है। साल 2011 में भी योजना को अधिसूचित किया गया था। वहीं, साल 2019 में नीतिगत खामियों और अधिक शुल्क के कारण योजना लागू नहीं हुई।